संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, शनिवार, 30 मार्च 2024 | ₹2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 09 अंकः 87 पृष्ठः 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com
हरियाणा संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी हो रही है। शुक्रवार (29 मार्च) को राज्य के सोनमर्ग के हंग इलाके में एवलांच हुआ। वही रामबन में एक्सीडेंट हुआ जिसमें अब तक 10 यात्रियों के शव खाई में से निकाल लिए गए हैं।

### आदर्श विचार



"जो मुझे सर्वत्र देखता है और सब कुछ मुझमें देखता है।"
-भगवद् गीता

### मन की बात



"संगति आप को ऊंचा उठा भी सकती है और यह आप की ऊंचाई से गिरा भी सकती है।"
-स्वामी विवेकानंद




# लोकतंत्र का हो रहा चीरहरण: राहुल

= राहुल बोले- सरकार बदलेगी तो लोकतंत्र का चीरहरण करने वालों पर कार्रवाई होगी, ये मेरी गारंटी

**नोटिस जारी**

**8 इनकम टैक्स विभाग ने कांग्रेस को 1700 करोड़ रुपए का नया डिमांड नोटिस जारी किया**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कांग्रेस को मिले इनकम टैक्स विभाग के नोटिस पर राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि जब सरकार बदलेगी तो लोकतंत्र का चीरहरण करने वालों पर कार्रवाई जरूर होगी। कार्रवाई ऐसी होगी कि दोबारा फिर किसी की हिम्मत नहीं होगी, ये सब करने की। ये मेरी गारंटी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर हैशटैग हुए यह बात कही। दरअसल, इनकम टैक्स विभाग ने सुबह कांग्रेस को 1700 करोड़ रुपए का नया डिमांड नोटिस जारी किया। यह डिमांड नोटिस 2017-18 से 2020-21 के लिए है। इसमें जुर्माने के साथ ब्याज भी शामिल हैं। नए नोटिस को लोकसभा चुनाव से पहले नकदी संकट से जूझ रही कांग्रेस के लिए झटका माना जा रहा है। एक दिन पहले 28 मार्च को ही दिल्ली हाईकोर्ट ने टैक्स असेसमेंट को लेकर दायर कांग्रेस की याचिका खारिज कर दी थी।

**2017-18 में भाजपा ने 42 करोड़ रुपए की जानकारी नहीं दी:** नोटिस मिलने के बाद शुक्रवार दोपहर में कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। अजय माकन ने दावा किया, 'कल हमें आयकर विभाग से 1823 करोड़ रुपए का भुगतान करने के लिए नोटिस आए हैं। ये पांच सालों के टैक्स का नोटिस है। वह तीन और सालों का बना रहे हैं। इस नोटिस में सीताराम केसरी के समय की 35 करोड़ की डिमांड भी शामिल है। उन्होंने कहा कि जिस मापदंडों के आधार पर कांग्रेस को जुर्माने के नोटिस दिए गए हैं, उन्हीं के आधार पर भाजपा से 4600 करोड़ रुपए की वसूली करनी चाहिए। 2017-18 में हमारे 14 लाख रुपए के वॉयलेशन के ऊपर भाजपा के इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने 135 करोड़ रुपए कांग्रेस के बैंक खाते से छीनकर ले गए। 2017-18 में ही भाजपा को 1 हजार 297 लोगों ने करीब 42 करोड़ रुपए का चंदा दिया। भाजपा ने इन लोगों का सिर्फ नाम लिखा और छोड़ दिया। इसके अंदर नाम और पता दोनों जानकारी देनी होती है।

### 3 याचिकाएं पहले भी खारिज हो चुकीं

25 मार्च को भी कोर्ट ने कांग्रेस की तीन याचिकाएं यह कहते हुए खारिज कर दी थीं कि कांग्रेस ने मूल्यांकन पूरा होने का समय खत्म होने से कुछ दिन पहले और प्रोसिडिंग के लास्ट स्टेज में कोर्ट में अपील करने का विकल्प चुना है। 8 मार्च को कोर्ट ने इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल के आदेश को बरकरार रखा था। ट्रिब्यूनल ने 2018-19 के लिए 100 करोड़ रुपए से ज्यादा के बकाया टैक्स की वसूली के लिए कांग्रेस को जारी डिमांड नोटिस पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। अकाउंट्स फ्रीज करने के बाद कांग्रेस पहले से ही पैसों की कमी से जूझ रही है। हाईकोर्ट से कोई राहत न मिलने के बाद यह कयास लगाए जा रहे हैं कि पार्टी सुप्रीम कोर्ट जा सकती है।



### 4600 करोड़ रुपए की पेनल्टी बीजेपी के ऊपर लगनी चाहिए: माकन

**माकन** ने कहा कि बीजेपी की जितनी भी वॉयलेशंस हैं, उन्हें हम लोगों ने सारी की सारी वॉयलेशंस को उसी पैरामीटर से एनालाइज किया जिस तरह इन्होंने हमें किया। उसके ऊपर कितना इनकम टैक्स लगना चाहिए और कितना इंटरेस्ट (ब्याज) लगना चाहिए। पिछले 7 सालों का जो हम लोगों ने हिसाब लगाया है। उसके मुताबिक 4600 करोड़ रुपए की पेनल्टी बीडेपी के ऊपर लगनी चाहिए।

**कांग्रेस से 1823 करोड़ रुपए की डिमांड की गई:** माकन ने कहा कि जब कांग्रेस अध्यक्ष सीताराम केसरी जी थे। यानी 1993-94 के नोटिस हमें भेजे जा रहे हैं। हमें 53.9 करोड़ का डिमांड भेजा गया है। इस तरह से पिछले 5 साल और 3 साल का डिमांड और बनाया जा रहा है। कुल मिलाकर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने कांग्रेस से 1823 करोड़ रुपए की डिमांड की है। ये कहां का लेबल प्लेइंग फील्ड है। अगर नियम सबके लिए बराबर हैं तो भाजपा से 4600 करोड़ रुपए की डिमांड जारी करनी चाहिए।

**खातों में कई लेन-देन बेहिसाब थे: दिल्ली हाईकोर्ट**
कांग्रेस ने चार साल (2017-18, 2018-19, 2019-20 और 2020-21) के लिए इनकम टैक्स रीअसेसमेंट प्रोसिडिंग शुरू करने के खिलाफ याचिका दायर की थी। दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस यशवंत वर्मा और जस्टिस पुरुषेंद्र कौरव की बेंच ने 28 मार्च को याचिका खारिज करते हुए कहा था कि कांग्रेस के खातों में कई बेहिसाब लेनदेन थे। इनकम टैक्स अधिकारियों के पास टैक्स असेसमेंट पर एक्शन लेने के लिए ठोस सबूत थे, इसलिए एक्शन लिया गया है। कांग्रेस ने दिल्ली हाईकोर्ट में यह याचिका चार साल (2017-18, 2018-19, 2019-20 और 2020-21) के लिए इनकम टैक्स रीअसेसमेंट प्रोसीडिंग शुरू करने के खिलाफ दायर की थी।



## 31 मार्च को दिखेगी विपक्षी एकजुटता

### महारैली करने की मिली अनुमति, राहुल गांधी समेत कई नेता होंगे शामिल

**शक्ति प्रदर्शन**

**8 दिल्ली पुलिस ने इस महारैली को लेकर एनओसी जारी कर दिया है। 20 हजार लोगों के जुटने की अनुमति दी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आप) को राम लीला मैदान में महारैली करने की अनुमति मिल गई है। इसमें इंडिया गठबंधन के तमाम दिग्गज नेता शामिल होंगे। इसमें मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, शरद पवार, अखिलेश यादव, महबूबा मुफ्ती शामिल हैं। बता दें, सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद आप ने इस महारैली की घोषणा की थी। दिल्ली पुलिस ने इस महारैली को लेकर एनओसी जारी कर दिया है। इसमें पुलिस ने 20 हजार लोगों के जुटने की अनुमति दी है। इसकी अवधि साढ़े पांच घंटे की होगी। यह रैली साढ़े 9 बजे से लेकर 2 बजे तक चलेगी। इसके लिए रामलीला मैदान में लाउडस्पीकर के साथ रैली को तमाम नेता संबोधित कर सकेंगे। 'तानाशाही हटाओ, लोकतंत्र बचाओ' महारैली का नारा होगा।

**रैली में ये नेता होंगे शामिल:** मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, शरद पवार , उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव,तेजस्वी यादव, डेरेक ओब्रॉय, डीएमके, फारूक अब्दुल्ला, चंपई सोरेन, सीता राम येचुरी, डी राजा, दीपांकर, जी देवराजन, भगवंत मान, महबूबा मुफ्ती।

## '400 पार के लक्ष्य में अमरावती भी शामिल'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: अमरावती से** भाजपा उम्मीदवार नवनीत राणा ने शुक्रवार को अपने पति रवि राणा के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से दिल्ली में मुलाकात की। वहीं, अमित शाह से मिलने के बाद उन्होंने कहा कि मैं जीवन में एक नई पारी की शुरूआत कर रही हूं।

## 'देश नवीकरणीय ऊर्जा में तेजी से विकास कर रहा'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने हाल ही में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लेकर स्वास्थ्य, क्लाइमेट और रीसाइक्लिंग समेत कई मुद्दों पर बेहद खास चर्चा की। पीएम मोदी और बिल गेट्स की इस चर्चा का एक वीडियो रिलीज किया गया है। इस वीडियो में पीएम मोदी ने भारत में टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और रीसाइक्लिंग को लेकर दिल खोलकर बात की। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिल गेट्स को अपने भविष्य के लक्ष्यों के बारे में भी बताया।

**पीएम मोदी ने बिल गेट्स को सुनाया रोचक किस्सा:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत पवन और सौर ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में अपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को बढ़ाने में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। भारत परमाणु ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन में तेजी से आगे बढ़ना चाहता है। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने कचरे के पुनर्चक्रण की भारत की संस्कृति के बारे में बात की। पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने जो जैकेट पहनी है, वह रिसाइकिल सामग्री से बनी है।



**खास चर्चा**

**8 भारत पवन और सौर ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में अपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को बढ़ाने में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है**

**रिसाइकिल सामग्री से बनी जैकेट पहनते हैं पीएम:** पीएम मोदी ने कहा कि इसकी खासियत यह है कि इसमें कपड़े के छोटे-छोटे टुकड़ों और रिसाइकिल प्लास्टिक की बोतलों का उपयोग किया गया है।

## 'पूर्व पीएम मनमोहन से माफी मांगे भाजपा'

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबई।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने यूपीए सरकार (मनमोहन सिंह सरकार) के दौरान एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइंस के विलय से बनी कंपनी एनएसीआईएल द्वारा विमानों को लीज पर देने में कथित अनियमितताओं की जांच को लेकर क्लोजर रिपोर्ट दायर कर दी है। सीबीआई को इस मामले में 'किसी गलत काम का कोई सबूत' नहीं मिला है। सीबीआई द्वारा क्लोजर रिपोर्ट दायर करने के बाद शिवसेना नेता संजय राउत ने भाजपा से पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह से माफी मांगने को कहा है। मीडिया से बात करते हुए सांसद संजय राउत ने कहा कि भाजपा ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान नागरिक उड्डयन क्षेत्र में कथित भ्रष्टाचार पर जमकर हंगामा किया था।

## 'न्यायपालिका पर हमें दुनिया लेक्चर न दे'

**मांग**

**8 भारत की न्यायिक व्यवस्था बेहद मजबूत, निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं हमेशा तैयार है: उपराष्ट्रपति जगदीप**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर जर्मनी और अमेरिका की ओर से टिप्पणियों की पृष्ठभूमि में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस बात की आलोचना की है कि दुनिया के लोग भारत को उसकी न्यायिक व्यवस्था पर लेक्चर देने की कोशिश कर रहे हैं। बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धनखड़ ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मामले का जिक्र किए बिना कहा कि भारत की न्यायिक व्यवस्था बेहद मजबूत, निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं हमेशा तैयार है। उपराष्ट्रपति ने कहा, "दुनिया में ऐसे लोग हैं जो हमें हमारे न्यायिक आचरण पर लेक्चर देना चाहते हैं।" उन्होंने कहा, "नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) पर एक नरैटिव बनाया जा रहा है।




## टीडीपी ने चार लोकसभा सीटों पर की उम्मीदवारों की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**अमरावती:** तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) ने शुक्रवार को नौ विधानसभा और चार संसदीय सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों की अंतिम सूची की घोषणा कर दी। तेदेपा ने हाल ही में वाईएसआर कांग्रेस छोड़कर पार्टी में शामिल हुए सांसद एम. श्रीनिवासुलु रेड्डी को ओंगोल सीट से मैदान में उतारा है। गत 2019 में वह इसी संसदीय क्षेत्र से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए थे।

आंध्र प्रदेश में 13 मई को लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होने हैं। प्रदेश में 25 लोकसभा और 175 विधानसभा सीटें हैं।

**विजयनगरम संसदीय सीट से के. अप्पलानायडू:** आंध्र प्रदेश की मुख्य विपक्षी पार्टी ने विजयनगरम संसदीय सीट से के. अप्पलानायडू, अनंतपुर से ए. लक्ष्मीनारायण और कडपा से सी. भूपेश को उम्मीदवार बनाया है।

## असम: चार जिलों में अफस्पा छह महीने के लिए बढ़ाया गया

**तिनसुकिया, डिब्रूगढ़, चराइदेव और शिवसागर में अफस्पा एक अप्रैल से छह माह के लिए प्रभावी रहेगा**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गुवाहाटी:** असम सरकार ने चार जिलों में छह माह के लिए सशस्त्र बल (विशेष अधिकार) अधिनियम, 1958 (अफस्पा) बढ़ा दिया है। राज्य सरकार के राजनीतिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर कहा कि अशांत क्षेत्र तिनसुकिया, डिब्रूगढ़, चराइदेव और शिवसागर में अफस्पा आगामी एक अप्रैल से छह माह के लिए प्रभावी रहेगा।

**सशस्त्र बलों को कहीं भी आपरेशन चलाने का अधिकार:** यह अधिनियम सशस्त्र बलों को कहीं भी आपरेशन चलाने और बिना वारंट किसी को भी गिरफ्तार करने का अधिकार देता है।

यह गलत संचालन पर सुरक्षा बलों को निश्चित स्तर की प्रतिरक्षा भी प्रदान करता है। एक अधिकारी ने बताया कि हाल ही में असम पुलिस ने इन चार जिलों में एक उग्रवादी संगठन के सक्रिय होने की रिपोर्ट दी थी।



**अधिकार**

**8 सशस्त्र बलों को कहीं भी आपरेशन चलाने और बिना वारंट किसी को भी गिरफ्तार करने का अधिकार देता है**

## मैं नामांकन दाखिल करूंगा: पप्पू यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**पटना:** महागठबंधन ने सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय हो गया है। राजद जहां 26 सीटों पर लड़ रही है, वहीं कांग्रेस नौ सीटों पर चुनाव लड़ती हुई नजर आएगी। बिहार की सबसे चर्चित पूर्णिया लोकसभा सीट पर भी फैसला हो गया है। लालू यादव ने यहां से बीमा भारती को राजद से उम्मीदवार बनाया है। बीमा भारती की उम्मीदवारी तय होने के बाद पप्पू यादव का बड़ा बयान सामने आया है। पप्पू यादव ने आगे कहा कि पूर्णिया की जनता मेरे हाथों में कांग्रेस का झंडा देखना चाहती है। पूर्णिया से मेरे चुनाव लड़ने का फैसला कांग्रेस नेतृत्व को लेना है। कांग्रेस नेतृत्व के निर्णय के बाद मैं पूर्णिया से अपना नामांकन दाखिल करूंगा।

**चुनावी घमासान**

**8 लालू ने यहां से बीमा को राजद से उम्मीदवार बनाया है। पप्पूने भी नामांकन भरने का ऐलान किया**

**सियासत**

शुक्रवार को सुनीता ने 'केजरीवाल को आशीर्वाद' अभियान शुरू किया

## राबड़ी की राह पर चल रहीं सुनीता केजरीवाल: हरदीप सिंह पुरी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली शराब** घोटाले में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से सीएम पद को लेकर सियासत तेज है। इस बीच, केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल खासी सक्रिय हो गई हैं। शुक्रवार को सुनीता ने 'केजरीवाल को आशीर्वाद' अभियान शुरू किया। उन्होंने एक व्हाट्सएप नंबर जारी कर आमजन से अरविंद केजरीवाल का समर्थन करने की अपील की है। उनकी सक्रियता को देखते हुए केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने सुनीता केजरीवाल पर तंज कसा है। हरदीप पुरी ने कहा कि सुनीता केजरीवाल ने दिल्ली की मुख्यमंत्री बनने के लिए अपनी तैयारी शुरू कर दी है।

**हरदीप पुरी ने लगाए गंभीर आरोप:** केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कहा कि सुनीता केजरीवाल ने अब अपने पति का पद संभालने की तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने अपने साथियों को पीछे छोड़ दिया है। पुरी ने बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी से केजरीवाल की तुलना करते हुए कहा कि आप बिहार में ये पहले भी देख चुके हैं। वहां राबड़ी देवी ने लालू यादव के जेल जाने के बाद सीएम की कुर्सी संभाली थी। राजधानी दिल्ली में भाजपा के चुनाव कार्यालय के उद्घाटन के मौके पर केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने कहा, 'आप जिस मैडम का नाम ले रहे हैं, वह शायद बिहार में राबड़ी देवी की तरह पद संभालने की तैयारी कर रही हैं।' इस दौरान हरदीप पुरी ने दिल्ली में आप-कांग्रेस गठबंधन को लेकर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि वे भ्रष्टाचार से लड़ने का वादा करके राजनीति में आए थे। अब उन्होंने सबसे भ्रष्ट पार्टी कांग्रेस के साथ गठबंधन किया है। वे भाजपा को चुनौती नहीं दे सकते। कांग्रेस ने तो अभी यहां उम्मीदवार के नाम जारी नहीं किए हैं।



**तंज कसा**

**8 'आप जिस मैडम का नाम ले रहे हैं, वह शायद बिहार में राबड़ी देवी की तरह पद संभालने की तैयारी कर रही हैं'**

**दिल्ली में बढ़े प्रदूषण को लेकर आप पर लगाए आरोप**
आगे हरदीप पुरी ने प्रदूषण को लेकर आप सरकार को दोषी ठहराया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आप के शासन में लोग प्रदूषित हवा में सांस लेने को मजबूर हैं और पार्टी आरोप-प्रत्यारोप में लगी हुई है। पुरी ने आगे कहा कि दिल्ली में प्रदूषण को लेकर पहले ये लोग पंजाब की सरकार को दोषी ठहराते थे। अब तो वहां भी इन्हीं की पार्टी की सरकार है।

**केजरीवाल को कोर्ट से नहीं मिली थी राहत:** अरविंद केजरीवाल को राउज एवेन्यू कोर्ट से राहत नहीं मिली। अदालत ने ईडी रिमांड चार दिन के लिए बढ़ा दी। सुनवाई के दौरान रिमांड बढ़ाने की मांग करते हुए जांच एजेंसी के वकील ने कहा कि मुख्यमंत्री जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं।

## वायुसेना की क्षमता होगी दोगुनी, नए तेजस लड़ाकू विमान को देख कांप उठेंगे दुश्मन

**सफल उड़ान**

**8 संपूर्ण स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान तेजस के एमके1ए वैरिएंट के पहले विमान एलए 5033 ने सफल उड़ान भरी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**बेंगलुरु: भारत** ने रक्षा विमानन क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम बढ़ाया है। बीते दिन 4.5 पीढ़ी के संपूर्ण स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान तेजस के एमके1ए वैरिएंट के पहले विमान एलए 5033 ने सफल उड़ान भरी।



**तेजस एमके1ए ने भरी सफल उड़ान, हवा में 18 मिनट बिताए:** बेंगलुरु में हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के हवाईअड्डे से इसका परीक्षण किया गया। यह विमान लगातार 18 मिनट तक हवा में रहा। रक्षा क्षेत्र की सरकारी कंपनी एचएएल ने बताया कि तेजस एमके1ए विमान ने हवा में 18 मिनट बिताने के बाद सुरक्षित लैंडिंग की। इस उड़ान का संचालन चीफ टेस्ट पायलट ग्रुप कैप्टन के-के वेणुगोपाल (सेवानिवृत्त) ने किया।

**विमान में ये होंगी सुविधाएं:** तेजस एमके1ए को जल्द ही वायुसेना में शामिल किया जाएगा, जिससे वायुसेना की क्षमता दोगुनी हो जाएगी। एचएएल की मानें तो तेजस एमके1ए में उन्नत इलेक्ट्रानिक रडार, युद्ध और संचार प्रणाली, बेहतर युद्ध क्षमता और बेहतर सुविधाएं होंगी।

# रक्षा सचिव ने भारतीय तटरक्षक सुविधा केंद्रों का दौरा किया

## ओखा में होवरक्राफ्ट रखरखाव इकाई के बुनियादी ढांचे का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने उत्तर पश्चिम क्षेत्र में भारतीय तटरक्षक सुविधा केंद्रों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ओखा में होवरक्राफ्ट रखरखाव इकाई (एचएमयू) के लिए बुनियादी ढांचे का उद्घाटन किया। उनकी पत्नी गायत्री अरमाने ने शुक्रवार को इनज विलेज वेरावल में तटरक्षक आवासीय क्षेत्र के आवासों का उद्घाटन किया। रक्षा सचिव ने राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा करने में आईसीजी की भूमिका को सराहा। गुजरात के तट, कच्छ की खाड़ी, अधिकार क्षेत्र में आने वाले 50 द्वीपों के उथले पानी और आर्द्रभूमि की निगरानी के लिए ओखा और जखाऊ में होवरक्राफ्ट तैनात



किए गए हैं। एचएमयू समय-समय पर तकनीकी सहायता, रखरखाव और मरम्मत की सुविधा देकर किसी भी परिचालन आवश्यकता को पूरा करने के लिए हमेशा तैयार स्थिति में रहेगी। इस एचएमयू में तकनीकी सहायता के लिए पार्किंग, कार्यालय भवन, कार्यशाला और रखरखाव क्षेत्र शामिल हैं। उद्घाटन किए गए इनज विलेज वेरावल में तटरक्षक आवासीय क्षेत्र में 60 आवास, सभी मौसम में कार्यरत एक हेलीपैड, अधीनस्थ अधिकारियों और नाविकों के लिए आवास, एक परेड ग्राउंड और एक भोजनालय शामिल हैं। वेरावल में हेलीपैड होने से विभिन्न कार्यों के लिए रणनीतिक फायदा मिलेगा। इसमें समुद्री आपात स्थिति, खोज और बचाव कार्य और निगरानी गतिविधियों को चलाना शामिल है। आईसीजी क्षेत्रीय मुख्यालय (उत्तर पश्चिम) 16 दिसंबर, 2009 को गांधीनगर में स्थापित किया गया था। यह गुजरात, दमन और दीव के समुद्री क्षेत्रों में आईसीजी के अनिवार्य चार्टर को निष्पादित करता है। आईसीजी बर्थिंग और अन्य बुनियादी ढांचे के विकास पर केंद्रित है, जो उन्नत सतह और हवाई प्लेटफार्मों के संचालन के लिए सुविधाओं से लैस करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वाडिनार में हाल ही में उद्घाटन की गई जेट्टी के अलावा आईसीजी ओखा में 200 मीटर जेटी के साथ पोरबंदर में 100 मीटर जेटी विस्तार और मुंद्रा में 125 मीटर जेटी का निर्माण भी कर रहा है। कार्यक्रम में भारतीय तटरक्षक बल के महानिदेशक राकेश पाल तटरक्षक क्षेत्र (एनडब्ल्यू) के महानिरीक्षक कमांडर एके हरबोला के साथ-साथ केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारी उपस्थित थे।

# सिट्रोएन ने एसयूवी कूपे, बोल्ड डिजाईन और स्पेस के साथ लॉन्च की नयी बैसाल्ट विजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** सिट्रोएन ने सिट्रोएन बैसाल्ट विजन की पहली झलक पेश की।यह नया एसयूवी कॉन्सेप्ट भारत और दक्षिण अमेरिका में 2024 की दूसरी छमाही में ब्रांड की श्रृंखला का हिस्सा बन जाएगा।यह शक्तिशाली और स्टाईलिश नया मॉडल अनेक ऑटोमोटिव कोड्स के मिश्रण द्वारा ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्रदान करेगा।इसमें कूपे की फ्लुडिटी और डायनामिज्म के साथ ऊँची एसयूवी की मजबूती है,जो 5-डोर सलून के बेहतरीन संतुलन और स्पेस के साथ दी गई है।हर क्षेत्र के मुख्यालय में काम करने वाली टीमों को शामिल करके विकसित की गई और स्थानीय अनुभव की मदद से बनाई गई बैसाल्ट अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मुख्य बाजारों में सी3 और सी3 एयरक्रॉस के साथ सिट्रोएन की वृद्धि में मदद करेगी। ये तीनों मॉडल अपने मजबूत कैरेक्टर और विशिष्ट ऑनबोर्ड कम्फर्ट वाले मॉडलों को बाजार में उतारने के कार्यक्रम का हिस्सा हैं।

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्ता **निशा पत्नी श्री दीपक, निवासीः झुग्गी, डीटीसी डिपो के पास, सीमापुरी, दिल्ली ने मुकदमा संख्या 828/16 धारा 3/4/5/8 ITP Act अन्तर्गत थाना न्यू उस्मानपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्ता **निशा** मिल नही रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्ता **निशा** फरार हो गयी है (या उक्त वारटं के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रही है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **मुकदमा संख्या 828/16 धारा 3/4/5/8 ITP Act अन्तर्गत थाना न्यू उस्मानपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्ता **निशा** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.04.2024** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**श्री पंकज राय**
महानगर दण्डाधिकारी–01
कमरा नं0 73, उत्तर पूर्व जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

**DP/3408/NE/2024 (Court Matter)**

# मयूरभंज जिले के 25 लाख नागरिकों को मिलेगा शुद्ध पानी एवं 100%जल सेचन की व्यवस्था: वैज्ञानिक श्याम

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: विगत** 33 वर्षो से जल विज्ञान एवं पर्यावरण का बुनियादी विज्ञान पर शोध कर रहे विश्व के सर्वकालीन महानतम वैज्ञानिक श्याम सुंदर राठी जी ने दिल्ली में मीडिया को बताया कि जल्द ही उड़ीसा के मयूरभंज जिले को 100% जल सेचन की सुविधा प्रदान करने एवं पानी यानि जल समस्या से मुक्त करने के लिए पानी मिलने लगेगा। इसी प्रोजेक्ट को लेकर जिला प्रशासन को लेकर एक प्रोपोजल उन्होंने दिया है जिसको स्वीकार कर लिया गया है। प्रस्ताव के मुताबिक मात्र 2 वर्षो की छोटी सी अवधि में मयूरभंज जिले के 25 लाख नागरिकों को शुद्ध पानी पहुंचाने लगेगा एवं 3 लाख एकड़ कृषि भूमि को 100% जल सिंचाई की सुविधा मिलने लगेगी। मयूरभंज जिले के नागरिकों को पीने का पानी पहुचाने एवं किसानों को जल सेचन मुहैया



कराने के लिए व्यवस्था को भूगर्भ जल के दोहन की आवश्यकता नहीं रहेगी। वैज्ञानिक राठी जी ने स्पष्ट किया कि अब तक मानव जाति जलप्रपातों का एक बूँद पानी पीने या कृषि कार्यो के लिए उपयोग नहीं कर रहा है। इन जलप्रपातों से देश को आवश्यक होने वाले पानी से 30 गुना से भी अधिक पानी हम समुद्र में बहा रहे हैं एवं जनता बूँद बूँद पानी के लिए तरस रही हैं। किसान जल सेचन की सुविधाओं के लिए तड़फ रहे हैं तथा उनकी खेती राम भरोसे चल रही है।

इस परियोजना को जीवंत स्वरूप देने के लिए वैज्ञानिक राठी जी ने मयूरभंज जिले की सैंकड़ों जलप्रपातों में से 15 जलप्रपातों का चयन किया है। चुनी हुई जलप्रपातों से विशेष विधि से पानी निकाल कर भीमकाय टंकियों यानि एम.एस.डी में भर्ती कर के हिताधिकारियों तक पानी पहुंचाने की सुव्यवस्थित व्यवस्था बैठाई जाएगी। अब तक इन जलप्रपातों का एक बूँद पानी उपयोग में नहीं लिया जाता है और यही पानी बाढ़ का रूप धारण कर के नागरिकों के घरों को डुबाने एवं आर्थिक नुकसान पहुंचाने का काम कर रहा है। इन जलप्रपातों का प्रतिदिन करोड़ों अरबों लीटर पानी बहकर समुद्र में चला जाता है मगर जलप्रपात से 50मीटर दूर कृषिभूमि पानी की कमी के कारण सूखे से बर्बाद हो रही है। आधा किलोमीटर दूर निवास करने वाले लोगों को भी पानीय जल के लिए भूगर्भ जल के जहरीले पर निर्भर रहना पड़ता है। भीमकाय टंकियां बनाकर नदी बांध योजना से हजारों गुनी सस्ती एवं साल भर में पूरी होने वाली व्यवस्था है। जल वैज्ञानिक राठी ने स्पष्ट किया कि इस प्रकल्प के जरिए मयूरभंज जिले को जल सेचन के लिए आवश्यक होने वाला 30 करोड़ किलोलीटर पानी तथा पीने के लिए आवश्यक होने वाला 5करोड़ किलोलीटर विशुद्ध पानी की आपूर्ति 2वर्षो में सुगमता के साथ सम्भवपर होगी। इस प्रकल्प से जिले के नागरिकों के जीवन स्तर में बहुत बड़ा सुधार आएगा, नागरिकों के आर्थिक विकास को बहुत बड़ी गति मिलेगी तथा कृषि मजदूरों को पर्याप्त कर्म नियुक्ति देने में सरकार को मदद मिलेगी। विशेष दृष्टव्य में कहें तो इस परियोजना से मानव जाति को ग्लोबल वार्मिग एवं जलवायु परिवर्तन समस्या से मुक्ति का मार्ग प्रसस्त होगा।

# पिता मुख्तार के जनाजे में शामिल होने की गुहार को लेकर अब्बास अंसारी सुप्रीम कोर्ट पहुंचा



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: बाहुबली मुख्तार अंसारी** के जनाजे में शामिल होने देने की गुहार को लेकर विधायक बेटा अब्बास अंसारी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अब्बास अंसारी के वकील ने सुप्रीम कोर्ट के मेंशनिंग रजिस्ट्रार के पास अर्जी दाखिल कर मुख्तार अंसारी के जनाजे में शामिल होने की इजाजत दिए जाने की मांग की है। इस याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की गई है।दरअसल, अब्बास अंसारी को अपने पिता मुख्तार अंसारी के जनाजे में शामिल होने के लिए पेरोल दिए जाने या फिर हिरासत में कब्रिस्तान तक लाए जाने की इजाजत दिए जाने की मांग करते हुए इलाहाबाद हाई कोर्ट में मेंशन किया गया था। जहां उन्हें राहत नहीं मिली क्योंकि एमपी-एमएलए कोर्ट की सुनवाई करने वाले जज के नहीं बैठने की वजह से सुनवाई नहीं हुई। अब अब्बास की ओर से सुप्रीम कोर्ट में अर्जी दाखिल की है।

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **समीम अंसारी पुत्र श्री रसीद अंसारी, निवासी– मकान नंबर 709/4, प्रेम नगर, पहाड़गंज, दिल्ली ने ई–मुकदमा संख्या 000039/19 धारा 379/411 IPC अन्तर्गत थाना सदर बाजार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **समीम अंसारी** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **समीम अंसारी** फरार हो गया है (या उक्त वारटं के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **ई–मुकदमा संख्या 000039/19 धारा 379/411 IPC अन्तर्गत थाना सदर बाजार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **समीम अंसारी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.04.2024** को या इससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**श्री गौरव गोयल**
महानगर दण्डाधिकारी–06
रूम नं0 247, केन्द्रीय
तिस हजारी कोर्ट, नई दिल्ली

**DP/3683/N/2024 (Court Matter)**

## गुमशुदा महिला की तलाश



कमला

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला (फोटो में दिखाया गया) जिसका नाम कमला **W/o** हरिराम **R/o** 3089/5, राम बाजार, मोरी गेट कश्मीरी गेट जीपीओ नॉर्थ, दिल्ली **उम्र** 71 साल जो कि 17.03.2023 को करीब शाम 6 बजे अपने घर से लापता है। इस बाबत **DD No.105-A दिनांक 18.03.2024** थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली में दर्ज है। इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है:

**रंग:** सांवला, **कद:** 4'4", **चेहरा:** गोल, **शरीर:** मध्यम, **पहचान:** दिमागी रूप से कामजोर, जिसने सफेद, लाल व काले रंग की साड़ी, शॉल और चप्पल पहनी है।

अगर किसी व्यक्ति को इस लापता महिला के बारे में कोई जानकारी/सूचना मिले तो थानाध्यक्ष कश्मीरी गैट, दिल्ली को ई-मेल: cic@cbi.gov.in और वेबसाइट : http://cbi.nic.in पर सूचित करने की कृपा करें।

हस्ता/–
थानाध्यक्षः कश्मीरी गेट, दिल्ली
फोन: 011-23962210
मो.: 8750870123, 9350310032

फोन नं.: 011-24368638, 24368641
फैक्स नं.: 011-24368639
दि.पु./3354/उत्तर/2024

# कैबिनेट मंत्री आतिशी ने भाजपा पर साधा निशाना

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: आम आदमी** पार्टी नेता व कैबिनेट मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को कहा कि ऐसा क्या है कि ईडी को अरविंद केजरीवाल का मात्र कुछ महीने पुराने फोन का पासवर्ड चाहिए जबकि ईडी ने ही बयान दिया कि ये फोन पॉलिसी के दौरान इस्तेमाल नहीं हुआ है। पत्रकारों से बातचीत में आतिशी ने आरोप लगाया कि ईडी को किसी जांच के लिए नहीं बल्कि भाजपा के लिए अरविंद केजरीवाल के फोन का पासवर्ड चाहिए। उन्होंने कहा कि ईडी को केजरीवाल के फोन का पासवर्ड इसलिए चाहिए, क्योंकि केजरीवाल के फोन में उन्हें लोकसभा चुनावों में लड़ने की रणनीति मिलेगी। इस फोन से इंडिया एलायंस के नेताओं से अरविंद केजरीवाल की क्या बातचीत चल रही है, वो मिलेगा। फोन में आम आदमी पार्टी जिन 23 सीटों पर चुनाव लड़ रही है, उसका सर्वे




मिलेगा, पूरा कैंपेन प्लान मिलेगा। इस फोन में लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी का कम्युनिकेशन प्लान; मीडिया और सोशल मीडिया प्लान मिलेगा। अरविंद केजरीवाल के फोन के जरिए भाजपा जानना चाहती है कि 'आप' की दिल्ली, पंजाब, गुजरात, असम के चुनाव लड़ने की क्या रणनीति है। आतिशी ने आरोप लगाया कि ईडी ने फिर से एक बार साबित कर दिया है कि वो भाजपा का मात्र एक राजनीतिक हथियार है। केजरीवाल की गिरफ़्तारी का किसी जांच से कोई लेना देना नहीं है। केजरीवाल की गिरफ़्तारी लोकसभा चुनाव में विघ्न पैदा करने के लिए है। आतिशी ने कहा कि एक्साइज पॉलिसी 2021 में बनती है और नवंबर 2021 से अगस्त 2022 के बीच लागू होती है। अगस्त 2022 से अब अरविंद केजरीवाल की ईडी द्वारा गिरफ़्तारी करने के बीच 1.5 साल से ज्यादा समय बीत चुका है।

## भाजपा ने विधानसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की

**नई दिल्ली। भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) ने झारखंड और राजस्थान के आगामी विधानसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।शुक्रवार को भाजपा राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार केन्द्रीय चुनाव समिति ने झारखंड के गांडेय विधानसभा सीट से दिलीप कुमार वर्मा को उम्मीदवार बनाया है।

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-निविदा सूचना सं:** 2024-मार्च-06 — **दिनांक:** 27.03.2024

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेल आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये 'खुली निविदा' ई-टेण्डरिंग केवल ऑनलाइन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | निविदा सं. | अनुमानित लागत (रू.) |
|---|---|---|
| 1 | 2024-मार्च-06-01 | ₹ 25355391.28 |
| **कार्य का विवरण** : आगरा फोर्ट, कुबेरपुर, छलेसर, एत्मादपुर और बिल्लोचपुरा स्टेशनों पर पाइपलाइन व्यवस्था के साथ 90 कि0ली0 क्षमता के ओवर हैड टैंक के प्रतिस्थापन का कार्य। | | |
| 2 | 2024-मार्च-06-02 | ₹ 20547534.49 |
| **कार्य का विवरण** : आगरा कैंट पर मौजूदा डिपो के स्थान पर सभी बुनियादी सुविधाओं के साथ ईदगाह में ट्रैक डिपो का प्रावधान। | | |

निविदा को प्रस्तुत करने एवं निविदा के बारे में पूरी जानकारी के लिए भारतीय रेल की बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें। निविदायें केवल बेव पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से **दिनांक 22.04.2024** को **15:00 बजे** तक प्रस्तुत की जा सकती है। **573/24(A)**

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–टेंडरिंग**

**खुली निविदा सूचना संख्या एनआईटी–32/2023–24 दिनांक: 28.03.2024**

सीनियर डिविजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर/जी, उत्तर रेलवे, अंबाला द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई–निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए 15:00 बजे तक या कार्य के सामने दिखाई गई समाप्ति की तिथि तक खुली निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | कार्य का नाम | लगभग लागत (₹) | बोली प्रतिभूति (₹) | पूर्ण होने की अवधि | बंद करने और खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 30-विद्युत-50/2023-24 (ओपन टेंडर) | अंबाला मंडल में बठिण्डा, धूरी, राजपुरा, सरहिंद और नंगलडैम में 03 वर्ष की अवधि के लिए किराए के आधार पर डेजर्ट कूलर के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। | ₹28,39,702.50 | ₹56,800/- | 36 महीने | 22.04.2024 |
| 2. | 30-विद्युत-51/2023-24 (ओपन टेंडर) | अंबाला मंडल में सहारनपुर, जगाधरी वर्कशॉप, अंबाला चंडीगढ़ और कालका में 03 वर्ष की अवधि के लिए किराए के आधार पर डेजर्ट कूलर के प्रावधान के संबंध में विद्युत कार्य। | ₹22,83,120.81 | ₹45,700/- | 36 महीने | 22.04.2024 |
| 3. | 30-विद्युत-52/2023-24 (ओपन टेंडर) | अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत कालका, अबोहर, अंब अंदौरा, सरहिंद और यमुनानगर जगाधरी स्टेशनों के सॉफ्ट अपग्रेडेशन के संबंध में लिफ्ट का प्रावधान, सुगम्य भारत अभियान के तहत आनंदपुर साहिब और अंबाला शहर रेलवे स्टेशन पर लिफ्ट का प्रावधान और सुगम्य भारत अभियान के तहत रूपनगर, संगरूर धुरी, पटियाला, मालेरकोटला और नंगल डैम रेलवे स्टेशन में लिफ्ट का प्रावधान, सीपीएम/ जीएस/ अंबाला डिवीजन के तहत कार्य। | ₹5,76,01,462.58 | ₹4,38,000/- | 12 महीने | 22.04.2024 |

1. निविदाकारों को शर्तों के अनुसार PAN/TIN/GST सहित सभी संबंधित पात्र दस्तावेजों की स्कैन की हुई प्रतियों को अपलोड करना आवश्यक है। 2. आवश्यक बोली सुरक्षा नेट बैंकिंग/या भुगतान गेटवे के माध्यम से केवल निविदा की अंतिम तिथि और समय के 15:00 बजे से पहले ही ऑनलाइन भुगतान स्वीकार्य होगी। 3. कार्य निविदाओं की ई–निविदा में भाग लेने के लिए निविदाकर्ताओं के पास तृतीय श्रेणी का डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए। 4. विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लॉग ऑन करें। 5. जीएसटी अधिनियम 2017 के अनुसार जीएसटी लगाया जाएगा।

**940/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## नाम परिवर्तन

मैं जरनैल सिंह सुपुत्र श्री धर्मपाल निवासी मकान नंबर 980-ए, गली नंबर-1, चौधरी फूल सिंह इन्कलेव, न्यू शिवाजी कालोनी, करनाल ब्यान करता हूं कि मेरी धर्मपत्नी के पासपोर्ट में मेरा नाम जरनैल काजल दर्ज है। मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम जरनैल सिंह दर्ज है। जरनैल सिंह और जरनैल काजल दोनों मेरे ही नाम हैं।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## Change of Name

I Arun Bala Choudhary Alias Arun Bala D/o Kewal Krishan Choudhary and W/o Deepak Taneja R/o H. No-171- B, Block- G Palam Vihar, Choma (62), Gurgaon, Haryana-122017, have changed my name to CHARU TANEJA

## न्यूज फ्लैश

### जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध दोबारा चुने गए हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के आम इजलास में जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध को दोबारा से प्रधान चुन लिया गया व करनाल से ही गुलाब सिंह मूनक को संयुक्त सचिव बनाया गया। शाम को डेरा कार सेवा में पहुँचने पर उनका स्वागत किया गया व सिरोपे डालकर सम्मानित किया गया।

डेरा कार सेवा की ओर से गुरसेवक सिंह, गुरपुरब प्रबंधक कमेटी के सचिव इंद्रपाल सिंह, शिरोमणि गतका फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रधान गुरतेज सिंह खालसा, गतका फेडरेशन व इंटरनेशनल सिख फोरम के महासचिव एडवोकेट प्रीतपाल सिंह पन्नु, ज़िला सचिव परमजीत सिंह बेदी, गुरुद्वारा शीश गंज साहेब के हेड ग्रंथी ज्ञानी सूबा सिंह, गुरुद्वारा मंजी साहेब के हेड ग्रंथी अमृतपाल सिंह, गुरु नानक सेवक जत्थे से राजू मिड्डा, बलबीर सिंह आदि ने जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध व गुलाब सिंह मूनक, प्रवक्ता कँवलजीत सिंह अजराना व पानीपत से सदस्य मलकीत सिंह गुराया का सिरोपे डालकर सम्मान किया।

इसके अतिरिक्त सुखविंदर सिंह मंडेघर को महासचिव, सुखदर्शन सिंह सहगल को वरिष्ठ उपप्रधान, बीबी रवींद्र कौर अजराना को उप प्रधान बनने व बलजीत सिंह दादूवाल, सुखदर्शन सिंह गॉबडिया, तजिन्द्र सिंह नारनौल, जसकीर सिंह माँगेआन, बलदेव सिंह खालसा, टीपी सिंह अंबाला को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। साथ ही जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल को धर्म प्रचार का इंचार्ज बनाकर पूरे प्रदेश में सिख धर्म के प्रचार प्रसार की ज़िम्मेदारी दी गई है।

जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने कहा कि पहले उन्हें प्रधान नामांकित किया गया था, लेकिन आज आम सभा की बैठक में इन पदों का चयन किया गया है। स्वागत के बाद प्रेस को संबोधित करते हुए जत्थेदार भूपिंदर सिंह असंध ने कहा कि नई टीम सिख कौम के प्रति दर्द रखने वाली टीम है और सभी मिलकर आने वाले समय में हरियाणा के गुरु घर की सेवा, गुरमत व सिख सिद्धांत का प्रचार, युवाओं को सिख शस्त्र विद्या गतका व अन्य खेलों से जोडकर नशे से दूर करने के प्रयास, गरीब सिखो की सहायता आदि कार्य किए जाएँगे। गुलाब सिंह मूनक व कँवलजीत सिंह अजराना ने भी प्रेस को संबोधित किया व हरियाणा में सिखी प्रचार प्रसार के कार्यों को आगे बढ़ाने की बात कही।

### तीसरे दिन 872 क्विंटल सरसों की हुई खरीद

**गन्नौर।**

**अनाज मंडी** में सरसों की सरकारी खरीद गुरुवार को शुरू हो गई। मंडी में तीसरे दिन 826 क्विंटल सरसों की फसल पहुंची। जबकि 116 क्विंटल बुधवार को पहुंच गई थी, जिसे नमी के चलते नहीं खरीदा गया था। गुरुवार को हैफेड द्वारा एमएसपी रेट 5650 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से 872 क्विंटल सरसों की खरीद की गई। जबकि 70 क्विंटल सरसों की फसल को नमी के कारण हैफेड द्वारा नहीं खरीदा गया। मार्किट कमेटी के सचिव दीपक सिहाग ने बताया कि सरकार द्वारा नमी को लेकर निर्धारित मानकों के अनुसार की फसल की ही खरीद की जाएगी। इसके अलावा मंडी में सरसों लेकर आने वाले किसानों को कोई परेशानी नही आने दी जाएगी।

# फार्माकोविजिलेंस के बारे में जागरूकता पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

## विश्व की सभी चिकित्सा पद्धतियां औषधि प्रयोग निगरानी के बिना सुरक्षित नहीं: प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान

**प्रतिभाग**

8 कार्यशाला में हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तराखंड, हिमाचल के लगभग चार सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया



**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के पेरीफेरल फार्माकोविजिलेंस सेंटर द्वारा शुक्रवार को गीता ज्ञान संस्थानों में एक दिवसीय आयुष में फामाकोविजिलेंस के बारे में जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अरुण त्रिपाठी व वशिष्ठ अतिथि होशियारपुर, गुरु रविदास यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ संजय गोयल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो वैद्य करतार सिंह धीमान ने की। कार्यशाला का शुभारंभ अष्टाध्यायी गीता पाठ एवं भगवान धन्वंतरि के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। गणमान्य अतिथि एवं वक्ताओं का परिचय एवं स्वागत रिसर्च एंड इनोवेशन विभाग के डायरेक्टर एवं द्रव्यगुणा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ अनिल शर्मा ने किया। इस कार्यशाला में हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तराखंड, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और पंजाब के लगभग चार सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यातिथि डॉ अरुण त्रिपाठी ने वर्तमान दौर में आयुर्वेदिक मेडिसिन के बहुउपयोगी लाभ और उनके दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति शास्त्रीय मानदंडों पर आधारित है, वहीं फामाकोविजिलेंस आयुर्वेद में एक नई अवधारणा है, जिसमें आयुर्वेदिक दवाइयों के दुष्परिणामों रिपोर्टिंग की जाती है। आज मार्केट में पेटेंट आधारित बहुत सारी मेडिसिन मौजूद है, जिनके दुष्परिणाम हो सकते हैं। इसलिए उसकी निगरानी बहुत जरूरी है। इसके साथ ही आयुर्वेदिक डॉक्टरों को भी महत्वपूर्ण भूमिका में रहना होगा ताकि किसी भी रोगी को नुकसान न पहुंचे। वशिष्ठ अतिथि डॉ. संजीव गोयल ने कहा कि पिछले चार-पांच साल के अंदर फामाकोविजिलेंस सेंटर के माध्यम से आयुर्वेदिक दवाइयों के नाम पर भ्रामक विज्ञापन के प्रचार-प्रसार द्वारा देश के नागरिकों को गुमराह करने वालों पर आवश्यक कार्रवाई हुई है। भारत में एमबीबीएस के मुकाबले दस प्रतिशत विद्यार्थी ही आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में दाखिला लेते है, निसंदेह आने वाला वक्त आयुर्वेद का होगा मगर पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से काम करने की जरूरत है। कार्यक्रम के अध्यक्ष आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि किसी व्यक्ति की सार्थकता उसकी उपयोगिता और निरापद्ता पर निर्भर करती हैं, गुणवाता, सुरक्षा और प्रभावकारिता व्यक्ति को लम्बा समय तक समर्थ बनाती है। अगर आयुर्वेद मेडिसिन अच्छी है, उसके कोई दुष्परिणाम नहीं है, तो हर बार प्रमाण से क्यों डरना। उन्होंने कहा कि हर वस्तु की क्रिया होगी, तो निश्चित है उसकी प्रतिक्रिया भी होगी। विश्व में कितनी भी चिकित्सा है अगर उसकी निगरानी नहीं है तो वह सुरक्षित नहीं हो सकती। मेडिसिन की प्रभाव व दुष्परिणाम की जिम्मेदारी डॉक्टरों की और उनकी जो उस क्षेत्र में कार्यरत है उन सब की बनती है। दिनभर चली कार्यशाला में विषय विशेषज्ञों द्वारा फामाकोविजिलेंस की कार्यप्रणाली और भ्रामक विज्ञापन के प्रचार-प्रसार के प्रति लोगो को कैसे जागरूक किया जाए इसकी जानकारी दी गई।

# वाटर कैनन बॉय नवदीप जलबेड़ा 2 दिन के पुलिस रिमांड पर



**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** अंबाला पुलिस ने किसान आंदोलन से जुड़े वाटर कैनन बॉय नवदीप जलबेड़ा को गिरफ्तार कर अंबाला कोर्ट में पेश किया। किसान आंदोलन से जुड़े युवा नवदीप पर धारा 307 और 379 बी के अंर्तगत तहत की गई थी। नवदीप को कोर्ट ने 2 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। किसान आंदोलन से जुड़े वॉटर कैनन बॉय नवदीप जलबेड़ा को साथी गुरकीरत सहित अंबाला पुलिस ने कल मोहाली एयरपोर्ट से हिरासत में लिया था। जिसके बाद पुलिस ने नवदीप की अंबाला से गिरफ्तारी दिखाई और भारी सुरक्षा के बीच नवदीप को अंबाला कोर्ट में पेश किया गया। नवदीप पर पुलिस ने 13 फरवरी को किसान आंदोलन के दौरान ऋकफ नम्बर 40 दर्ज की थी जिसमे नवदीप पर 307 व 379 बी धाराएं लगाई गई थी। नवदीप को कोर्ट में पेश कर पुलिस ने 4 दिन का रिमांड

**कोर्ट में पेशी**

8 किसान आंदोलन से जुड़े युवा नवदीप पर धारा 307 और 379 बी के अंर्तगत तहत की गई थी

मांगा था। जिस पर कोर्ट ने नवदीप को 2 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। नवदीप के वकील एडवोकेट रोहित जैन ने बताया हमने कोर्ट में सवाल उठाया कि नवदीप को ऐसे पेश किया गया है जैसे किसी टेररिस्ट को पेश किया जाता है। नवदीप पर जो धाराएं किसान आंदोलन के दौरान लगाई गई है वो नही लगाई जा सकती। पुलिस ने नववदीप से डंडे,गुलेल,मोडिफाइड ट्रेक्टर कहां से तैयार करवाया था की जानकारी व फार्च्यूनर गाड़ी रिकवर करनी है। जिसके लिए 2 दिन का रिमांड मंजूर किया गया है।

# मुआवजे को लेकर किसानों का तहसील में प्रदर्शन

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा क्षेत्र** में 2 मार्च को हुई भारी ओलावृष्टि से हुए नुकसान को लेकर विभिन्न गाँव के किसान शुक्रवार को तहसीलदार मनोज कुमार से मिले। किसानों ने मुआवजे को लेकर पूछा कि जिन किसानों को ओलावृष्टि के कारण नुकसान पहुंचा है। उसकी क्या कार्रवाई चल रही है। इस दौरान तहसीलदार मनोज कुमार ने किसानों को बताया कि 25 हजार किसानों की पोर्टल पर नुकसान की जानकारी मिली है। उनमें से 8 हजार किसानों का डाटा अपडेट कर दिया गया है। बाकी बचे 17000 किसानों के 30 मार्च तक डाटा अपडेट कर दिया जाएगा। वही 4 अप्रैल को कमिश्नर खराब हुई फसल का मुवावजा देने की प्रक्रिया शुरू करेंगे। जिस पर तहसीलदार ने किसानों को आश्वासन दिया कि सभी की गिरदावरी करने का काम पूरा हो चुका है। कोई भी किसान पोर्टल पर अपना रिकार्ड जाँच सकता है। क्षेत्र से 25 हजार से ज्यादा आवेदन हैं, दो दिन के अंदर सभी के रिकार्ड को आनलाइन दर्ज कर लिया जाएगा। जिसके बाद किसान वापिस लौट गए। इस अवसर पर विकेश दहिया, जींद्र सिसाना, लेखराम, दीपक, प्रवेश, संजय, सतीश, कृष्ण, देवेंद्र, राजे सिसाना, रमेश सिसाना अन्य आदि मौजूद रहे।

# नैतिक शिक्षा से ही देश के युवा बनेंगे चरित्रवान : भगवान भाई

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र: ब्रह्माकुमारीज :** मुख्यालय माउंट आबू राजस्थान से पधारे बी.के. भगवान भाई ने कहा कि भौतिक शिक्षा से हम रोजगार प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन परिवार, समाज, कार्यस्थल में परेशानी या चुनौती का मुकाबला नहीं कर सकते। युवा उच्च शिक्षा प्राप्त कर-के डॉक्टर, इंजीनियर बन कर धनोपार्जन कर सुख-सुविधा युक्त जीवन निर्वाह करना चाहते हैं, परंतु इससे उनका उद्देश्य पूर्ण नहीं हो पाता। सिर्फ नैतिक शिक्षा से ही युवाओं को नई दिशा मिल सकती है। भौतिक शिक्षा से भौतिकता का विकास होगा और नैतिक शिक्षा से सर्वांगीण विकास होगा। वे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में युवाओं को सकारात्मक चिंतन और नैतिक शिक्षा से सशक्त युवा विषय पर टिप्स दे रहे थे।

भगवान भाई ने कहा कि इस यांत्रिकी शिक्षा के साथ चरित्रवान, गुणवान, संस्कारवान बनने की शिक्षा लेना भी जरुरी है। नैतिक

**नैतिक शिक्षा**

8 लेकिन परिवार, समाज, कार्यस्थल में परेशानी या चुनौती का मुकाबला नहीं कर सकते

मूल्यों से व्यक्तित्व में निखार और व्यवहार में सुधार आता है। नैतिक मूल्यों का ह्रास व्यक्तिगत, सामाजिक, राष्ट्रीय समस्या का मूल कारण है। समाज सुधार के लिए नैतिक मूल्य जरूरी है। उन्होंने कहा कि नैतिक शिक्षा की धारणा, आंतरिक सशक्तिकरण व इच्छाओं को कम कर भौतिकवाद की आंधी से बचा जा सकता है। व्यक्ति का आचरण उसकी जुबान से ज्यादा तेज बोलता है। चरित्रवान, गुणवान युवा समाज और देश की नीव है।उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में श्रेष्ठ मूल्य है, तो दूसरे उससे प्रमाणित होते हैं। जीवन में नैतिक मूल्य होंगे, तो आदमी लालच, हिंसा, झूठ, कपट का विरोध करेगा और समाज में परिवर्तन आएगा। उन्होंने कहा नैतिकता से मनोबल कम होता है। उन्होंने कहा कि मूल्यों की शिक्षा से ही हम जीवन में विपरीत परिस्थिति का सामना कर सकते हैं। जब तक हम अपने जीवन में मूल्यों और प्राथमिकता का निर्धारण नहीं करेंगे। अपने लिए आचार संहिता नहीं बनाएंगे, तब तक हम चुनौतियों का मुकाबला नहीं कर सकते।

उन्होंने कहा कि नैतिक गुणों के बल पर ही मनुष्य वंदनीय बनता है। सारी दुनिया में नैतिकता अर्थात सच्चरित्रता के बल पर ही धन-दौलत, सुख और वैभव की नींव खड़ी है। उन्होंने कहा कि जब तक जीवन में आध्यात्मिकता नही है, तब तक जीवन में नैतिकता नही आती है। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी सेवा केंद्र सेक्टर-8 की प्रभारी बी.के. मधु बहन ने ब्रह्माकुमारी संस्थान की गतिविधियों और उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की।

# सिंगल यूज प्लास्टिक की ब्रिकी करने वाले 3 दुकानदारों के किए चालान

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** नगर निगम की सफाई शाखा के प्रवर्तन दल ने एकल प्रयोग प्लास्टिक के इस्तेमाल और ब्रिकी को लेकर शहर में सख्ती की हुई है। इसे लेकर गुरूवार को टीम ने जोन 4 में आने वाले पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में छापेमारी कर सिंगल यूज प्लास्टिक की ब्रिकी कर रहे 3 दुकानदारों के चालान किए और 1500 रुपये का जुर्माना लगाया।

कार्रवाई की जानकारी देते उप निगमायुक्त अशोक कुमार ने बताया कि पुराने सब्जी मंडी क्षेत्र में पाबंदी के बावजूद भी दुकानदारों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक की ब्रिकी की जा रही थी। इसे रोकने के लिए टीम द्वारा कार्रवाई अमल में लाई गई है। इसके अतिरिक्त उन्होंने बताया कि कर्ण कैनाल (मुगल कैनाल) स्थित अस्थाई सब्जी मंडी में सभी सब्जी व फलों की रेहडियों को भेजा गया था, परंतु फिर भी कुछ रेहड़ी वाले वापिस पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में

**जुर्माना**

8 छापेमारी कर सिंगल यूज प्लास्टिक की ब्रिकी कर रहे 3 दुकानदारों के चालान किए

रेहडियां लगा रहे थे, जिसके कारण नागरिकों को परेशानी हो रही थी। कार्रवाई के दौरान अतिक्रमण कर रही 6 रेहडियों को जब्त किया गया तथा शेष रेहडियों को कर्ण कैनाल वापिस भेजा गया है। उन्होंने बताया कि टीम द्वारा ऐसे सब्जी व फल विक्रेताओं को चेतावनी दी गई है कि वे दोबारा इस स्थान पर न आए। अगर उन्होंने ऐसा किया तो उनका चालान किया जाएगा।

उप निगमायुक्त ने आमजन से अपील करते कहा है कि प्लास्टिक कैरीबैग का बेहतर विकल्प कपड़े या जूट के थैले हैं, बाजार से सामान लाने के लिए कपड़े के थैले घर से लेकर जाएं, दुकानदारों से पॉलीथिन कैरीबैग की मांग न करें। उन्होंने कहा कि नागरिक शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नगर निगम का सहयोग करें। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण व सिंगल यूज प्लास्टिक के चालान करने की कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी।

प्रवर्तन दल में सहायक सफाई निरीक्षक गुलाब सिंह के अतिरिक्त स्वच्छ भारत मिशन अर्बन टीम से दीपमाला तथा मोहिन्द्र मोजूद रहे।

# अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जायेगा: डीसी

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** डीसी ने अवैध खनन विषय को लेकर अपने कार्यालय में सम्बधिंत अधिकारियों की एक बैठक लेकर समीक्षा की और सम्बधित अधिकारियों को निर्देश दिए की अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जायेगा। उपायुक्त आज अपने कार्यालय में अवैध खनन विषय को लेकर जिला स्तर पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उपायुक्त ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए एजेंडे में रखे बिन्दूवार सम्बधिंत अधिकारियों से समीक्षा की। बैठक के दौरान जिला



खनन अधिकारी राजेश कुमार ने उपायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि पिछले तीन माह में 60 वाहनों को जब्त करने का काम किया गया हैं और इसके तहत 24 वाहनों से 75 लाख 75 हजार रुपए की राशि जुर्माने के तौर पर वसूली गई है,

अवैध खनन के तहत संलिप्ता पाए जाने के मामले में 21 व्यक्तियों पर एफआईआर दर्ज करने का काम किया गया है।

# 52 प्रॉपर्टी धारकों को डिफाल्टर की श्रेणी में किया गया सूचित

**सोनीपत:** नगर निगम आयुक्त विश्राम मीणा ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले ऐसे संपत्तिकरदाता जिन्होंने अभी तक अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं करवाया है उन्हें नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि नोटिस जारी करने के बाद भी जो संपत्तिकरदाता अपना टैक्स जमा नहीं करवा रहे हैं उनके खिलाफ नगर निगम एक्ट-1994 के अंतर्गत सीलिंग की कार्यवाही की जा रही है।

निगमायुक्त ने बताया कि नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्र के 52 प्रॉपर्टी धारकों को संपत्तिकर न जमा करवाने पर डिफाल्टर की श्रेणी में सूचित किया गया है।

# स्कॉलरशिप एग्जाम का किया गया आयोजन

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी - 7988804545, 8950236002**

**खरखौदा :** शुक्रवार के दैनिक समाचार पत्र द्वारा छात्रवृत्ति परीक्षा ( स्कॉलरशिप एग्जाम) आयोजित करवाई गई। जिसमें कई विद्यालयों के अंतर्गत इस परीक्षा का सेंटर निर्धारित किया गया। उन 10 विद्यालयों में से " द स्टैनफोर्ड विद्यालय , थाना खुर्द, खरखौदा" में यह परीक्षा सुनिश्चित हुई। इस विद्यालय में लगभग 210 बच्चे उपस्थित हुए। इस परीक्षा को दिलवाने में अभिभावकों एवं विद्यार्थियों में काफी उत्साह देखने को मिला। 'द स्टैनफोर्ड विद्यालय' परिवार ने बड़े उत्साह वर्धन के साथ विद्यार्थियों और अभिभावकों



का स्वागत किया। काफी अभिभावकों ने इस विद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह विद्यालय अनुशासन एवं संस्कारों की ओर भरपूर ध्यान देता है। इस विद्यालय का प्रांगण काफी बड़ा तथा मनोहर दृश्य के साथ बनाया गया है। विद्यालय के चेयरमैन उत्सव दहिया और विद्यालय निर्देशिका पूजा दहिया ने बच्चों तथा अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की परीक्षा में भाग देने से बच्चों में आत्मविश्वास और भावी भविष्य तैयार करने की भावना आती है। साथ में उन्हें अपनी प्रतिभा को जांचने - परखने का अच्छा अवसर मिलता है, लेकिन यह कार्य अभिभावकों के सहयोग से ही संपन्न होता है। जिसमें अभिभावकों ने अपनी अग्रणी भूमिका निभाई है।

अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीत नैन ने विद्यार्थियों और अभिभावकों को अपने कीमती समय निकालकर इस विद्यालय को देने हेतु आभार व्यक्त किया और सभी को प्रेरणा दी कि हर किसी को अपने बच्चों के प्रति जागरूक होकर शिक्षा कार्य में सहयोग देते रहना चाहिए।

# गेहूं की खरीद को लेकर डीसी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

## खरीद एंजैसियों, कृषि विभाग के अधिकारियों व आढ़तियों के साथ बैठक करते हुए समीक्षा की

**मनीष कुमार**

**अम्बाला:**

**डीसी ने एनआईसी** कार्यालय के सभागार में रबी सीजन व गेहूं खरीद के दृष्टिगत सम्बन्धित खरीद एंजैसियों, कृषि विभाग के अधिकारियों व आढ़तियों के साथ बैठक करते हुए समीक्षा की व गेहूं फसल की आवक और स्टोरेज स्पेस की जानकारी लेते हुए मंडियों में सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित हों, इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक जितेश अग्रवाल से रबी सीजन व गेहूं खरीद के तहत जानकारी हासिल करते हुए सभी




सम्बन्धित अधिकारियों को मंडियों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने बारे निर्देश दिए। उपायुक्त ने इस दौरान गेहूं खरीद के चलते मंडियों में कितनी गेहूं की आवक आने की उम्मीद है और जिले में कितनी मंडियां है, गेहूं खरीद के चलते उठान की क्या व्यवस्था रहेगी, इसकी भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बैठक के दौरान आढ़तियों, खरीद एंजैसियों, लेबर कॉन्ट्रैक्टर से भी चर्चा करते हुए रबी सीजन व गेहूं खरीद के तहत कोई सुझाव या समस्या है उस बारे भी

**दिशा-निर्देश**

8 जानकारी लेते हुए मंडियों में सभी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित हों, इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए

जानकारी हासिल करते हुए सम्बन्धित खरीद एंजैसियों को निर्देश दिए कि मंडी में रबी सीजन व गेहूं खरीद के तहत जो फसल आती है, उसकी खरीद समय रहते होनी चाहिए। उसका उठान बेहतर तरीके से होना चाहिए ताकि मंडियों में किसी भी तरह की जाम की स्थिति उत्पन्न न हो, सभी कार्य बेहतर समन्वय के साथ होने सुनिश्चित होने चाहिएं। उन्होंने इस कार्य के लिए आढ़तियों के सहयोग की भी अपेक्षा की और उन्हें इस कार्य के लिए सहयोग देने के लिए कहा। बेहतर समन्वय के साथ इस कार्य को करने बारे निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम व तहसीलदार को भी निर्देश दिए कि मंडी में उठान का कार्य सही तरीके से हो, इसके लिए वहां पर समय-समय पर निरीक्षण करने बारे व इस कार्य की गतिविधि पर नजर रखने के लिए डयूटी लगाने के भी निर्देश दिए। मकसद सही तरीके से उठान का कार्य होना चाहिए। उन्होंने बैठक के क्रम में मंडी के दोनों गेटों पर पुलिस की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

# बच्चों की वार्षिक रिपोर्ट अभिभावकों को सौंपी

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**

**हेरिटेज** वर्ल्ड इंटरनेशनल स्कूल (खरखौदा) में शुक्रवार को अभिभावक शिक्षक बैठक प्राचार्या सुमित राणा व माननीय अध्यक्ष अनीश दहिया की अध्यक्षता में हुई। इस मौके पर बच्चों की वार्षिक रिपोर्ट अभिभावकों को दी गई। जिसमें बच्चों द्वारा स्कूल में की जा रही विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया गया। वहीं, स्कूल में अलग-अलग अवसरों पर करवाई गई गतिविधियों में भाग लेकर जिन बच्चों ने प्रथम 'द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया उन बच्चों को सर्टिफिकेट व पदक के साथ सम्मानित किया गया। कक्षा में शैक्षणिक स्तर पर प्रथम 10 विद्यार्थियों को पदक के साथ




सम्मानित किया गया। विद्यालय में समय- समय पर अभिभावक शिक्षक बैठक होती रहती है। अभिभावकगण की 98% उपस्थिति रही जो की बहुत सराहनीय हैं। इस दौरान प्राचार्य सुमित राणा व माननीय अध्यक्ष अनीश दहिया ने बताया कि सभी अभिभावकगण अपने बच्चों के परिणाम को लेकर बेहद प्रसन्न थे जोकि हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है और सभी अभिभावकगण का उन्होंने धन्यवाद किया कि उन्होंने अपना कीमती समय निकालकर विद्यालय के प्रति और अपने बच्चों के भविष्य के प्रति उत्सुकता दिखाई।

# नगरपालिका की अनदेखी से अतिक्रमण के कारण परेशान है वाहन चालक, पुलिस नही करती कार्रवाई

## – दुकानदारों के अतिक्रमण व रेहड़ी वालों के कब्जों के कारण जाम से परेशान है लोग

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**

शहर के सबसे व्यस्त रेलवे रोड पर रेहड़ी वालों व दुकानदारों द्वारा किए अतिक्रमण के कारण प्रतिदिन जाम लगने के कारण वाहन चालक परेशान रहते है। परेशान लोगो का आरोप है कि इस तरफ नगरपालिका व पुलिस कोई ध्यान नही दे रही। जिस कारण अतिक्रमण करने वालों के हौसल्ले दिन- प्रतिदिन बढ़ते जा रहे है। वाहन चालक सुरेश, सतबीर, महेन्द्र, रणबीर ने बताया कि दोपहर के समयच जब स्कूल की छुट्टी का समय होता है तो
जाम के कारण जैन गली से लेकर



रेलवे स्टेशन तक रेलवे रोड से निकलना मुश्किल हो जाता है। उनका कहना कि रही सही कसर ई रिक्शा चालक पूरी कर देते है। ई रिक्शा चालकों की मनमानी भी जाम को लगाने में विशेष भूमिका निभाती है। जाम लगने का कारण यहां से पैदल गुजरने वाले लोग भी ऐसे हालात में प्रशासन व सरकार को कोसते रहते है। उनका कहना कि नगरपालिका द्वारा बाजार में अतिक्रमण हटाओं अभियान इस तरह से चलाया जाता है कि वह केवल औपचारिकता बनकर रह जाता है। दुकानदारों द्वारा किए अतिक्रमण व रेहड़ियों को हटाने को लेकर नगरपालिका सुध नहीं लेता। सड़क पर अवैध पार्किंग भी बनी रहती है। वाहन चालक प्रेम कुमार, दुकानदार ने बताया कि जाम की स्थिति यहां एक दिन की नहीं है। हर रोज इस सड़क पर जाम लगा रहता है। नगरपालिका को इस सड़क की ओर ध्यान देना चाहिए और यहां पर अतिक्रमण हटाना चाहिए।

अतिक्रमण को लेकर नपा अधिकारियों से समाधान के आदेश दिए जाएंगे : एसडीएम

- शहर में अतिक्रमण व प्रतिदिन लगने वाले जाम को लेकर नगरपालिका अधिकारियों को समाधान के आदेश दिए जाएंगे। एसडीएम ने कहा कि रेलवे रोड पर अतिक्रमण करने वाले खुद अपने सामान को हटा ले और रेहड़ी वाले भी निर्धारित जगह में रेहड़ी लगाए, अन्यथा कार्रवाई की जाएगी।

# राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने ली भाजपा के विधानसभा कार्यकर्ताओं की बैठक

**दलबीर मलिक**
**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र :**
आज कुरुक्षेत्र के लोकसभा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष रवि बतान की अध्यक्षता मे राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने विधानसभा के कार्यकताओं की बैठक ली। बैठक का आरंभ भारत माता, डा० श्यामा प्रसाद मुखर्जी, प० दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पमाला अर्पित कर दीप प्रज्वलित कर हुआ।मुख्य अतिथि राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने सभी मण्डल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रमुख, पालक व प्रमुख कार्यकताओं से आगामी चुनाव कार्यकर्मो को लेकर चर्चा की व चुनावो को ध्यान मे रखते हुए कार्यकताओं की जिम्मेदारिया लगाई गई`राज्य मंत्री ने कहा आगामी 3 अप्रैल को जिला अध्यक्ष रवि बतान





की अध्यक्षता मे त्रिदेवों के साथ बैठक होगी जिसमें मुख्य रुप से मैं स्वयं उपस्थित रहूंगा। उन्होंने कहा 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस हैं। इस दिन हर कार्यकर्ता अपने घर पर पार्टी का झंडा लगाए व कार्यकर्ताओ के साथ मिलकर पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाकर स्थापना दिवस को जोर शोर से मनाए। और सभी मिल जुल कर पार्टी के चुनाव कार्यक्रम मे लग जाए.इस अवसर पर चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, जय सिंह पाल, रविन्द्र सांगवान, नरेन्द्र पाल डाबला, विनीत क्वात्रा, शकुंतला शर्मा, सुशील राणा, रोशन बेदी, जिला मीडिया प्रमुख शैलेश वत्स, सुल्तान अजराना, सह मीडिया प्रमुख दिवाकर, मण्डल अध्यक्ष दीपक चौहान, हरीश अरोडा, रमेश सैनी, रजनीश खासपुर, विनीत बजाज, अमित रोहिल्ला, यशपाल नारंग, भूपिंदर पलवल आदि कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### पांच हजार रुपये के ईनामी बदमाश पुलिस की गिरफ्त में

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
क्राईम यूनिट पुलिस ने बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के पास 11 लाख रुपये की लूट में शामिल एक आरोपित को बड़ी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित पवन वाल्मीकि बस्ती, भापरा, पानीपत को रहने वाला है। पुलिस ने आरोपित पवन पर पांच हजार रुपये कर ईनाम भी रखा हुआ था। पुलिस शनिवार को आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेगी। जानकारी देते हुए गन्नौर एसीपी गोरखपाल राणा ने बताया कि 18 सितंबर 2019 को मुंबई निवासी आशीष ने बड़ी थाना पुलिस को शिकायत दी थी कि उसने चांदनी चौक दिल्ली से अपने दो कर्मचारी केवाराम और महिंद्र पटेल को समालखा से अपनी पेमेंट लेने के लिए भेजा था। उन्होंने समालखा से 11 लाख रुपये की पेमेंट लेकर टेक्सी में बैठ कर दिल्ली के लिए रवाना हो गए। जब वह बड़ी औद्योगिक क्षेत्र के पास पहुंचे तो एक गाड़ी उनकी गाडी के आगे आकर रुकी। गाड़ी से बदमाश हथियार सहित लेकर उतरे और केवाराम और महिंद्र के साथ मारपीट कर उनसे पैसो से भरा बैग छीन लिया। पैसे छीन कर आरोपित मौके से फरार हो गए। जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपितों की तलाश शुरू कर दी थी। अब पुलिस ने मामले मे संलिप्त आरोपित पवन का पता लगा कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपित को शनिवार को अदालत में पेश कर रिमांड पर लेगी, ताकि उसके बाकी साथियों का पता लगाया जा सके।

### मथुरा में लोकसभा चुनाव के लिए चार प्रेक्षक नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जनपद मथुरा के लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के द्वितीय चरण के निर्वाचन को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु आई.ए.एस आशुतोष गुप्ता को सामान्य प्रेक्षक, आई.पी.एस.डॉ राजश्री सिंह को पुलिस प्रेक्षक, आई.आर.एस आई.टी. श्री रमेश बी.आर. को व्यय प्रेक्षक तथा आई.आर.एस सी एंड सी.ई. शिबी सिंह गहरवार को व्यय प्रेक्षक के पद पर तैनात किया गया है।

### लाभार्थियों को वोट डालने के लिए किया प्रेरित

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
लोकसभा सामान्य निर्वाचन हेतु स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रुप सीकर मतदाता जागरूकता कम्युनिटी लीड ड्राइव का संचालन करने हेतु स्वीट के नोडल अधिकारी मनीष मीना मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है। जिला मास्टर ट्रेनर ई.एल.सी चुनाव पाठशाला डॉ. अखिलेश यादव ने अपनी सहयोगी श्रीमती गुरु प्यारी सत्संगी के साथ छटीकरा में आयोजित सास बहू सम्मेलन में पपेट शो, नुक्कड़ नाटक तथा छात्राओं द्वारा संगीत में रंगारंग प्रस्तुति के मध्य आंगनबाड़ी कार्यकत्रीयों को 26 अप्रैल को मतदान करने की अपील की तथा समस्त लाभार्थियों से भी इस प्रकार की अपील की गई। डॉ अखिलेश यादव ने कोटेदार, ग्राम प्रधान, आशा आदि से भी लाभार्थियों को प्रेरित करने तथा मतदान अवश्य करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर सुनीता गौतम, प्रभारी सी.डी.पी.ओ कुसुम लता दीक्षित, सुपरवाइजर बाल विकास परियोजना उपस्थिति रहीं।

### रैलियां निकालकर मतदान के प्रति किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय मथुरा की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई के छात्र छात्राएं महाविद्यालय प्राचार्य के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नवीन अग्रवाल एवं डॉ. अशोक कौशिक की नेतृत्व में स्वीप टीम जिला कोऑर्डिनेटर प्रो. पल्लवी सिंह, मांट विधानसभा कोऑर्डिनेटर डॉ. दीन दयाल एवं जिला साक्षरता क्लब प्रभारी मनीष दयाल के मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत किशोरी रमण महाविद्यालय से रैली प्रारंभ कर शहर की गलियों में मतदाता जागरूकता अभियान को गति दी। रैली के बाद छात्र छात्राओं ने मतदाता जागरूकता नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की और बताया 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में मतदाता पंजीकृत सभी नागरिक भाग लेकर सच्चे नागरिक का फर्ज निभाएं। स्वीप के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र छात्रा मतदाता जागरूकता अभियान अपने अपने महाविद्यालय से गांव शहर की गलियों में चलाएंगे।

# दामाद की मारपीट में घायल हुई सास की मौत

**लोकेश चौधरी**
**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
दामाद की मारपीट में घायल हुई सास की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी दामाद की तलाश की जा रही है। शराब के नशे में दामाद ने सास के साथ मारपीट कर दी थी। उसने सास के सिर में डंडा मारा दिया जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सुखरानी पत्नी शिवप्रताप मूल रूप से मध्य प्रदेश के पन्ना जिले की रहने वाली थी। थाना हाईवे इंस्पेक्टर उमेश चंद्र त्रिपाठी के अनुसार पोस्टमार्टम करा कर शव परिवार वालों को सौंप दिया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# नरेंद्र मोदी तीसरी बार बनेंगे देश के प्रधानमंत्री : मनोहर लाल

**जीत का मंत्र**

**8 मनोहर लाल ने कहा कि जनता के बीच जाकर केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां बताएं,**

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कार्यकताओं को जीत का मंत्र देते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता घर घर जाकर लोगों को जनकल्याण के कार्यों को गिनवाते हुए मोदी जी के 400 पार के संकल्प को पूरा करने के लिए लोगों से भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील करने का कार्य करें। पूर्व मुख्यमंत्री



मनोहर लाल आशियाना पैलेस में नीलोखेड़ी विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। पूर्व सीएम मनोहर लाल खट्टर ने बीजेपी कार्यकताओं में जोश पैदा करते हुए कहा कि प्रदेश की सभी 10 लोकसभा सीटें बीजेपी को जीतनी हैं और कार्यकताओं से कहा कि जो भी जिम्मेदारी उन्हें मिले, उसे शत-प्रतिशत पूर्ण करना है। किसी काम को छोटा या बड़ा नहीं समझना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनें, इसके लिए ही हमें काम करना है।

मनोहर लाल ने कार्यकताओं को उनकी जिम्मेदारी बताते हुए कहा कि जनता के बीच जाकर केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां बताएं, जनता को समझाएं कि क्यों बीजेपी को ही चुना जाए, बिना पर्ची, बिना खर्ची नौकरियों का जिक्र करें, बुजुर्गों की घर बैठे बन रही पेंशन का जिक्र करें, आम और खास के पास जाकर उनका मन जीतें, बीजेपी के लिए मत देने को तैयार करें।

त्याग की मूर्ति हैं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं सांसद संजय भाटिया : योगेंद्र राणा

भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल को संत पुरुष और त्यागी बताते हुए कहा कि किस प्रकार पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने 9 साल से अधिक समय के शासनकाल में जन हित में नई नई योजनाओं को लागू करते हुए अंतिम पायदान पर खडे व्यक्ति को मुख्यधारा में जोडने का काम किया। पूर्व विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने मनोहर लाल के लोकसभा प्रत्याशी बनने के बाद प्रथम आगमन पर सभी कार्यकताओं की ओर से स्वागत किया। इस अवसर पर सांसद संजय भाटिया के अतिरिक्त घरोंडा विधायक हरविंद्र कल्याण, पूर्व विधायक भगवान दास कबीरपंथी, स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के सुभाषचंद्र, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जगदेव पाढा, वरिष्ठ भाजपा नेता शिवनाथ कपूर, नीलोखेड़ी के चारों मंडलों के मंडल अध्यक्ष बलबीर सिंह, कर्मवीर शर्मा, प्रवीन कुमार एवं महिपाल राणा मौजूद रहे।

# सेवा निवृत हो रहे शिक्षकों का किया सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
ब्लॉक संसाधन केन्द्र बल्देव सभागार में आयोजित प्रधानाध्यापकों की बैठक में 31 मार्च को सेवा निवृत हो रहे माध्यमिक विद्यालय गढसौली के प्रधानाध्यापक शशिपाल शर्मा, संविलित विद्यालय नगला जमुनी के प्रधानाध्यापक सूरज पाल, पूर्व माध्यमिक विद्यालय किशनपुर के वरिष्ठ अध्यापक हंशचंद्र को सम्मानित किया गया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी कौशल किशोर मौजूद रहे। इस दौरान अपने सेवाकाल में शिक्षकों के योगदान पर चर्चा की गई। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि सेवा में आने के बाद सेवा निवृत होना एक परंपरा है। जिसका सभी को



पालन करना ही है। शिक्षकों को उनकी सेवा के लिए याद किया जाएगा।

जहां बच्चे राष्ट्र की धरोहर हैं वहीं शिक्षक राष्ट्र के प्रहरी हैं। इस दौरान डा.जगदीश पाठक, कृष्ण कुमार राजपूत, सुषेन्द्र मित्तल आदि मौजूद रहे।

# वृंदावन के गीता शोध संस्थान के ओएटी पर रंगोत्सव, नित्यरास और भजन 30 को

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
रंगोत्सव के अंतर्गत 30 मार्च (शनिवार) आज सायं पांच बजे से वृंदावन स्थित गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी परिसर स्थित ओपन एयर ऑडिटोरियम (ओएटी) पर होली के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। ये नव निर्मित ह्लओएटीह्ल मांट रोड स्थित सौ सैया अस्पताल के समीप व टीएफसी के सामने स्थित है। रासलीला प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु बालक बालिकाएं अकादमी के निदेशक प्रो दिनेश खन्ना के निर्देशन में नित्य रास की प्रस्तुति देंगे। इसके अलावा वृंदावन के भजन गायक बिहारी शरण और उभरती गायिका कु. नम्रता द्वारा भजन गायन किया जाएगा।

# डी 27 गैंग के सदस्य सुनील से हुई पुलिस की मुठभेड

**गिरफ्तार**

**8 पुलिस ने -गोली लगने से घायल सुनील को किया गिरफ्तार, गैंग लीडर यूसुफ फरार**

**लोकेश चौधरी**
**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
डी 27 गैंग के सदस्य कुख्यात अपराधी सुनील के साथ मथुरा पुलिस की मुठभेड हुई। मुठभेड के बाद पुलिस ने गोली लगने से घायल हुए सुनील को गिरफ्तार कर लिया। जबकि उसका साथी युसूफ मुठभेड के दौरान फरार हो गया। सुनील थाना जमुनापार से हत्या के मामले में वांछित चल रहा था। 11 फरवरी को शाम करीब सात बजे अलीपुर थाना जमुनापार निवासी प्रेमशंकर सारस्वत की एक मोटर साइकिल पर सवार दो बदमाशों द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। घटना के सम्बन्ध में मृतक के पुत्र आशीष कुमार ने थाना जमुनापार अज्ञात के विरूद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसएसपी ने क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में स्वाट, सर्विलांस व एसओजी टीमों, प्रभारी निरीक्षक सदर व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में टीमों का गठन किया था। विवेचना के मध्य सुनील कुमार पुत्र ऐदल सिंह निवासी मनोहरपुर थाना महावन और यूसुफ उर्फ लम्बू पुत्र समसुद्दीन निवासी किसोरपुर थाना जेवर जिला गौतम बुद्ध नगर के नामों की पुष्टि हुई। घटना में संलिप्त अभियुक्त सुनील को पुलिस मुठभेड़ में बल्देव रोड रावल से आगे पेट्रोल पम्प से आगे बायी तरफ बने एक बन्द मकान के बरामदे के पास से गिरफ्तार किया गया। सुनील से पूछताछ में पुलिस को ज्ञात हुआ कि प्रेमशंकर सारस्वत की मोवाइल लूटने के उद्देश्य से यूसुफ व सुनील हत्या की थी।घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल यूसुफ लेकर आया था जो घटना के बाद यूसुफ अपने साथ लेकर चला गया। हिस्ट्रीशीटर व गैंगलीडर गैंग डी 27 थाना महावन सुनील के विरूद्ध थाना बल्देव, राया, महावन, थाना हाइवे, थाना रिफाइनरी, थाना मगोर्रा, थाना कोतवाली, थाना कोसीकला, थाना खंदौली आगरा, थाना सैंया आगरा पर 18 आपराधिक मामले दर्ज हैं। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार दुबे थाना जमुनापार, प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार त्यागी थाना कोतवाली मथुरा, प्रभारी निरीक्षक छोटे लाल थाना सदर बाजार, अतिरिक्त निरीक्षक अवधेश कुमार थाना जमुनापार, उप निरीक्षक राकेश कुमार यादव प्रभारी एसओजी मथुरा, उप निरीक्षक अभय कुमार शर्मा प्रभारी स्वाट मथुरा, उप निरीक्षक विकाश कुमार शर्मा प्रभारी सर्विलांस मथुरा, उप निरीक्षक राजेश कुमार यादव थाना जमुनापार, उप निरीक्षक अरविन्द सिंह थाना जमुनापार, उप निरीक्षक यशपाल सिंह थाना जमुनापार आदि थे।

# गुड फ्राइडे पर चर्च में हुई प्रार्थना, पादरी ने सुनाये उपदेश

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च मथुरा तथा सभी चर्च में गुड फाईडे मानने वाले अनुयाई गिरजाघर जाकर ईसा मसीह को याद किया। गुड फ्राइडे को होली फ्राइडे व ब्लैक फ्राईडे के रूप में जाना जाता है। इस दिन यीशु मसीह को सूली पर चढ़ाया गया था। गुड फ्राइडे के दिन को दुनिया भर में मानवता के लिए कुबार्नी की याद में बनाते हैं। यह दिन ईसाई समुदाय में खास माना जाता है। ईसाई समुदाय की मान्यता के अनुसार इस दिन ईसा मसीह ने पूरी दुनिया से बुराई को खत्म करने के लिए अपना बलिदान दिया। गुड फ्राइडे के दिन को ईसाई लोग शौक के रूप में याद करते हैं और फास्टिंग व्रत भी रखते हैं। साथ ही



इस दिन लोग गिरजाघर जाकर ईसा मसीह को याद करते हैं और प्रार्थना भी करते हैं। वहीं कई जगहों पर गुड फ्राइडे के दिन ईसा मसीह के बलिदान और उनके अंतिम शब्द और बलिदान के बारे में पादरी श्रीपाल ने सूली से कहीं गई यीशु मसीह की सात बातों के बारे में बताया। यीशु मसीह द्वारा सली से कही गई साथ बातें यह हैं पहली बात है पिता इन्हें क्षमा कर क्योंकि यह नहीं जानते कि यह क्या कर रह हैं।0 दूसरी बात आज ही तू मेरे साथ स्वर्गलोक में होगा। तीसरी बात हे नारी देख यह तेरा पुत्र है। चौथी बात हे मेरे पिता तूने मुझे क्यों छोड़ दिया। पांचवी बात मैं प्यासा हूं। छठी बात पूरा हुआ साथ भी बात है पिता मैं अपनी आत्मा तेरे हाथों में सौंपता हूं यह सात बातें प्रभु यीशु मसीह ने कहीं। आरके मेसी ने बताया कि यीशु मसीह के मानने वाले लोग उधर पाएंगे और यीशु मसीह के साथ स्वर्ग के भागीदार होंगे।

वहीं 31 मार्च को यीशु मसीह के जीव उठने की खुशियां भी आपस में बाटेंगे जिस प्रकार यीशु मसीह तीसरे दिन मर्दों में से जीवित हुए इसी प्रकार हम भी यीशु मसीह के साथ जीवित होंगे। पादरी श्रीपाल ने लोगों से अपील की कि वह लोकसभा चुनाव में वह बढचढ कर हिस्सा लें। मतदान करें और लोकतंत्र को मजबूती दें।

# मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
वात्सल्य ग्राम स्थित अभाव ग्रस्त बच्चों के शिक्षण हेतु कृष्णा ब्रह्म रतन विद्या मंदिर स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल वितरण उत्सव मनाया गया। सरस्वती पूजन के साथ परीक्षाफल वितरण करते हुए स्वामी सत्याशील ने कहा कि शिक्षा और संस्कार व्यक्ति को मानवता की ओर ले जाते हैं। वात्सल ग्राम के प्रबंधक केबी गुप्ता ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य मात्र नौकरी प्राप्त करना ना होकर अपने जीवन को उत्कृष्ट बनाना होना चाहिए। शिक्षा का महत्व तभी है जब हम किसी असहाय को सहायता प्रदान कर उसका सहारा बना करके खड़े हों। वात्सल्य ग्राम के प्रवक्ता डॉक्टर





उमाशंकर राही ने कहा विद्यार्थी शिक्षा रूपी रथ पर सवार होता है। अध्यापक और अभिभावक इसके दो पहिए हैं, जिन्हें समान रूप से विद्यार्थी की प्रगति में सहयोग प्रदान करना चाहिए।

छात्रों के उन्नति में जितना हाथ शिक्षक का होता है उतना ही आभिवावक का भी होता है। विद्यालय के शिक्षा निदेशक शिशुपाल सिंह ने परीक्षाफल घोषित करते हुए बताया कि की विद्यालय में कुल 676 विद्यार्थी ने परीक्षा दी है सभी बच्चे अच्छे अंक प्राप्त कर पास हुए हैं। विद्यालय की ओर से प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को और पुरस्कार एवं अंक पत्र वितरण किए गए अंत में शिशुपाल सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# शराब की दुकान खोले जाने के विरोध में लोगों ने किया प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/अखनूर**
अखनूर के गांव वमाल ज्योडियां में अखनूर रोड पर शराब की नई दुकान के खोले जाने के विरोध में लोगो ने शुक्रवार को जोरदार तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। गांव के मंगत सिंह ने जानकारी देते हुए कहा कि जहां पर दुकान खोले जाने का हम विरोध कर रहे हैं। हम प्रदर्शन इसलिए कर रहे हैं कि जहां पर ऐसे शराब की दुकान खोले जाने से युवाओं पर गलत असर पड़ेगा। हम सांसद से लेकर डीसी जम्मू तक सभी से मिलकर जहां पर शराब की दुकान खोले जाने का विरोध कर चुके हैं।

# पुलिस से हुई गो तस्करों की मुठभेड़

**लोकेश चौधरी**
**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा**
बरसाना की चरण पहाड़ी की तलहटी में गो तस्करों के साथ हुई पुलिस मुठभेड़ में तीन गो तस्कर गोली लगने से घायल हो गये। पुलिस ने घायल अवस्था में तीनों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से दो तमंचा, एक पौना, नौ जिन्दा कारतूस, तीन खोखा कारतूस व एक सेंट्रो कार के अलावा दो जिंदा गोवंश की बरामदगी हुई है। गोवध निवारण अधिनियम, पशुक्रुरता अधिनियम व आर्म्स एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक थाना बरसाना अरविन्द कुमार निर्वाल ने



बताया कि गो तस्करों के कामा वार्डर की तरफ से चरण पहाडी वाले रास्ते से होते हुए नन्दगांव की तरफ आने की सूचना थी। पुलिस को देखकर गो तस्कर गाड़ी से उतरकर भागने लगे। मुठभेड में घायल हुए हनीफ पुत्र इस्माईल निवासी नई थाना विछौर जिला नूंह हरियाणा, इरशाद पुत्र भूलमल निवासी टाई थाना नूंह जिला नूंह हरियाणा तथा जाहिद पुत्र आसू उर्फ आश मौहम्मद निवासी नूंह थाना नूंह जिला नूंह हरियाणा को गिरफ्तार कर लिया गया। घायल अवस्था में तीनों को सीएचसी बरसाना भेजा गया। कार्यवाही करने वाली टीम में उप निरीक्षक अरविन्द पुनिया चौकी प्रभारी हाथिया, उप निरीक्षक संतोष कुमार थाना बरसाना, उप निरीक्षक रोहिताश थाना बरसाना आदि शामिल थे।

## न्यूज फ्लैश

### सरकारी प्रोग्रामों में उलझा स्वास्थ्य विभाग

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**उपमंडल समालखा का** सामान्य अस्पताल कहने को तो 50 बेड का अस्पताल है लेकिन अगर सुविधाओं की बात की जाये तो वो दस बेड की भी नहीं है। अस्पताल में मरीजों की संख्या जैसे जैसे बढ़ रही है डाक्टरों की संख्या घट रही है। कुछ माह पहले ही समालखा आई बच्चों की स्पैशलिस्ट डां भावना गुप्ता को सिविल सर्जन ने डेपुटेशन पर समालखा से पानीपत बुला लिया है तथा उनके स्थान पर भेजी गई चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ भावना खुराना यहां ज्वाइन करते ही छुट्टी पर चली गई है। जिससे बच्चों का इलाज कराने के लिए अभिभावकों को परेशान होना पड़ रहा है। जैसे जैसे गर्मी का मौसम शुरू होने लगा है समालखा सामान्य अस्पताल में भी इलाज कराने के लिए मरीजों की संख्या बढ़ रही है खासकर होली के बाद तो अस्पताल में मरीजों की संख्या 450 से 500 मरीजों तक पहुंच गई है। कंसल्टेंट डॉक्टर जीतेन्द्र त्यागी की मानें तो बृहस्पतिवार को उन्होंने अकेले 300 से ज्यादा मरीज देखें है। पचास बिस्तर के अस्पताल में मात्र 5 मेडिकल अफसर कार्यरत हैं जिनमें से कुछ आपातकालीन विभाग में ड्यूटी करते हैं तथा बाकि सरकारी कार्यक्रमों को अंजाम देने में व्यस्त हैं। इस संदर्भ में जब अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय आंतिल से बात की तो उन्होंने डाक्टरों की कमी को सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि वे बड़ी मुश्किल से अस्पताल को चला रहे हैं।

### तैयार हो जाइए भाभी-देवर के नोक झोंक भरे रिश्ते का मजा लेने के लिए सिमरन चौधरी और एडेन के नी भाभी में

**नई दिल्ली।** फोल्किन रानी ईपी से पंजाबी संगीत उद्योग को मंत्रमुग्ध करने के बाद, पंजाबी पॉप सेंसेशन, सिमरन चौधरी अपना नया एकल, ह्लनी भाभीह्व लेकर आई हैं। यह ट्रैक पुरानी पंजाबी लोककथाओं और शादियों के गीतों/किस्सों का स्मरण कराता है। अपनी संक्रामक बीट और चुलबुले बोलों के साथ, यह ट्रैक इस साल का सबसे अच्छा डांस-फ्लोर नंबर बन जाएगा।लाइव इंस्ट्रुमेंटल बैकड्रॉप में स्थित नी



भाभी में एक देवर की उत्साह से भरी कहानी का चित्रण किया गया है, जो अपनी भाभी से अपनी प्रेमिका को प्रभावित कैसे करें, यह पूछ रहा है। चुलबुली लय और लहरदार धुन के साथ इस गीत में देवर और भाभी के बीच के रिश्ते और दोस्ती का सार पेश किया गया है। इसकी कहानी में गहराई और तल्लीनता का बेमिसाल मिश्रण कंपोजर और लिरिसिस्ट राजा ने किया है और दमदार आवाज एडेन की है, जिन्होंने ट्रैक को प्रोड्यूस भी किया है। इन तीनों ने इस गीत के जरिए सदियों पुरानी पंजाबी परंपराओं को आधुनिक रूप में जीवंत किया है।
इस ट्रैक का संगीत वीडियो बहुत ही वाइब्रेंट है, जो दर्शकों को रंगों और मस्ती की दुनियां से रूबरू कराता है। तेजी संधू द्वारा निर्देशित इस वीडियो में गीत का सार पारंपरिक और आधुनिक नृत्य शैली के मिश्रण द्वारा प्रस्तुत किया गया है। इसमें डांस फ्लोर पर भाभी और देवर के बीच की दोस्ती के तालमेल का मनमोहक चित्रण किया गया है। नी भाभी की रिलीज के बारे में गायिका सिमरन चौधरी ने कहा, ह्लनी भाभी मेरे लिए एक रोमांचक अनुभव रहा। इस ट्रैक में देवर और भाभी के बीच नोकझोंक और दोस्ती का अनूठा बंधन पेश किया गया है।

# घर-घर जाकर मोदी की गारंटी पर वोट मांगें : मनोहर लाल

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। पूर्व मुख्यमंत्री एवं करनाल** लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार मनोहर लाल ने कहा कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार करते हुए वोट मांगें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 400 पार का नारा दिया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए हरियाणा में सभी 10 लोकसभा सीटों पर जीतना हमारी जिम्मेवारी है। कार्यकर्ता अपने कर्तव्यों को निभाएं। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल इंद्री के दीवान पैलेस में इंद्री विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से




कहा कि पार्टी की ओर से जो भी जिम्मेवारी आपको सौंपी जाए, उसे ईमानदारी और निष्ठा से निभाएं। आपस में किसी भी प्रकार से मतभेद और मनभेद न रखें। यह संकल्प लें कि मोदी सरकार तीसरी बार, अबकी बार 400 पार। जो भी जिम्मेदारी उन्हें मिले, उसे शत-प्रतिशत पूर्ण करना है। किसी काम को छोटा या बड़ा नहीं समझना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनें, इसके लिए ही हमें काम करना है। जनता के बीच जाकर केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां बताएं, जनता को समझाएं कि कैसे भाजपा के शासन में हर वर्ग का भला हो सकता है।सांसद संजय भाटिया ने कहा कि चुनाव के लिए भाजपा तैयार है। कांग्रेस में चुनाव न लडने.को लेकर भगदड़ मची है। कांग्रेस हाईकमान उम्मीदवार तय नहीं कर पा रही, क्योंकि कांग्रेस नेता चुनाव लडने.से बच रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं की मेहनत तथा सरकार की योजनाओं के बल पर ही नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। इंद्री विधायक राम कुमार कश्यप ने मनोहर लाल के लोकसभा प्रत्याशी बनने के बाद प्रथम आगमन पर सभी कार्यकताओं की ओर से स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं लोकसभा प्रत्याशी मनोहर लाल को संत पुरुष और त्यागी बताते हुए कहा कि किस प्रकार पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने 9 साल से अधिक समय के शासनकाल में जन हित में नई-नई योजनाओं को लागू करते हुए अंतिम पायदान पर खडे व्यक्ति को मुख्यधारा में जोडने का काम किया। घरौंडा विधायक हरविंद्र कल्याण, जिला प्रभारी भारत भूषण जुयाल, विस्तारक शशी दुरेजा, मंडल अध्यक्ष अमनदीप विर्क, अमित खेड़ा, अनिल दनियालपुर, जिला उपाध्यक्ष राजबीर शर्मा, प्रवीण लाठर, ईलम सिंह, मदन गुज्जर, सोहन सिंह राणा, शिवानी गोयल व ऊषा कटारिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## करनाल लोकसभा को लेकर जेजेपी प्रभारियों ने ग्रामीण हल्का की बैठक ली



**समालखा (कुलदीप सिंह) करनाल लोकसभा** चुनाव को लेकर लोकसभा प्रभारी बृज शर्मा व देवेंद्र कादियान ने पानीपत ग्रामीण हल्का के पदाधिकारीयो व कार्यकर्ताओं के साथ जेजेपी कार्यालय जाटल रोड पर बैठक की उनके साथ आए जगरूप संधू सरपंच मौजूद रहे। बैठक में सभी पदाधिकारीयो और कार्यकताओं ने अपने-अपने सुझाव करनाल लोकसभा प्रभारियों को बताएं और सभी ने कहा कि हमें 10 की 10 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ना चाहिए व पार्टी को और ज्यादा मजबूत करना चाहिए।
देवेंद्र कादियान ने कहा की सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारीयो को अब दिन रात पार्टी के लिए काम करके पार्टी को मजबूत करना है और पार्टी हाई कमान जिसे भी हमारे बीच प्रत्याशी बना कर भेजेंगे हम उसका तन मन धन से साथ देंगे और कंधे से कंधा मिलाकर उनके लिए काम करेंगे।

## इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी भारी मतों से विजय होगे: स्वीटी रंगा



**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : इण्डिया** गठबंधन के प्रत्यासी डा सुशील गुप्ता लिए वोट की अपील के लिए हल्का शाहाबाद के गांव अहमदपुर और हबाना में प्रोग्राम किया। इस अवसर पर वोट की अपील के लिए डा सुशील गुप्ता की पत्नी श्रीमति सुमित्रा गुप्ता , गुप्ता की बेटी शिखा गर्ग , कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा नलवी,आप पार्टी नेत्री साक्षी बंसल, आप पार्टी नेत्री मीनू ने प्रचार किया। कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा नलवी ने कहा कि आम जन, व्यापारी, किसान, मजदूर हर वर्ग भाजपा सरकार से दुखी है। अबकी बार इस सरकार को बदलने का मन बना लिया है। सुमित्रा गुप्ता और शिखा गर्ग ने डॉक्टर सुशील गुप्ता जी के लिए अधिक से अधिक वोटो की अपील की। उन्होंने कहा कि डॉक्टर सुशील गुप्ता हमेशा ही सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहे हैं और कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉक्टर सुशील गुप्ता को अधिक से अधिक वोट दिलवाकर विजयी बनाएं।

## दामाद की मारपीट में घायल हुई सास की मौत

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा। दामाद की मारपीट में** घायल हुई सास की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी दामाद की तलाश की जा रही है। शराब के नशे में दामाद ने सास के साथ मारपीट कर दी थी। उसने सास के सिर में डंडा मारा दिया जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। सुखरानी पत्नी शिवप्रताप मूल रूप से मध्य प्रदेश के पन्ना जिले की रहने वाली थी। थाना हाईवे इंस्पेक्टर उमेश चंद्र त्रिपाठी के अनुसार पोस्टमार्टम करा कर शव परिवार वालों को सौंप दिया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। शिव प्रताप के अनुसार दामाद राकेश निवासी नंदवाड़ा, बांदा दहेज में तीन लाख रुपए की मांग कर रहा था।

## घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस का अभियान किया शुरूः शैलेन्द्र

**मनीष कुमार**
**अम्बालाः हरियाणा प्रदेश** महिला कांग्रेस सेवादल की प्रदेश सचिव व ओएसडी एडवोकेट अनिका शुक्ला शर्मा की अध्यक्षता में अंबाला छाबनी के तोपखाना परेड़ से अपने साथियों के साथ मिलकर *घर घर कांग्रेस,हर घर कांग्रेस* के अभियान की जोरों शोरों से शुरूआत की गई। घर घर जाकर लोगों को कांग्रेस के संकल्प बारे लोगों को अवगत करवाया गया जिससे लोगों में कांग्रेस के प्रति बहुत ज्यादा उत्साहित दिखे। घरों की महिलाएँ मंहगाई को लेकर हरियाणा की भाजपा सरकार और केंद्र सरकार से बहुत ज्यादा परेशान दिखी। ऐसे ही बेरोजगारी को लेकर मार झेल रही युवा पीढ़ी



भी परेशानी झेलती दिखी। इस सरकार में कोई सुनवाई नही है इसलिए लोग इन सभी परेशानियों को देखते हुए मौजूदा सरकार से छुटकारा चाहते हैं कांग्रेस नेत्री अनिका शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनते ही बुढापा पेंशन 6000 रू महीना, 300 युनिट बिजली फ्री,
गेस सिलंडर 500 रू, हर गरीब को पीला राशन कार्ड, गरीब परिवार को 100 गज का मुफ्त प्लाट, ग्रामीण चौकीदार और सफाई कर्मचारियों को पक्का किया जायेगा, किसानों को एमएसपी की गारंटी दी जायेगी।

## पुण्य कर्म से ही परम शांति एवं परम आनंद की प्राप्ति होती हैः सुधांशु जी महाराज

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। विश्व जागृति** मिशन करनाल मंडल के सौजन्य से स्थानीय पावन धाम आश्रम में चार दिवसीय विराट भक्ति सत्संग का आयोजन परम पूज्य आचार्य श्री सुधांशु जी महाराज के पावन सानिध्य में किया गया है। सत्संग का शुभारंभ विश्व जागृति मिशन के संस्थापक पूज्य आचार्य श्री सुधांशु जी महाराज ने दीप प्रज्वलित करके किया। इसमें पूज्य महाराज श्री का सहयोग करनाल मंडल प्रधान राजेंद्र भारती, पानीपत मंडल प्रधान जगजीत आहूजा एवं पटियाला मंडल प्रधान अजय अलिपुरिया ने किया। व्यास पूजन के पश्चात कई गणमान्य व्यक्तियों ने माल्यार्पण करके पूज्य महाराज श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। सत्संग के प्रथम सत्र में उपस्थित भक्तों को संबोधित



करते हुए पूज्य गुरुदेव ने कहा कि जीवन में परम शांति परम आनंद पाने के लिए अपने कर्म को सत्कर्म बनाएं। पुण्य कर्म से ही शांति और आनंद की प्राप्ति संभव है। संचित पाप कर्म के कारण जीवन में रोग, दरिद्रता, दुर्भाग्य, कलह, दुख एवं पीड़ा की प्राप्ति होती है। पाप से दुर्बुद्धि, निंदा आलोचना करने वाली वाणी, उपकार को नहीं मानने की प्रवृत्ति बढ़ती है। धन्यवादी बनने से जीवन धन्य होता है। परमात्मा को उसके हर देन के प्रति हृदय से धन्यवाद दें। शुकराना, मुस्कुराना और किसी का दिल ना दुखाना सदैव याद रखें। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति प्राणी मात्र के कल्याण के लिए तत्पर है, जिसने अपने मन को वश में कर लिया है, जो पूर्णतया संदेह रहित है एवं जिसके समस्त पाप नष्ट हो गए हैं, ऐसा व्यक्ति परम शांति को प्राप्त होता है। व्यक्ति का पाप नष्ट होता है तप से, साधना से, यथार्थ ज्ञान से, प्रायश्चित करने से, दुबारा गलती नहीं दोहराने के संकल्प से। अफर्मेशन का प्रयोग करते हुए नित्य अपने जीवन को निखारें।

**जीवन में सौभाग्य के लिए अपनाएं उत्तम जीवनशैली**

पूज्य आचार्य श्री सुधांशु जी महाराज ने उपस्थित भक्तों को गीता का संदेश देते हुए कहा कि श्रेष्ठ आचरण करते हुए हम अपना सौभाग्य खुद निर्मित कर सकते हैं। समस्त शक्तियों का स्रोत परमात्मा है इसलिए हर दिन नियम पूर्वक ध्यान के माध्यम से उस परमात्मा से जुडकर अपनी शक्ति जगाएं। भक्ति का अर्थ है परमात्मा तक अपनी भाव तरंगे पहुंचाना और परमात्मा की दिव्य ऊर्जा से स्वयं को जोडना। उन्होंने कहा कि सकारात्मकता जितनी अधिक होती है भगवान से जुडना उतना ही आसान। आत्म संवाद को ठीक करके अपने विचार को सकारात्मक बनाएं। सात्विक भोजन, सात्विक वस्त्र, सात्विक व्यवहार, सात्विक विचार, सात्विक चिंतन अपनाकर अपने अंदर सतोगुण बढ़ाएं। परमात्मा द्वारा दी गई संभावना की शक्ति को पुरुषार्थ करके संभव बनाने की चेष्टा करें। अपने शरीर, मन, प्राण, बुद्धि और आत्मा पर प्रयोग करें, हर दिन उसे सबल बनाएं। जीवन में कभी चोट खाकर गिरने पर उसी अवस्था में नहीं पड़े रहे, फिर से उठकर चुनौतियों का सामना करें और विजेता बने।

## मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



**मथुरा।** वात्सल्य ग्राम स्थित अभाव ग्रस्त बच्चों के शिक्षण हेतु कृष्णा ब्रह्म रतन विद्या मंदिर स्कूल का वार्षिक परीक्षाफल वितरण उत्सव मनाया गया। सरस्वती पूजन के साथ परीक्षाफल वितरण करते हुए स्वामी सत्याशील ने कहा कि शिक्षा और संस्कार व्यक्ति को मानवता की ओर ले जाते हैं। वात्सल ग्राम के प्रबंधक केबी गुप्ता ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य मात्र नौकरी प्राप्त करना ना होकर अपने जीवन की उत्कृष्ट बनाना होना चाहिए। शिक्षा का महत्व तभी है जब हम किसी असहाय को सहायता प्रदान कर उसका सहारा बना करके खड़े हों। वात्सल्य ग्राम के प्रवक्ता डॉक्टर उमाशंकर राही ने कहा विद्यार्थी शिक्षा रूपी रथ पर सवार होता है। अध्यापक और अभिभावक इसके दो पहिए हैं, जिन्हें समान रूप से विद्यार्थी की प्रगति में सहयोग प्रदान करना चाहिए। छात्रों के उन्नति में जितना हाथ शिक्षक का होता है उतना ही आभिवावक का भी होता है। विद्यालय के शिक्षा निदेशक शिशुपाल सिंह ने परीक्षाफल घोषित करते हुए बताया कि की विद्यालय में कुल 676 विद्यार्थी ने परीक्षा दी है सभी बच्चे अच्छे अंक प्राप्त कर पास हुए हैं। विद्यालय की ओर से प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को और पुरस्कार एवं अंक पत्र वितरण किए गए अंत में शिशुपाल सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## बच्चे देश का भविष्य, युवा देश की आन-बान-शानः डॉ. विद्यालंकार

**कमाल हुसैन**
**पानीपतः आर्य बाल** भारती पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, अच्छे परीक्षा परिणाम बढ़ाते हैं। छात्रों का मनोबल प्राचार्य सत्यवान मलिक ने कहा कि बच्चों को और अधिक मेहनत व लगन के साथ आगे बढ़ना चाहिए। आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल में माध्यमिक व सीनियर कक्षाओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया और मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि




महामहिम राज्यपाल आचार्य डा देवव्रत के ओएसडी डॉ राजेंद्र विद्या अलंकार रहे ' पारितोषिक वितरण में इनके साथ विद्यालय के प्रधान एडवोकेट रणदीप आर्य व मेहताब मलिक कोषाध्यक्ष रहे।

## ज्यादा से ज्यादा लोगों को बैंकिंग से जोड़ना हैः पवन मित्तल

**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया की तरफ से संयुक्त दायित्व समूह एवं मुद्रा लोन के संबन्ध में राजकीय आदर्श संस्कृति विद्यालय धूलगढ गुलडेहरा मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के सहायक बैंक मैनेजर सीमा रानी ने संयुक्त दायित्व समूह (खछ्त्र्) के मैंबर बनाने की जानकारी एवं मुद्रा लोन के बारे में विस्तार में बताया। कार्यक्रम में सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने



ट्रस्ट की विस्तृत जानकारी दी और बताया कि किस प्रकार भविष्य में लोगों को यह सुविधा उपलब्ध करवाई जायेगी ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को बैंकिग से जोडा जा सके और बैंक द्वारा दी जाने वाली सेवाओं का फायदा आमजन तक पहुंच सके उन्होंने सहायक बैंक मैनेजर सीमा रानी और वहां उपस्थित सभी ग्रामीणों का इस कार्यक्रम में आने पर धन्यवाद किया और कहा की सेवा ट्रस्ट द्वारा इस तरह के कार्यक्रम लगातार करवाये जाएंगे। इस अवसर रणधीर सिंह, सोहन लाल, पन्नी देवी, नीतू रानी, पूनम, बबली देवी उपस्थित रहे।

## आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हो विशेष जोरः डीईईओ

**मनीष कुमार**
**अम्बालाः जिला मौलिक** शिक्षा अधिकारी कार्यालय, अम्बाला में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा की अध्यक्षता में जिला प्रोजेक्ट क्रियान्वन इकाई की वर्ष की अंतिम मासिक बैठक का आयोजन किया गया। ' इस बैठक में जिला में गत वर्ष एफ० एल० एन० के अंतर्गत आयोजित की गयी सभी गतिविधियों की प्रगति का अवलोकन किया गया ' बैठक में बताया गया कि शिक्षकों की एफ० एल० एन० ट्रेनिंग, बालवाटिका -''' ट्रेनिंग और निपुण टीचर एप ट्रेनिंग, के अंतर्गत जिला अम्बाला के सभी 1129 अध्यापकों के प्रशिक्षण का लक्ष्य पूरा कर लिया गया है' इस के साथ



साथ सभी 94 मेंटर्स की एफ० एल० एन० ट्रेनिंग के लक्ष्य को भी प्राप्त कर लिया गया है ' जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी खंड शिक्षा अधिकारियों एवं अन्य प्रतिनिधियों का स्कूलों में नामांकन बढाने, कक्षा अवस्थांतरण शत प्रतिशत करने और आदर्श चुनाव आचार सहिंता की अनुपालना के लिए आह्वान किया ' उन्होंने 23 मार्च, 2024 से प्रारंभ होकर 13 अप्रैल, 2024 तक चलने वाले "प्रवेश-उत्सव" को सभी स्कूलों में समुचित रूप से लागू कराने पर बल दिया ' इसके साथ साथ शिक्षा विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों में भागीदारी को सुनिश्चित करने पर बल दिया गया ताकि इनका लाभ

**बैठक**

**8 जिला प्रोजेक्ट क्रियान्वन इकाई की वर्ष की अंतिम मासिक बैठक का आयोजन किया गया**

सभी तक पहुंच पाए । उन्होंने कहा कि सरकारी स्कूलों में पढने वाले जो बच्चे प्राइवेट स्कूलों में चिराग योजना के तहत प्रवेश लेने के इच्छुक है उन्हें दाखिला करवाने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए ' उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारियों को 27 प्राइवेट स्कूलों की सूची देते हुए बताया कि शिक्षा विभाग द्वारा चिराग पोर्टल पर जिले के 27 प्राइवेट स्कूलों की सूची डाली गयी है जिन्होंने चिराग योजना के तहत अपने यहाँ प्रवेश देने की पेशकश की है ' जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि 8वीं कक्षा तक के बच्चों की विज्ञान विषय में रूचि उत्पन्न करने के लिए संपर्क फाउंडेशन एन० जी० ओ० का सहयोग लिया जा रहा है ' इस फाउंडेशन द्वारा 177 स्कूलों में विज्ञान शिक्षण के लिए फन विद साइंस प्रोग्राम डिवाइस उपलब्ध कराया गया है जिसके प्रयोग से न केवल विज्ञान शिक्षक बल्कि अन्य विषयों के शिक्षक भी इस डिवाइस को स्मार्ट बोर्ड से जोड़ कर आसानी से विज्ञान विषय पढ़ा सकते हैं।

## सेवानिवृत हो रहे शिक्षकों का किया सम्मान

**परंपरा**

**8 खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि सेवा में आने के बाद सेवानिवृत होना एक परंपरा है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुराः ब्लॉक संसाधन केन्द्र** बल्देव सभागार में आयोजित प्रधानाध्यापकों की बैठक में 31 मार्च को सेवा निवृत हो रहे माध्यमिक विद्यालय गढसौली के प्रधानाध्यापक शशिपाल शर्मा, संविलित विद्यालय नगला जमुनी के प्रधानाध्यापक सूरज पाल, पूर्व माध्यमिक विद्यालय किशनपुर के



वरिष्ठ अध्यापक हंशचंद्र को सम्मानित किया गया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी कौशल किशोर मौजूद रहे। इस दौरान अपने सेवाकाल में शिक्षकों के योगदान पर चर्चा की गई। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि सेवा में आने के बाद सेवानिवृत होना एक परंपरा है। जिसका सभी को पालन करना ही है। शिक्षकों को उनकी सेवा के लिए याद किया जाएगा। जहां बच्चे राष्ट्र की धरोहर हैं वहीं शिक्षक राष्ट्र के प्रहरी हैं। इस दौरान डा.जगदीश पाठक, कृष्ण कुमार राजपूत, सुषेन्द्र मित्तल आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय

# इस बार मतदान 'इसलिए' महत्वपूर्ण है

**2024** के आम चुनाव की घंटी बज चुकी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दस साल के शासन और खंडित विपक्ष की चर्चा पूरे देश में हो रही है। लगभग सभी संचार व अन्य माध्यम मोदी के लिए प्रचंड बहुमत का अनुमान लगा रहे हैं, वह भी तब जब उनके शासन के खिलाफ दो कार्यकालों से विपक्ष का झूठा विमर्श स्थापित कर विरोध चल रहा है। जब यह सब चल रहा है, तो भारतीय नागरिकों की सामान्य मानसिकता, विशेष रूप से कस्बों और शहरों में रहने वाले लोग यह मानने लगे हैं कि चूंकि प्रधानमंत्री मोदी चुनाव जीत ही रहे हैं, इसलिए हमें लाइन में खड़े होकर एक खास दिन वोट क्यों देना चाहिए, जबकि हम इसके बजाय परिवार और दोस्तों के साथ पिकनिक पर जा सकते हैं। कई लोगों का मानना है कि मतदान न करने से कोई फर्क नहीं पड़ता (मेरे एक वोट से क्या फर्क पड़ेगा)। यही कारण है कि शहरों और महानगरीय क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम है। जो कोई भी भारत को सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक विकास के सभी पहलुओं में एक महान राष्ट्र के रूप में देखना चाहता है, उसे व्यापक दृष्टिकोण पर विचार करना चाहिए। हर वोट देश को मजबूत बनाने और आंतरिक और बाहरी दोनों दुश्मनों से लड़ने में मदद करता है। हमने अपने महान राष्ट्र में बहुत उथल-पुथल देखी है, और हम ऐसी मानसिकता के शिकार हुए हैं जिसे कोई नहीं चाहता। पिछले कुछ दशको में विकसित हुई "औपनिवेशिक मानसिकता" ने वंशवादी राजनीतिक दलों को लाभ पहुंचाया है, वे कभी नहीं चाहेंगे कि ऐसी मानसिकता बदले, जिसने उन्हें इस राष्ट्र को लूटने और कमजोर करने में मदद की है। अगर हम वास्तव में अपने आंतरिक और बाहरी दुश्मनों में डर पैदा करना चाहते हैं, तो हमें मतदान करना चाहिए।

जब भी देशप्रेमी ईवीएम बटन दबाता है, तो यह दुश्मन के दिमाग में एक शॉकवेव भेजता है। हमने पिछले दो कार्यकालों में देखा है कि अगर हम चुनाव में जाते हैं और भारी बहुमत से सरकार चुनते हैं, तो देश सही दिशा में आगे बढ़ना शुरू कर देता है, हर क्षेत्र में प्रगति हो रही है। कुछ लोग तर्क दे सकते हैं कि दस साल बाद भी अभी भी बहुत सारी चुनौतियां हैं। हां, हर कोई सहमत होगा, लेकिन हमें अपने जीवन के अनुभवों का अध्ययन करने की आवश्यकता है। हम जो कुछ भी अब हैं, वह हमारे पूर्वजों और परिवारों की कई पीढ़ियों के प्रयासों का परिणाम है। वैसे ही, इस विशाल देश में 24 करोड़ से अधिक परिवार हैं, जिनमें विभिन्न संस्कृतियां, राजनीतिक विचारधारा और सभी स्तरों पर अलग प्रशासन हैं। इसलिए, जबकि हम जमीनी स्तर पर विकास के प्रमाण देख सकते हैं, महत्वपूर्ण बदलाव लाने में कम से कम एक दशक और लगेगा। आंतरिक और बाह्य सुरक्षा को मजबूत करना, अंतरराष्ट्रीय मंच पर अनेक अवसरों पर सम्मान और नेतृत्व की भूमिका, आर्थिक चक्र में सकारात्मक बदलाव, आत्मनिर्भर भारत के एक हिस्से के रूप में "स्व" आधारित अनेक नीतियां और क्रियान्वयन, औपनिवेशिक मानसिकता को हटाकर "स्व" आधारित मानसिकता का विकास, और राष्ट्र के विकास और सुरक्षा के लिए सनातन धर्म के महत्व को मान्यता देना, ऐसी सरकार को वापस चुनकर देना होगा। इसलिए, राष्ट्र विनाशकारी मानसिकता से रचनात्मक मानसिकता में परिवर्तित हो गया है।

# जम्मू-कश्मीर से अफस्पा हटाने के सुखद संकेत



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

> "एक वक्त अफस्पा पूर्वोत्तर भारत के असम, मणिपुर, त्रिपुरा, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम और नगालैंड में लागू था। साल 2015 में इसे त्रिपुरा से हटा लिया गया था। वहीं, पूर्वोत्तर के विभिन्न राज्यों में धीरे-धीरे इस कानून में ढील दी जा रही है। कई शहरों से अब आंशिक या पूरे तरीके से अफस्पा को हटा लिया गया है। जम्मू-कश्मीर में अभी अफस्पा लादू है लेकिन इस पर विचार करने की बात कही गई है। सरकार का दावा है कि पहले के मुकाबले अब जम्मू-कश्मीर के हालात काफी बदल गए हैं। गृह मंत्री ने यथाशीघ्र केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने व कानून व्यवस्था पुलिस को सौंपे जाने के संकेत दिये हैं। निश्चित रूप से घाटी में पिछले कुछ समय में कानून व्यवस्था में सुधार देखा गया है"


**जम्मू-कश्मी**र और पूर्वोत्तर के कुछ हिस्सों में लागू सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम यानी की अफस्पा को लेकर देश में एक बार फिर से चर्चा गर्म हो गई है। इसका मुख्य कारण देश के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा किया गया यह दावा है कि केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर से सेना वापस बुलाने और अफस्पा को हटाने पर विचार करेगी। दरअसल, बीते दिनों एक इंटरव्यू में गृह मंत्री अमित शाह ने इस बात का खुलासा किया है। शाह ने ये भी कहा है कि सरकार की योजना जम्मू-कश्मीर से सैनिकों को वापस बुलाने और कानून व्यवस्था को जम्मू-कश्मीर पुलिस के हवाले करने की है। इसमें दो राय नहीं कि देश की अखंडता को चुनौती और कानून व्यवस्था के गंभीर संकट के बीच सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम यानी अफस्पा अस्तित्व में आया होगा। हालांकि, नागरिक स्वतंत्रता के अतिक्रमण और कई बार सुरक्षा बलों के अभियानों में चूक के चलते हुई जनक्षति के चलते इसकी सार्थकता को लेकर विमर्श देश में चलता रहा है। इसके खिलाफ लंबे आंदोलन भी हुए और नागरिक स्वतंत्रता से जुड़े संगठन इसका मुखर विरोध भी करते रहे हैं। यद्यपि देश की सरकारें इसे अराजकता व अतिवाद के उपचार के साधन के रूप में देखती रही हैं। बहरहाल, अनुच्छेद 370 हटाये जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में सामान्य होती स्थिति के बीच केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा अफस्पा हटाने के संकेत का स्वागत ही किया जाना चाहिए। जिसके बाद नागरिक स्थलों की सुरक्षा का जिम्मा पुलिस को सौंपा जा सकता है। निश्चित रूप से इसे घाटी में लोकतांत्रिक व्यवस्था बहाल करने की दिशा में एक कदम के रूप में देखा जा सकता है। अफस्पा को हटाने की मांग राजनीतिक दल पिछले लंबे समय से जम्मू-कष्मीर में कर रहे हैं। सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम यानी की अफस्पा एक संसदीय अधिनियम है। ये अधिनियम भारत के सशस्त्र बलों और राज्य और अर्धसैनिक बलों को अशांत क्षेत्रों के रूप में वगीर्कृत किए गए इलाकों में विशेष शक्ति देता है। अफस्पा को लागू करने का मकसद देश के अशांत क्षेत्रों में कानून व्यवस्था बनाए रखना है। इस अधिनियम को आतंकवाद, विद्रोह या भारत की क्षेत्रीय अखंडता पर खतरे की स्थिति में लागू किया जाता है। बता दें कि इस अधिनियम के तहत सुरक्षाबलों को अशांत क्षेत्रों में कई कानूनी छूट भी प्रदान करता है।

अशांत क्षेत्र घोषित करने का अधिकार भी अफस्पा कानून के तहत ही आता है। यह अधिकार केंद्र सरकार, राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेशों में उपराज्यपाल के पास होता है। वो किसी इलाके, किसी जिले या पूरे राज्य को अशांत क्षेत्र घोषित कर सकते हैं। इसके लिए भारत के राजपत्र पर एक अधिसूचना निकालनी होती है। यह अधिसूचना अफस्पा कानून की धारा 3 के तहत होती है। इस धारा में कहा गया है कि नागरिक प्रशासन के सहयोग के लिए सशस्त्र बलों की आवश्यकता होने पर किसी क्षेत्र को अशांत क्षेत्र घोषित किया जा सकता है। सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम को 11 सितंबर 1958 को पारित किया गया था। इस अधिनियम को पहले भारत के पूर्वोत्तर राज्यों में लागू किया गया था। इन राज्यों में उग्रवाद की समस्या बढ़ रही थी। इसके बाद 1989 में जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद ने सिर उठाया जिसके बाद यहां भी 1990 में अफस्पा को लागू कर दिया गया। समय-समय पर इस कानून को लेकर काफी विरोध भी देखने को मिला है। अफस्पा के तहत सेना को मिले अधिकार के तहत अफस्पा लागू होने की स्थिति में सेना कहीं भी पांच या पांच से अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर रोक लगा सकती है। सेना के पास बिना वारंट के किसी को भी गिरफ्तार करने का अधिकार होता है। साथ ही चेतावनी का उल्लंघन करने पर गोली मारने तक का अधिकार सेना के पास होता है। सेना किसी के भी घर में बिना वारंट तलाशी ले सकती है। हालांकि अफस्पा के तहत गिरफ्तार किए गए व्यक्ति को सेना को नजदीकी पुलिस स्टेशन को सौंपना जरूरी होता है। किसी की भी यदि गिरफ्तारी होती है तो कारण बताने के लिए एक विस्तृत रिपोर्ट भी देनी होती है।

एक वक्त अफस्पा पूर्वोत्तर भारत के असम, मणिपुर, त्रिपुरा, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम और नगालैंड में लागू था। साल 2015 में इसे त्रिपुरा से हटा लिया गया था। वहीं, पूर्वोत्तर के विभिन्न राज्यों में धीरे-धीरे इस कानून में ढील दी जा रही है। कई शहरों से अब आंशिक या पूरे तरीके से अफस्पा को हटा लिया गया है। जम्मू-कश्मीर में अभी अफस्पा लादू है लेकिन इस पर विचार करने की बात कही गई है। सरकार का दावा है कि पहले के मुकाबले अब जम्मू-कश्मीर के हालात काफी बदल गए हैं। गृह मंत्री ने यथाशीघ्र केंद्रशासित प्रदेश जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने व कानून व्यवस्था पुलिस को सौंपे जाने के संकेत दिये हैं। निश्चित रूप से घाटी में पिछले कुछ समय में कानून व्यवस्था में सुधार देखा गया है। सीमा पर कड़ी चौकसी और आतंकवादी संगठनों का वित्त पोषण करने वाले व्यक्तियों व संगठनों पर नकेल कसी गई है। कइयों की संपत्ति की कुर्की, गिरफ्तारी तथा बैंक खातों को सील करने की कार्रवाइयां हुई हैं। जिसके चलते अलगावादियों की गतिविधियों पर किसी हद तक अंकुश लगाने में कामयाबी मिली है।

ऐसे में राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिये अनुकूल वातावरण बनता दिख रहा है। ऐसे में अफस्पा हटाने का कदम राज्य में विधानसभा चुनाव के अनुरूप राजनीतिक गतिविधियां आरंभ करने में सहायक साबित हो सकता है। वैसे भी नागरिक प्रशासन से जुड़े स्थानों पर सैन्य बलों की तैनाती लोकतांत्रिक मूल्यों की स्थापना की दृष्टि से अच्छी नहीं कही जा सकती है। उम्मीद के अनुरूप गृहमंत्री अमित शाह की जम्मू-कश्मीर से अफस्पा हटाने की टिप्पणी का विभिन्न राजनीतिक दलों व वरिष्ठ नौकरशाहों ने स्वागत ही किया है। जो राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया आरंभ करने की दिशा में पहला व निर्णायक कदम माना जा रहा है। जम्मू-कश्मीर को केंद्रशासित प्रदेश बनाये जाने से पहले वर्ष 2008 से 2018 तक जम्मू-कश्मीर के राज्यपाल रहे सीनियर ब्यूरोक्रेट एन.एन. वोहरा का मानना है- ह्यजम्मू कश्मीर में विशेष अधिकार अधिनियम यानी अफस्पा हटाकर कानून-व्यवस्था राज्य पुलिस को सौंपने का संकेत एक सार्थक पहल होगी। उन्होंने देश के उन अन्य क्षेत्रों में ऐसी पहल की जरूरत बतायी, जहां आंतरिक सुरक्षा के लिये लंबे समय से सैन्य बलों को तैनात किया गया है। उनका मानना है कि सार्वजनिक व्यवस्था बनाये रखना राज्य पुलिस का प्राथमिक कर्तव्य है। जिससे सेना को उसके वास्तविक काम पर लौटने में मदद मिल सकेगी ह्न निश्चित रूप से किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में नागरिक अधिकारों की बहाली सत्ता की प्राथमिकता होनी चाहिए। सैन्य बलों की कार्यशैली में नागरिकों के प्रति संवेदनशीलता को लेकर भी प्रश्न उठते रहे हैं। निश्चित रूप से नागरिकों से जुड़े कानूनी पहलुओं का क्रियान्वयन व कार्यशैली लोकतांत्रिक दृष्टिकोण की मांग करते हैं। यही वजह है कि जाने-अनजाने में कई निर्दोष लोगों के सैन्य बलों की कार्रवाई की चपेट में आने की आशंका बनी रहती है। पुलिस की भूमिका जहां कानून व्यवस्था बनाये रखने की होती है, वहीं उसे स्थानीय विवादों को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने का अनुभव भी होता है। निश्चित रूप से जोड़ने का जो काम सुई कर सकती है, उसकी जगह तलवार का उपयोग अतार्किक ही कहा जाएगा। वहीं दूसरी ओर नागरिक अधिकारों की बहाली से सरकारी तंत्र व नागरिकों के बीच भरोसा बढ़ेगा। सरकारी योजनाओं में जनता की भागीदारी में वृद्धि होगी। साथ ही राज्य में विधानसभा चुनावों के अनुकूल वातावरण बनाने में भी मदद मिलेगी। केंद्र सरकार की तरफ से पहल होनी चाहिए कि राज्य में रोजगार के अवसरों को विशेष जरूरत मानकर बढ़ाया जाए। ताकि बेरोजगारी का फायदा उठाकर अलगाववादी ताकतें उन्हें पथभ्रष्ट करने की कुत्सित कोशिश न कर सकें।

**-चिकित्सक एवं लेखक**



## कविता

आओ हम स्कूल चले
नव भारत का निर्माण करें।

छूट गया है जो
बंधन भव का
आओ मिलकर उसको
पार करें,
आओ हम स्कूल चले .....

जाकर स्कूल हम
गुरुओं का मान करें
बड़े बूढ़ों का कभी न
हम अपमान करें,
आओ हम स्कूल चले.......

जाकर स्कूल हम
दिल लगाकर पढ़ेंगे
मौज मस्ती और खेलकूद भी
खूब करेंगे,
आओ हम स्कूल चले.......

क ख ग का गान कर
हम हिंदी का मान बढ़ाएंगे।
एक दो तीन चार पढ़ कर
गणित का ज्ञान भी करेंगे।
आओ हम स्कूल चले.......

डॉ.राजीव डोगरा

# प्रोफेशनल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कैसे करें

**विजय गर्ग**

**भारत** में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में सीटों के लिए लड़ाई बहुत प्रतिस्पर्धी रही है, जिसमें प्रवेश परीक्षाएँ महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। हालाँकि, बढ़ती प्रतिस्पर्धा और सीमित सीटों के साथ, ये परीक्षाएँ कई छात्रों के लिए तनाव, चिंता और निराशा का स्रोत बन गई हैं। संख्याएँ बताती हैं कि भारत में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षाएँ अत्यधिक प्रतिस्पर्धी हैं, जिसमें लाखों छात्र सीमित संख्या में सीटों के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं। सफल होने के लिए, छात्रों को अपने विषयों में मजबूत नींव रखने, परीक्षा के लिए अच्छी तरह से तैयार होने और समय प्रबंधन और परीक्षा देने के लिए एक अच्छी रणनीति रखने की आवश्यकता है। संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई), राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी), कॉमन एडमिशन टेस्ट (कैट) और ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग (गेट) विभिन्न क्षेत्रों में स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कुछ लोकप्रिय प्रवेश परीक्षाएं हैं। ये परीक्षाएं छात्रों की शैक्षणिक कौशल का परीक्षण करती हैं और दबाव और समय प्रबंधन कौशल को संभालने की उनकी क्षमता का मूल्यांकन करती हैं। इन प्रवेश परीक्षाओं की प्रतिस्पर्धात्मकता का प्राथमिक कारण शीर्ष स्तरीय कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में उपलब्ध सीटों की सीमित संख्या है। इन संस्थानों में प्रवेश पाने में असमर्थ छात्रों के पास सीमित विकल्प होते हैं, जो उनके भविष्य की करियर संभावनाओं के लिए एक महत्वपूर्ण झटका हो सकता है। देश के कई हिस्सों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अवसरों की कमी प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाती है। परिणामस्वरूप, कम विशेषाधिकार प्राप्त पृष्ठभूमि के छात्रों को अपने अधिक विशेषाधिकार प्राप्त समकक्षों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ती है। युक्तियाँ और रणनीतियाँ समय प्रबंधनः सफलता के लिए यह महत्वपूर्ण है। छात्रों को एक अध्ययन कार्यक्रम बनाना चाहिए और उस पर कायम रहना चाहिए। प्रत्येक विषय और विषय के लिए समय आवंटित करें और उसी के अनुसार अध्ययन करें। आत्म-अनुशासनः इन परीक्षाओं में अनुशासन और समर्पण की आवश्यकता होती है। यथार्थवादी लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें प्राप्त करने की दिशा में काम करें। ध्यान भटकाने से बचें और अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करें। नियमित अभ्यासः इन परीक्षाओं में सफलता के लिए यह आवश्यक है। जितना संभव हो उतने अभ्यास प्रश्न और पिछले वर्ष के प्रश्नपत्र हल करें। इससे आपको परीक्षा पैटर्न को समझने और अपने समस्या-समाधान कौशल में सुधार करने में मदद मिलेगी। सलाहकारों से मार्गदर्शन मांगनाः सलाहकार छात्रों को मार्गदर्शन और सलाह प्रदान कर सकते हैं। पढ़ाई में दिक्कत आने पर छात्रों को अपने शिक्षकों, कोचिंग सेंटरों या ऑनलाइन ट्यूटर्स की मदद लेनी चाहिए। ऑनलाइन अध्ययन सामग्रीः ये आसानी से उपलब्ध हैं।

## विचार

# गहन चिंतन के बाद ही कुछ बोलें

**संजीव**

**शब्दों** की महिमा को अपरंपार और अक्षर को नश्वर बताया गया है ।वैसे तो शब्दों की तीव्रता तलवार से ज्यादा नुकीली और भाले से ज्यादा चुभने वाली होती है। तलवार की धार से मनुष्य एक बार बच भी सकता है पर मुंह से बोले गए शब्द व्यक्ति को मृत्यु सा मूर्छित कर देते है। इसीलिए चिंतकों ने कहा है बोलने से पहले कई बार सोचें और बोलने के बाद सोचने वाला व्यक्ति समाज में मूर्खों की श्रेणी में गिना जाता है। राजनीति और कूटनीति में सारी जद्दोजहद शब्दावली और भाषणों की होती है कूटनीति में एक शब्द के कई अर्थ निकाले जाते हैं और उससे अपना हित अहित साधा जाता है। अकबर इलाहाबादी साहब कहते हैं,

**खीचों न कमानों को, न तलवार निकालो,**
**जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो।**

मुंह से बोले गए शब्द और वाक्य बहुत सकारात्मक भी हो सकते हैं और बड़े ही भयंकर नकारात्मक भी हो सकते हैं। एक ही शब्द कहीं पर बड़े से बड़ा दंगा करवा सकते हैं और कहीं पर बोले गए प्यार के शब्द बड़े-बड़े विवादों में सुलह करा सकते हैं। शब्द की परिणति उसकी मुक्ति ही करती है। बड़े-बड़े राजनेता अभिनेता अपने मुंह से बोले गए शब्दों से लोकप्रियता के चरम पर पहुंच जाते हैं और कहीं किसी नेता के मुंह से निकला हुआ शब्द बाण समाज में विषाद और जहर भर देता है। शब्दों के जादूगर बड़ी-बड़ी आम सभाओं में सोच समझकर इस्तेमाल कर अपना सार्थक प्रभाव छोड़ते सत्ता परिवर्तन भी शब्दों के माया जाल से हि होता है। अंग्रेजी साहित्य में अरनेस्ट हेमिंग्वे को शब्दों का जादूगर माना जाता था उनके शब्दों का प्रभाव सीधे पाठकों के दिल तक पहुंच जाता था इसी तरह हिंदी में तुलसीदास विश्वव्यापी कवि है उनकी वाणी में सत्य और अमृत है। आधुनिक हिंदी साहित्य मेंअज्ञेय जी को इसी श्रेणी में रखा जा सकता है उनकी शब्दावली कठिन होते हुए भी पढ़ने वालों के मर्म तक पहुंच जाती है। महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद हिंदी और देवनागरी लिपि को आत्मसात कर उपन्यास तथा कहानी और लिख कर अमृत्व को प्राप्त किया है। देवकीनंदन खत्री जी ने भी उपन्यासों खाकर चंद्रकांता संतति, भूतनाथ पढ़ने के लिए हिंदी को सीखा और मनन किया और लोकप्रिय उपन्यास की उत्पत्ति की, कबीर अपने फक्कड़पन की भाषा के कारण उत्तर भारत के सभी दिलों में समाए हुए हैं। निसंदेह शब्द जीवंतता प्रदान करते हैं और जीवनशैली को बेहतर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं और द्रौपदी द्वारा कहे गए शब्द महाभारत की उत्पत्ति का कारण बनते हैं। इसलिए सदैव कहा जाता है की संभलकर बोलने से सद्गति प्राप्त होती है। इसीलिए तो संभल कर सही और उपयुक्त शब्दों का इस्तेमाल करना चाहिए। जो सदैव अच्छा वक्ता होता है अपने विचारों को संभल कर बोलता है भले ही वह दिलों को ना छुए पर उसका जनमानस को जीतना तय होता है और संसार पर वही राज करता है जो अपने शब्दों का सही इस्तेमाल करता है, गलत शब्द से, गलत संभाषण से गलत विचारों से बोला गया वाक्य प्रलय भी ला सकता है। शब्दों को तौल कर विचार कर बोलना चाहिए अन्यथा उसके नतीजे भयानक भी हो सकते हैं। शब्दों की मार बहुत ही तेज और बहुत मीठी भी होती है एक शब्द महायुद्ध करवा सकता है और दूसरा शब्द ऐसी शीतल फुहाँरे छोड़ता है कि सारा युद्ध उन्माद अखंड शांति में बदल जाता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अमेरिका रूस ,जापान, यूरोपीय देशों में दिए वहां के राष्ट्रपति व राजनेताओं द्वारा दिए गए भाषणों संभाषणों से युद्ध और कई बार शांति स्थापित हुई है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति प्रधानमंत्री तथा उनके कैबिनेट के मंत्री अपने दिए गए वक्तव्य से ही सारी दुनिया से अलग अलग हो गए हैं। और भड़काऊ भाषण के कारण आज दुर्गति को प्राप्त हुए हैं। भारत शांति का दूत माना जाता है शांति स्थापना की सदैव मीठी वाणी बोलता आया है और यही कारण है कि भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति का पुजारी एवं दूत कहा जाता है एवं सदैव अंतर्राष्ट्रीय विवादों में उनके राजनेताओं को मध्यस्थता अथवा समझौते के लिए आमंत्रित किया जाता रहा है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## व्यंग्य

# झूठ-सच और अल्पसंख्यक

**डॉ. सुरेश कुमार**

पहले झूठ अल्पसंख्यक और सच बहुसंख्यक हुआ करता था। अब सच अल्पसंख्यक और झूठ बहुसंख्यक है। जानवर जंगलों से क्या गायब हुए लोग जंगलों तक पहुँच गए हैं। वहाँ बड़ी-बड़ी अट्टालिकाओं में इंसानों का चोला पहनकर जानवरों सा व्यवहार करते हैं। उनकी इन करतूतों को कवर करने के लिए समाचार पत्र, मीडिया कम पड़ जाते हैं। चमकता झूठ और फीका सच अपनी धुरी पर झुकी धरती को सीधा रखने का गुरुमंत्र है। झूठ का दूसरा नाम आज गप्प हो गया है। इस गप्प की जाँच करने के लिए चुनाव के समय टिकट बाँटने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कई गप्प हाँकने में माहिर लोग चुनाव टिकट जीतने के लिए सामने आए। एक ने कहा "इंटर के बाद बारहवीं करने वाले को रोजगार जरूर मिलता है!" वाह! वाह! क्या बात कही।" मोटू साहब ने हँसते हुए कहा। दूसरे ने कहा - "मोटू साहब! मेरा जन्म सन 1990 में हुआ लेकिन मैं गांधी जी से मिल चुका हूँ। उनके साथ मेरी तस्वीरें भी हैं। मैंने उन्हें अपने हाथों से चाय बनाकर पिलाई है। "वाह यह हुई न बात! ऐसा गप्प फेंकने वाला भूत, वर्तमान और भविष्य तीनों को चमका सकता है। जब शैक्षिक संस्थान अपनी जेबों में पड़े हों और फोटो शॉपी करने की कला में माहिर हो, तो कुछ भी संभव है।" मोटू साहब ने कहा। एक साधुई चोला पहने एक बंदे ने कहा, "जबसे मैंने जुमलों के कुछ बीज निगले हैं तब से मेरे पेट में छोटे-छोटे जुमले पैदा हो रहे हैं। जब कोई जुमला बड़ा हो जाता है तो उसे जनता को खिला देता हूँ। उनकी भूख मिटा देता हूँ।"

"यह संभव है। तुमने किसी ताकतवर जुमले के बीज निगल लिए होंगे" मोटू साहब ने बिना पलकें झपके कहा।

"मोटू साहब!

क्या मुझे भी बोलने की अनुमति है?" गरीब आदमी ने पूछा। 'अवश्य" मोटू साहब ने ताना कसते हुए कहा। गरीब आदमी ने जोर से कहा "सूरज दिन में चाँद रात में दिखाई देता है, लेकिन आप चौबीसों घंटे दिखाई देते हैं। आप चुनाव के समय दिल्ली को डल्लास, नैनीताल को न्यूयार्क, भटिंडा को बीजिंग और वरंगल को वाशिंगटन बना देते हैं। गंगा में जितना पानी नहीं है उतना तो आपकी आँखों में है।

## वॉलपोस्टर

**डॉ. सुरेश कुमार**

**बुद्धि** जब सोचने-समझने की क्षमता खो देती है तब हम अपने पैरों पर न चलकर भ्रम के पैरों पर चलने लगते हैं। भ्रम का मायाजाल कुछ इस तरह सिर चढ़कर बोलता है कि मानो तालाब में खिले कमल कह रहे हों कि हम तुम्हारे लिए ही खिले हैं। दूर गगन में टंगा आसमान मानो हमारे आंगन में फुटबाल की तरह गिरा पड़ा है। बचपन की बुद्धि सोचने-समझने से नहीं कुटिलताओं से परे होती है। कितना अच्छा होता कि यह बचपन जीवन की सभी दशाओं में सबसे लंबी अवस्था होती। न किसी से छल करते न किसी से झूठ बोलते। खुद में मस्त होकर जहाँ चाहे वहाँ खेलते-कूदते। प्रदूषण की माया ने आसमान के तारों को रंग-बिरंगे कागजों में झिलमिलाने के लिए मजबूर कर दिया है। एक समय था जब आंगन के डार पर टंगी सादी साड़ी के इस पार से उस पार के तारों को देखने पर ऐसा लगता मानो किसी ने आकर साड़ी पर सितारे टांक दिए हैं। जब जिंदगी खुद धुआँ-धुआँ सा लगने लगे तब आसमान के तारों की बात करना बेईमानी होती है। पहले देशभक्ति रगों में दौड़ती थी। अब खादी के कपड़ों और चौराहे से खरीदे प्लास्टिक के झंडों में सिमटी बैठी है। था एक समय जब मतवालों की तरह जयहिंद-वंदेमातरम-इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाते हुए निकल पड़ते थे किला फतेह करने। अब गालों पर तिरंगा रंग लगाए, चंद नाखून और बाल कटवाकर खूद को देश के लिए होम होने वाला बड़ा देशभक्त घोषित कर लेते हैं। गलों के पावन मंदिर से निकलने वाले देशभक्ति गीतों के स्थान पर बेतूके गानों की धूम मची है। न स्वतंत्रता दिवस का ज्ञान न गणतंत्र का। बस इतना पता है कि दोनों दिन झंडा फहराते हैं और छुट्टी होती है। न जाने हमारे देश में कैलेंडर कौन बनाता है जो इन दिवसों को राष्ट्रीय पर्व के रूप में दिखाता है। वह तो भला हो हमारी नवपीढ़ी का जो उसे सुधारकर छुट्टी के रूप में मनाने का कोई अवसर नहीं गंवाते। यादों की दुनिया में विचरना भ्रम ही तो है। रुपए-पैसे और नाम कमाने के खेल में हम इतने रम गए कि खुद के आगे देश को बौना समझने लगे। देश को मिट्टी का टुकड़ा समझकर खुद को बेशकीमती समझने लगे। अपनी कल्पनाओं की दुनिया में विचरते हुए ऐंठन में कॉलर का उठाना, जात-पात, धर्म के नारे लगाने वाले शायद यही कुछ जमापूँजी के रूप में बचा रहे हैं। वालपोस्टरों में चेहरे दिख जाने से पेट थोड़े न भरेंगे।

## न्यूज फ्लैश

### इकोस (इंडिया) मोबिलिटी एंड हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड ने डीआरएचपी दाखिल किया

**नोएडा।** इकोस (इंडिया) मोबिलिटी एंड हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड ("कंपनी") वित्त वर्ष 2023 के लिए परिचालन से आय और कर पश्चात लाभ (पैट) के लिहाज से भारत में कॉरपोरेट जगत को शोफर द्वारा चलाई जाने वाली (शोफर ड्रिवन) वाहन प्रदान करने वाली सबसे बड़ी और सबसे लाभदायक कंपनी रही (स्त्रोतः एफ एंड एस रिपोर्ट) और इसने ? 2 अंकित मूल्य ("इक्विटी शेयर") के 18,000,000 इक्विटी शेयरों तक की प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए सेबी के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है।कंपनी के प्रवर्तक राजेश लुम्बा, आदित्य लुम्बा, राजेश लुम्बा फैमिली ट्रस्ट और आदित्य लुम्बा फैमिली ट्रस्ट हैं। इस पेशकश के तहत 18,000,000 इक्विटी शेयरों ("प्रस्तावित शेयर") तक की बिक्री पेशकश (ऑफर फॉर सेल-ओएफएस) शामिल है, जिसमें राजेश लुम्बा द्वारा 9,900,000 इक्विटी शेयर; और आदित्य लुम्बा द्वारा 8,100,000 इक्विटी शेयर तक ("सेलिंग शेयरहोल्डर") की "बिक्री पेशकश" शामिल है। यह कंपनी पिछले 25 साल से अधिक समय से भारत में फॉर्च्यून 500 कंपनियों सहित कॉर्पोरेट ग्राहकों को किराए पर शोफर ड्रिवन कार ("सीसीआर") सेवा और कर्मचारी परिवहन सेवा ("ईटीएस") प्रदान कर रही है। कंपनी 9,000 से अधिक इकोनॉमी से लेकर लग्जरी कार, मिनी वैन और लग्जरी कोच के बेड़े का परिचालन करती है, जिसमें लग्जरी वाहन (ऑडी, बीएमडब्ल्यू और मर्सिडीज-बेंज जैसे ऑटोमोबाइल ब्रांडों के वाहन सहित), इकॉनमी वाहन, प्रीमियम वाहन और बस/वैन जैसी विभिन्न श्रेणियां शामिल हैं। यह लगेज वैन, लिमोजिन, विंटेज कारों और दिव्यांगों की विशिष्ट जरूरत के अनुरूप वाहन आदि जैसे विशेष वाहन भी प्रदान करती है।

### हर स्टूडेंट का सपना होगा साकार, आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ने की विभिन्न स्कॉलरशिप की घोषणा

**गुरुग्रामः** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने अप्रैल 2024 में शुरू होने वाले अपने नए सत्र की शुरूआत से पहले छात्रों को डॉक्टर और इंजीनियर बनने के सपने को साकार करने में सक्षम बनाने के लिए अलग-अलग स्कॉलरशिप की घोषणा की है।



पहली छात्रवृत्ति इंस्टेंट एडमिशन कम स्कॉलरशिप टेस्ट (आईएसीएसटी) है, जो मेडिकल, इंजीनियरिंग और फाउंडेशन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 90% तक छात्रवृत्ति प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त, आकाश शहीदों के बच्चों, रक्षा कर्मियों और आतंकवाद प्रभावित व्यक्तियों को विशेष छूट प्रदान करेगा।
आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के चीफ बिजनेस ऑफिसर श्री अनूप अग्रवाल ने कहा, "हम भारत भर में छात्रों के लिए सुलभ और प्रभावशाली शैक्षिक अवसर प्रदान करने के लिए समर्पित हैं। आईएसीएसटी और हमारे छात्रवृत्ति कार्यक्रमों जैसी पहल के माध्यम से, हमारा लक्ष्य योग्य छात्रों को उनकी शैक्षणिक उपलब्धि हासिल करने के लिए सशक्त बनाना है। हमें अपने बहादुर सशस्त्र बल कर्मियों के बच्चों की शिक्षा का समर्थन करने की अपनी परंपरा को जारी रखने पर गर्व है और हम शिक्षा में उत्कृष्टता और समावेशिता को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" इंस्टेंट एडमिशन कम स्कॉलरशिप टेस्ट छात्रों को तत्काल छात्रवृत्ति पुरस्कार और तत्काल प्रवेश के अवसर प्रदान करता है। छात्र ऑनलाइन परीक्षा दे सकते हैं और अपनी अर्जित छात्रवृत्ति का विवरण तुरंत प्राप्त कर सकते हैं, जिससे वे आकाश संकाय के विशेषज्ञ मार्गदर्शन के तहत तुरंत प्रवेश सुरक्षित कर सकेंगे। 60 मिनट तक चलने वाला ऑनलाइन आईएसीएसटी निर्धारित परीक्षा के दिनों में सुबह 10 बजे से रात 8 बजे के बीच लिया जा सकता है।
आठवीं से बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए आईएसीएसटी चिकित्सा या इंजीनियरिंग में करियर के लिए अपनी क्षमता दिखाने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। आईएसीएसटी के माध्यम से प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्तियां मेडिकल, इंजीनियरिंग और फाउंडेशन कक्षा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए लागू होती हैं।

# अतिरिक्त मुख्य सचिव एफसीएस एवं सीए ने मंडियों के संबंध मे दिए दिशा-निर्देश

## उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने दिया आश्वासन किसानों की समस्याओं का मौके पर होगा निदान

**कमाल हुसैन**
**पानीपतः अतिरिक्त मुख्य** सचिव एफसीएस एवं सीए डॉ.सुमित्रा मिश्रा ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के उपायुक्तों को रबी विपणन सीजन 2024-25 में खरीद की व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरसों की खरीद का कार्य प्रारंभ हो चुका है व अगले माह 1 अप्रैल से गेहूं की खरीद का कार्य शुरू हो जाएगा। खरीद को लेकर मंडियों में व्यवस्था को दुरुस्त करना होगा। मंडियों में व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर सक्षम युवा व लोकल स्टाफ, सीसीटीवी कैमरे व सुरक्षा की व्यवस्था मार्केटिंग बोर्ड द्वारा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने नोडल ऑफिसर नियुक्त करने के भी निर्देश दिए ताकि खरीद के सीजन में



किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे मंडियों में कंप्यूटर ऑपरेटरो के अलावा बिजली, पानी, सुरक्षा, सफाई पर विशेष ध्यान देना दें। उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने आश्वासन दिया कि किसानों को मंडी में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा। बिजली पानी और अन्य सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। वे समय-समय पर मंडियों का निरीक्षण भी कर रहे हैं ,आगे भी इसे जारी रखेंगे। किसानों की मंडी संबंधित समस्याएं भी मौके पर दुरुस्त कर रहे हैं। डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि जिले की कुल 12 मंडियों में गेहूं व सरसों के इस सीजन के मौसम में मंडियों में आने वाली फसलों के भंडारण की क्षमता का विशेष ध्यान रखा गया है। सीजन में 2.50 लाख एमटी टन गेहूं की खरीद का अनुमान है। अब तक 177 एमटी सरसों की खरीद की जा चुकी है। उपायुक्त ने वीडियो कांफ्रेंस के बाद अधिकारियों के साथ बैठक की व मंडियों में व्यवस्था को लेकर मंथन किया। उन्होंने स्पेशल वेरिफिकेशन व फसल की आवक के बारे में भी संबंधित अधिकारियो से जानकारी ली व गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि अधिकारी इस सीजन में किसी तरह की किसानों द्वारा शिकायत मिलती है तो तुरंत प्रभाव से उसका निदान करें।

## लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया



**कमाल हुसैन**
**पानीपतः मतदाता** जागरूकता अभियान के तहत एसडीएम पानीपत एवं पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के एआरओ मनदीप कुमार ने शुक्रवार को ददलाना गांव में विभिन्न बूथों का निरीक्षण किया और लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। एसडीएम मनदीप कुमार ने ग्रामीणों से बातचीत करते हुए कहा कि सरकार बनाने में युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। हमें हमारे वोट का उचित प्रयोग करना है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि लोकतंत्र को मजबूत करने को लेकर ज्यादा से ज्यादा मतदान करें। उन्होंने कहा कि सभी लोग 25 मई को अपना वोट डालने जरूर जायें। सभी मतदाता मतदान प्रतिशत के लक्ष्य को हासिल करने और मतदान में अपनी भागीदारी सौ प्रतिशत सुनिश्चित करने के लिए अपनी वोट डालने अवश्य जाएं और दूसरे लोगों को भी प्रेरित करें। एसडीएम मनदीप कुमार ने गांव ददलाना के राजकीय स्कूल में बनाए गए मतदान केंद्र का भी दौरा किया और मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेशों के तहत सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

## योग हमारे चीजों को देखने के तरीके को नहीं बदलता, यह

**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। मेरा मिशन स्वस्थ** भारत के तहत सेक्टर-32 में विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमे मिशन प्रमुख दिनेश गुलाटी ने साधकों को सूक्ष्म व्यायाम, आसन और प्राणायाम का अभ्यास करवाया। जन-जन को योग करवाना और उनको स्वस्थ करना ही दिनेश गुलाटी और उनकी टीम का उद्देश्य है और इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए स्थान-स्थान पर योग शिविर लगाना, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग योग से जुड़ें और अपने आपको स्वस्थ कर सकें। प्राणायाम के अभ्यास का महत्व बताते हुए उन्होंने कहा कि

# बाइक चोरी गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार

**कमाल हुसैन**
**पानीपतः एंटी व्हीकल थेप्ट** इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि उनकी टीम को वीरवार देर शाम गश्त व जांच पड़ताल के दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म के तीन युवक एक एचएफ डिलक्स बाइक पर सवार होकर चौटाला रोड पर गौशाला के पास घूम रहे है। बाइक चोरी की होने की संभावना है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर तीनों युवकों को काबू कर पूछताछ की तो उन्होंने अपनी पहचान नितीश पुत्र प्रेमसिंह निवासी शेखपुर बुलंदशहर यूपी, मोनू पुत्र भूरेलाल निवासी विकास नगर व जावेद पुत्र नाजिर निवासी भारत नगर के रूप में बताई। बाइक के कागजात दिखाने के लिए कहा तो तीनों युवक बहाने



बाजी करने लगे। गहनता से पूछताछ करने पर आरोपियों ने बाइक अगस्त 2021 में समालखा में एक मोबाइल की दुकान के बाहर से चोरी करने बारे स्वीकारा। बाइक चोरी की वारदात बारे थाना समालखा में पवन पुत्र रामनिवास निवासी हथवाला की शिकायत पर अभियोग दर्ज है। सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि गहनता से पूछताछ करने पर तीनों आरोपियों ने नशे की हालत में अलग अलग स्थान से दो अन्य बाइक चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। आरोपियों ने पुलिस को बताया वह तीनों नशा करने के आदी है। तीनों आरोपियों के पास खुद की बाइक नही थी। आरोपियों ने अपनी नशे की लत पूरी करने के लिए मिलकर अलग अलग स्थान से एकाएक कर तीन बाइक चोरी की। आरोपियों ने चोरीशुदा दो बाइक विश्वकर्मा चौक के पास छुपाकर खड़ी की हुई थी। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर विश्वकर्मा चौक के पास से एक स्पलेंडर व एक एचएफ डिलक्स बाइक बरामद कर बाइक के मालिक की पहचान ना होने पर दोनों बाइक को 102 सीआरपीसी की के तहत कब्जा पुलिस में लिया गया। आरोपियों के कब्जे से चोरी की कुल 3 बाइक बरामद कर पुलिस ने पूछताछ के बाद शुक्रवार को तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

## रमजान के तीसरे जुमे पर लोगों ने मांगी दुआएं

**कमाल हुसैन**
**पानीपतः माह-ए-रमजान** के तीसरे जुमे की नमाज शहर, कस्बों और ग्रामीण इलाकों की मस्जिदों में अकीदत के साथ पढ़ी गई। इस्लाम धर्म में जुमे की नमाज खास फजीलत (नेकी) देती है। यह नमाज हर मुसलमान अदा करता है। नमाज के बाद लोगों ने झोली फैला और हाथ उठाकर अपने रब से रो रोकर दुआएं मांगी। रमजान में जुमे के महत्व को कुछ तरह बताया जैसे दूसरे मुल्क में जाने के लिए पासपोर्ट और वीजा। जन्नत अल्लाह का दूसरा मुल्क है।

**जकात इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक**

माह-ए-रमजान में रोजा, नमाज और कुरान पढने के साथ जकात (दान) देने का भी बहुत महत्व है। जकात इस्लाम के पांच स्तंभों में से एक है। यह हर मालदार पर फर्ज है। खासकर लोग माह-ए-रमजान में इसकी अदायगी करते हैं।

**जकात अदा करने का यह सबसे उपयुक्त समय**

मजहब-ए-इस्लाम सिर्फ रोजा, नमाज व अन्य इबादतों की शिक्षा नहीं देता बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों व मानवीय कर्तव्यों को लेकर भी संवेदनशील है। माहे रमजान में अदा किए जाने वाले जकात को नजीर के तौर पर देखा जा सकता है। जकात को इस्लामिक कानून बताते हुए मौलाना सादिक कहते हैं कि जकात हर उस शख्स को निकालना जरूरी है।

# जींद से रामलीला ग्राउंड के लिए निकले पैदल मार्च का स्वागत किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**रोहतकः** आम आदमी पार्टी और "इंडिया" गठबंधन के समर्थकों का जत्था शुक्रवार को रोहतक पहुंचा। जींद से रामलीला मैदान के लिया पैदल मार्च कर रहे पदाधिकारियों का आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने उनके निवास स्थान पर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि "तानाशाही हटाओ लोकतंत्र बचाओ" के नारे के साथ इंडिया गठबंधन के सभी घटक दल इक्कठा होंगे। 31 मार्च की कठउक्रअ एलायंस की रैली में बड़े नेता शामिल होंगे। इनमें मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव, झारखंड उट चंपई सोरेन और हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन भी शामिल होंगी। इसके साथ शरद पवार, उद्धव ठाकरे और टीएमसी से डेरेक ओ ब्रायन भी आएंगे। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ रामलीला मैदान में अबतक के इतिहास की सबसे बड़ी रैली होगी। आज देश तानाशाही के तरफ बढ़ रहा है। जिस प्रकार कांग्रेस पार्टी के सभी खाते फ्रीज कर दिए गए हैं। वहीं आम आदमी पार्टी के नेताओं को जेल में डाल दिया गया है। इसके विरुद्ध विपक्ष की आवाज रामलीला मैदान में गूंजेगी। इसमें देश भर से इंडिया गठबंधन के समर्थक शामिल होंगे। वहीं हरियाणा से भी हजारों की संख्या में समर्थक शामिल होंगे।

## कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ः गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूलाः** लोकसभा चुनाव को ऐतिहासिक मतों से जीतने के लिए भाजपा जुटी हुई है। दस की दस सीटें जीतने के लक्ष्य को लेकर भाजपा लगातार बैठकें कर कार्यकताओं में जोश भर रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को पंचकूला जिला के बरवाला मंडल, नाड्डा मंडल, मोरनी मंडल, रायपुररानी मंडल की संगठनात्मक बैठक हुई। इन बैठकों में विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता, लोकसभा प्रत्याशी बंतो कटारिया, पूर्व विधायक लतिका शर्मा और जिला अध्यक्षा दीपक शर्मा मौजूद रहे। इन सभी नेताओं ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी के साथ जोड़ने, मोदी और नायब सरकार की योजनाओं व नीतियों की जानकारी देने, नए वोटरों से संपर्क करने का आह्वान किया। ज्ञानचंद गुप्ता ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। कार्यकर्ताओं के दम पर भाजपा लगातार जीतती आ रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा इस बार भी 10 की 10 लोकसभा सीटें जीतकर मोदी जी के पास भेजने का काम करेगा।

# गुड फ्राइडे पर चर्च में हुई प्रार्थना

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुराः सेंट्रल मेथोडिस्ट** चर्च मथुरा तथा सभी चर्च में गुड फाईडे मानने वाले अनुयाई गिरजाघर जाकर ईसा मसीह को याद किया। गुड फ्राइडे को होली फ्राइडे व ब्लैक फ्राईडे के रूप में जाना जाता है। इस दिन यीशु मसीह को सूली पर चढ़ाया गया था। गुड फ्राइडे के दिन को दुनिया भर में मानवता के लिए कुबार्नी की याद में बनाते हैं। यह दिन ईसाई समुदाय में खास माना जाता है। ईसाई समुदाय की मान्यता के अनुसार इस दिन ईसा मसीह ने पूरी दुनिया से बुराई को खत्म करने के लिए अपना बलिदान दिया। गुड फ्राइडे के दिन को ईसाई लोग शौक के रूप में याद करते हैं और फास्टिंग व्रत भी रखते हैं। साथ ही



इस दिन लोग गिरजाघर जाकर ईसा मसीह को याद करते हैं और प्रार्थना भी करते हैं। वहीं कई जगहों पर गुड फ्राइडे के दिन ईसा मसीह के बलिदान और उनके अंतिम शब्द और बलिदान के बारे में पादरी श्रीपाल ने सूली से कहीं गई यीशु मसीह की सात बातों के बारे में बताया। यीशु मसीह द्वारा सली से कही गई साथ बातें यह हैं पहली बात है पिता इन्हें क्षमा कर क्योंकि यह नहीं जानते कि यह क्या कर रह हैं।0 दूसरी बात आज ही तू मेरे साथ स्वर्गलोक में होगा। तीसरी बात हे नारी देख यह तेरा पुत्र है। चौथी बात हे मेरे पिता तूने मुझे क्यों छोड़ दिया। पांचवी बात मैं प्यासा हूं। छठी बात पूरा हुआ साथ भी बात है पिता मैं अपनी आत्मा तेरे हाथों में सौंपता हूं यह सात बातें प्रभु यीशु मसीह ने कहीं। आरके मेसी ने बताया कि यीशु मसीह के मानने वाले लोग उधर पाएंगे और यीशु मसीह के साथ स्वर्ग के भागीदार होंगे। वहीं 31 मार्च को यीशु मसीह के जीव उठने की खुशियां भी आपस में बाटेंगे जिस प्रकार यीशु मसीह तीसरे दिन मर्दों में से जीवित हुए इसी प्रकार हम भी यीशु मसीह के साथ जीवित होंगे।

## रैलियां निकालकर मतदान के प्रति किया जागरूक

**मथुरा। किशोरी रमण** स्नातकोत्तर महाविद्यालय मथुरा की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई के छात्र छात्राएं महाविद्यालय प्राचार्य के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नवीन अग्रवाल एवं डॉ. अशोक कौशिक की नेतृत्व में स्वीप टीम जिला कोऑर्डिनेटर प्रो. पल्लवी सिंह, मांट विधानसभा कोऑर्डिनेटर डॉ. दीन दयाल एवं जिला साक्षरता क्लब प्रभारी मनीष दयाल के मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत किशोरी रमण महाविद्यालय से रैली प्रारंभ कर शहर की गलियों में मतदाता जागरूकता अभियान को गति दी। रैली के बाद छात्र छात्राओं ने मतदाता जागरूकता नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति की।

# हवन-यज्ञ के साथ हुआ स्विमिंग क्लब उग्राखेड़ी का शुभारंभ

**कमाल हुसैन**
**पानीपत , बलदेव सिंह** मैमोरियल तरणताल क्लब सोसायटी (सुखबीर सिंह मालिक) स्विमिंग पूल का शुभ आरम्भ हवन करवा कर किया। इस अवसर पर सुखबीर सिंह मलिक ने बताया अब यह स्विमिंग पूल सुबह 6 बजे से लेकर शाम 8 बजे तक खुला रहेगा। यहाँ पर कोचिंग तकनीकी कोचों द्वारा दी जाती है। यहाँ तैराकी सिखाने के साथ-साथ स्विमिंग प्लेयर भी तैयार किये जाते हैं। यहां स्विमिंग पूल सेफ्टी उपकरण भी उपलब्ध हैं। जिनसे समय-समय पर जीवन रक्षक ट्रेनिंग दी जाती है। ये तैराकी के गुण सीखकर हैल्थ को भी फिट किया जाता है। आज के युग मे तैराकी सीखना ना सिर्फ पानी मे डूबने से



खुद की रक्षा करता है, बल्कि दूसरों की भी रक्षा करता है। तैराकी एक ऐसा व्यायाम है जो हमारे शरीर को फिट रखता है। पानीपत जिले का पहला स्विमिंग पूल है जो आठ लेन का है यहां पर बच्चे तैराकी की ट्रेनिंग लेकर जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर अपना रोशन कर सकते हैं। अतः तैराकी से हमारे शरीर के हेल्थ का सिस्टम संबंधित है। हेल्थ का जो सिस्टम है जिसकी शरीर को जरूरत होती है। इसमें इंडोरेशा, स्पीड व लचीलापन एवं ताकत और रेस्प्रेटरी स्याटें को तैराकी मजबूत बनाती है। तैराकी से हमारे शरीर की इंटरनल और एक्सटर्नल बीमारियों से भी बचा जा सकता है। आज के युग में
तैराकी ही सबसे बेहतर एक्सरसाइज है। इस स्विमिंग पूल के शुभारंभ पर सुखबीर मलिक, प्रधान जिला तैराकी संघ, प्यारे लाल, उपप्रधान, श्याम सिंह मलिक, जसबीर मलिक और उग्राखेड़ी के मौजूदा सरपंच सुधीर मलिक, संदीप मलिक, प्रधान स्विमिंग पूल, गीता, महासचिव, साहिल, नितिन मलिक, राजिंदर शर्मा (प्रधान खेल संघ, पानीपत) हवन में मौजूद रहे। इस अवसर पर बच्चों ने पानीपत के इस स्विमिंग पूल पर तैराकी का आंनद उठाया। इस स्विमिंग पूल पर पूर्णतया सुविधाएं और साफ सुथरा पानी , साफ सुथरे बाथरूम, पीने का पानी तथा हैल्दी फूड कैंटीन उपलब्ध है।

# टीबी को हराने के लिए सरकार-समाज का साझा प्रयास जरूरीः डॉ. सुनील

## शिविर में 85 लोगों का जांचा स्वास्थ्य, तीन के सैंपल टीबी जांच के भेजे सिविल अस्पताल

**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : जिला रेडक्रास** सोसायटी के सचिव डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि टीबी मुक्त हरियाणा के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सरकार और समाज का साझा सहयोग जरूरी है। रेडक्रास और स्वास्थ्य विभाग की ओर से संयुक्त रूप से टीबी मरीजों को तलाशने के लिए स्क्रीनिंग कैंप लगाए जा रहे हैं। इन कैंपों में लोगों को टीबी के प्रति जागरूक करने के साथ टीबी के लक्षण दिखाई देने पर सैंपल जांच के लिए सिविल अस्पताल भेजे जाते हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को जिला रेडक्रास सोसायटी की ओर से टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत राजकीय प्राथमिक पाठशाला चनारथल में टीबी स्क्रीनिंग और



स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। स्क्रीनिंग कैंप में तीन लोगों के सैंपल जांच के लिए सिविल अस्पताल भेजे गए। वहीं स्वास्थ्य जांच शिविर में 85 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई रेडक्रास जिला टीबी को-आर्डिनेटर अंजलि की अगुवाई में आयोजित हुई स्वास्थ्य जांच शिविर में सिविल अस्पताल के चिकित्सकों की टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और वालंटियर जोगेंद्र व राहुल ने शिविर में पहुंचे लोगों को मुफ्त दवाइयां वितरित की। सिविल अस्पताल के चिकित्सक डॉ. वैभव ने शिविर में पहुंचे लोगों की टीबी, एचआईवी स्क्रीनिंग और सामान्य स्वास्थ्य की जांच की। जिला सचिव सुनील कुमार ने कहा कि सोसायटी के प्रधान एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा के मार्गदर्शन में जिले भर में टीबी उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश भर में वर्ष 2025 तक टीबी समाप्त करने का लक्ष्य रखा है। इस लक्ष्य को पूरा करने में रेडक्रास सोसाइटी अहम भूमिका निभा रही है। जिला को-आर्डिनेटर अंजलि ने कहा कि कहा कि टीबी समाप्ति को लेकर राज्य सरकार ने जो लक्ष्य हासिल किया है, वह जल्द ही पूरा होगा। रेडक्रॉस की ओर से ड्राप आउट क्षय रोगियों का इलाज किया जा रहा है। सरकार की ओर से टीबी जागरूकता को लेकर जो कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं, उनमें भी रेडक्रास सोसायटी बढ़-चढकर हिस्सा लेती है। डॉ. वैभव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग और रेडक्रास के संयुक्त सौजन्य में टीबी मुक्त हरियाणा के लक्ष्य को हासिल करने के लिए बेहतरीन काम किया जा रहा है।सिविल अस्पताल में जांच की तमाम सुविधाएं उपलब्ध हैं, वहां कोई भी व्यक्ति टीबी जांच करवा सकता है।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से भूपेंद्र, आशीष, राजकीय प्राथमिक पाठशाला चनारथल से स्टाफ सदस्य गीता रानी, सुखदेव शर्मा, अमित, परमजीत, मोमन और आंगनबाड़ी वर्कर संतोष, सुनीता, स्वर्णजीत कौर और सुषमा प्रमुख रूप से मौजूद रहीं।

# पूर्व जिला प्रधान गुरमीत सिंह को सेवानिवृत्ति पर स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः पैंशन बहाली** संघर्ष समिति,कुरुक्षेत्र की टीम की तरफ से समिति के पूर्व जिला प्रधान स. गुरमीत सिंह को बिजली विभाग से उनकी सेवानिवृत्ति पर फूल मालाएं पहनाकर व मोमेंटो देकर बधाई एवम शुभकामनाएं दी गई । इस अवस्त पर विभाग की और से सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमे बिजली विभाग के कर्मचारियों के साथ साथ अन्य विभागों के कर्मचारी भी शामिल रहे।सभी कर्मचारियों से सम्मानित होने पर गुरमीत सिंह ने कहा कि उन्होंने सदैव कर्मचारियों के हित की लड़ाई लड़ी है, जिसमे पुरानी पेंशन बहाल करवाना ,व कर्मचारियों के अन्य



लाभ दिलवाना शामिल रहा है।वे स्वयं भी न्यू पेंशन योजना के अंतर्गत आते है। जिसमें सेवानिवृत होने के बाद उनकी मामूली पेंशन ही बनी है। उन्होंने सभी कर्मचारियों को वोट फॉर ओ पी एस के संघर्ष को आगे बढ़ाने का आवाहन किया। पेंशन बहाली संघर्ष समिति,कुरुक्षेत्र जिला प्रधान नरेश फूल ,राज्यकार्यकारिणी सदस्य कुलदीप शर्मा,जिला वरिष्ठ उप प्रधान सौरव राणा,जिला उप प्रधान पहल पवार,जिला प्रैस प्रवक्ता अमरजीत पांचाल, जिला सहसचिव रघुबीर,थानेसर प्रधान प्रदीप राणा, राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ, कुरुक्षेत्र की ओर से सुधीर ढांढा व अशोक सैनी व सैकड़ों कर्मचारी मौजूद रहे।









# सुनीता ने 'केजरीवाल को आशीर्वाद' कैंपेन लॉन्च किया

= केंद्रीय मंत्री बोले- दिल्ली के सीएम केजरीवाल दिन गिन रहे, पत्नी मुख्यमंत्री बनने की तैयारी कर रहीं

**आशीर्वाद**

**8 मैं वॉट्सऐप नंबर 8297324624 दे रही हूं। आप इस पर मैसेज भेजकर अपने अरविंद को आशीर्वाद भेज सकते हैं।**





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी ने 'केजरीवाल को आशीर्वाद' अभियान लॉन्च किया है। शुक्रवार (29 मार्च) को दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने कहा, "मैं आपको (जनता) वॉट्सऐप नंबर 8297324624 दे रही हूं। आप इस पर मैसेज भेजकर अपने अरविंद को आशीर्वाद भेज सकते हैं।" केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कस्टडी में रह रहे अरविंद केजरीवाल पर तंज कसा कि उनके (अरविंद केजरीवाल) पास गिनती का वक्त बचा है। संभवतः उनकी पत्नी सुनीता मुख्यमंत्री पद की तैयारी कर रही हैं। केजरीवाल की पत्नी रेवेन्यू सर्विस में रहने के दौरान महज उनकी साथी नहीं थीं। वे (केजरीवाल) सबको साइडलाइन कर चुके हैं। अब मैडम तैयारी कर रही हैं। उधर, दिल्ली की मंत्री और आप नेता आतिशी ने आरोप लगाया कि ईडी भाजपा के राजनीतिक हथियार के रूप में काम कर रहा है। वह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के फोन तक पहुंच कर आप की लोकसभा चुनाव रणनीति के बारे में जानना चाहता है। अरविंद केजरीवाल के फोन का पासवर्ड एऊनहीं, भाजपा चाहती है। . मैं सुनीता केजरीवाल अरविंद की धर्मपत्नी, कल अरविंद केजरीवाल ने जो कोर्ट में कहां वो आपने सुना होगा, अगर नहीं सुना तो कृपया एक बार सुनिए। उन्होंने जो कोर्ट के सामने बोला उसके लिए बहुत हिम्मत चाहिए। सच्चे देशभक्त हैं वो। बिल्कुल ऐसे ही हमारे स्वतंत्रता सैनानी अंग्रेजों की तानाशाही से लड़ते थे।

पिछले तीस साल से मैं उनके साथ हूं, देशभक्ति उनके रोम-रोम में बसी है। आप का नया अभियान शुरू आगे कहा कि अरविंद केजरीवाल ने देश की सबसे भ्रष्टाचारी, तानाशाही ताकतों को ललकारा है। आपने अरविंद केजरीवाल को अपना भाई अपना बेटा कहा है, क्या आप इस लड़ाई में अपने भाई अपने बेटे का साथ नहीं देंगे। मुझे पूरा विश्वास है कि हम सब साथ मिलकर ये लड़ाई लड़ेंगे। सुनीता ने आगे कहा कि मैं आपको एक वॉट्सऐप नंबर दे रही हूं। वॉट्सऐप नंबर 8297324624 है। आज से हम एक अभियान शुरू कर रहे हैं जिसका नाम 'केजरीवाल को आशीर्वाद' है। इस नंबर पर आप अपने केजरीवाल को आशीर्वाद, दुआएं और प्रार्थनाएं भेज सकते हैं। कोई और भी संदेश देना चाहें तो वो भी दे सकते हैं। कई माताओं ने तो अपने बेटे के लिए मन्नत मांगी है। कई बहनों ने भी अपने भाई के लिए मन्नत मांगी है। वो भी लिखकर भेज सकते हैं। लोग केजरीवाल के लिए व्रत रख रहे हैं। मुझे कई लोगों के फोन भी आए कि उन्होंने अरविंद के लिए व्रत भी रखा है, कितना प्यार करते हैं अरविंद जी से लोग। वो सब लिखकर भेजिए। कुछ और भी अगर कहना है या कुछ भी मन में आए तो इस नंबर पर भेज दीजिए। हर परिवार का हर सदस्य लिखकर भेजे, आपका मैसेज पढ़कर उनको बहुत अच्छा लगेगा। आपका एक-एक मैसेज उन तक पहुंचेगा। मैं आप सबके मैसेज उनको जेल में देकर आऊंगी।

## केजरीवाल के फोन का पासवर्ड चाहती हैं ईडीः आतिशी

आप किसी भी पार्टी से हों या कोई भी हों अरविंद को मैसेज जरूर भेजें। सभी युवा महिलाएं, बच्चे, बूढ़े, अमीर, गरीब सब लोग अपने भाई अपने बेटे अरविंद जी को कुछ न कुछ जरूर लिखें। इसके साथ ही इस नंबर का भी खूब प्रचार करें। आतिशी का आरोप है कि भाजपा अरविंद केजरीवाल के फोन का पासवर्ड जानना चाहती है। आतिशी ने कहा कि राउज एवेन्यू कोर्ट में अरविंद केजरीवाल की रिमांड की सुनवाई के दौरान एऊके वकील एएसजी राजू ने अनजाने में एजेंसी का असली मकसद कोर्ट और दुनिया के सामने रख दिया। उन्होंने यह भी कहा कि अरविंद केजरीवाल की हिरासत कुछ और दिनों के लिए इसलिए बढ़ाई गई क्योंकि केजरीवाल ने उन्हें अपने फोन का पासवर्ड नहीं दिया है।

# सीरिया में बैठे आतंकी भारत में पढ़े-लिखे युवाओं का कर रहे ब्रेन वॉश



**चिंता की बात**

**8 फाइनल ईयर के छात्र तौसीफ अली फारूकी को आइएस के लिए काम करने के आरोप में पकड़ चुकी है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** हाल के वर्षो में पढ़े लिखे युवाओं का आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट व अन्य संगठनों के प्रति झुकाव को देखकर भारतीय जांच एजेंसी हैरान हैं। कई मामला सामने आने पर सवाल उठने लगे हैं कि क्या भारत में आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट व अन्य संगठन पढ़े-लिखे युवाओं का ब्रेन वॉश कर उन्हें आतंकी बनाने की कोशिश कर रहे हैं ? पिछले हफ्ते असम पुलिस आईआईटी गुवाहाटी के फाइनल ईयर के छात्र तौसीफ अली फारूकी को आइएस के लिए काम करने के आरोप में पकड़ चुकी है। मूलरूप से दिल्ली के जाकिर नगर, वेस्ट डी ब्लॉक में रहने वाले तौसीफ अली फारूकी की संदिग्ध गतिविधियों के बारे में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को पता चला चलने पर सेल के अधिकारियों ने उससे व उसके स्वजन से लंबी पूछताछ की थी। वह उस दौरान भी वह सीरिया जाने के लिए व्याकुल था। जाकिर नगर में उसकी मां, बहन व मामा रहते हैं। अजीब विचारधारा का पता चलने पर सेल ने तौसीफ अली फारूकी पर कोई कार्रवाई किए बिना छोड़ दिया था। खुफिया सूत्रों का मानना है कि टेलीग्राम पर सीरिया में बैठे एक ही ग्रुप के लोग युवाओं व खासतौर पर इंजीनियरिंग के युवाओं को भड़का रहे हैं।

# जैन की बढ़ीं मुश्किलें, धन उगाही के मामले में होगी सीबीआई जांच

**बढ़ेगी परेशानी**

**8 मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने सत्येंद्र जैन को गिरफ्तार किया था**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सत्येंद्र जैन के खिलाफ महाठग सुकेश चंद्रशेखर से 10 करोड़ रुपये की उगाही के मामले में गृह मंत्रालय ने सीबीआई जांच को मंजूरी दे दी है। आप मंत्री सत्येंद्र जैन वर्तमान समय मे जेल में बंद हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने इस साल फरवरी में पीओसी अधिनियम की धारा 17ए के तहत जैन पर मुकदमा चलाने और जांच करने की मंजूरी देने के लिए सीबीआई का प्रस्ताव गृह मंत्रालय को भेजा था।

आरोप है कि तिहाड़ जेल में बंद रहने के दौरान शांति और आराम से रहने के नाम पर पैसे मांगे गए थे। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने जैन को गिरफ्तार किया था।

वह भी सुकेश के साथ जेल में बंद थे। जेल में बंद जैन ने जेल अधिकारियों पर अपनी मालिश और दूसरी वीआईपी सुविधा प्रदान करने का दबाव डाला था।

## बैंककर्मी की हत्या में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने पीतमपुरा स्थित एक बार में हुए झगड़े में बैंककर्मी की हत्या के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अमन के रूप में हुई है। वह बार में बाउंसर का काम करता था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पिछले साल 21 फरवरी की रात पुलिस को पीतमपुरा के वर्धमान मॉल स्थित रेस्तरां बार यारन दा अड्डा में 23 साल के बैंककर्मी की चाकू मारकर हत्या की जानकारी मिली। मृतक की पहचान बुध विहार निवासी जतिन शर्मा के रूप में हुई। जांच में पता चला कि वह अपने दोस्तों के साथ जन्मदिन मना रहा था। इनका बार के कर्मचारियों के साथ झगड़ा हो गया था। जतिन को बचाने की कोशिश में उसके दो दोस्त वरद और प्रशांत भी घायल हो गए थे।

# कलेक्शन एजेंटों के रुपये चुराने वाले गैंग का खुलासा

**बरामद**

**8 कब्जे से दो लाख रुपये, छह मोबाइल फोन, गहने काटने का कटर और तराजू बरामद किया**



**काबू**

**8 पश्चिम विहार थाने में चोरी का एक मामला दर्ज है। डोजियर से पहचान करने के बाद उसके साथियों की तलाश की**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कोतवाली थाना पुलिस ने पुरानी दिल्ली के बाजारों में आने वाले कलेक्शन एजेंटों से नकदी चुराने वाले गुजराती गैंग का खुलासा किया है। पुलिस ने गैंग की एक महिला समेत तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से दो लाख रुपये, छह मोबाइल फोन, गहने काटने का कटर और तराजू बरामद किया है। पुलिस गैंग के फरार तीन बदमाशों की धर पकड़ के लिए दबिश दे रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि वेस्ट राम नगर सोनीपत निवासी साहिल ने 6 मार्च को कोतवाली थाने में थैले से पांच लाख रुपये चोरी होने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि वह एक फर्म में काम करते हैं और चांदनी चौक के एक कारोबारी से पेमेंट लेकर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि तीन बजे वह लालकिला चौक से ई-रिक्शा पर सवार हुए। जिसकी पिछली सीट पर पहले से तीन महिलाएं बैठी थीं और चालक के साथ दो लोग बैठे थे। निषाद राज टी-प्वाइंट पर उतरने के बाद उनके बैग से रुपये गायब मिले। थाना प्रभारी जतन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पूरे रास्ते के 150 सीसीटीवी कैमरे की जांच की। फुटेज में बिना नंबर प्लेट का ई-रिक्शा दिखा जिसपर साहिल बैठे थे। ई-रिक्शा पर बुर्का पहनकर तीन महिलाएं पहले बैठी हुई थीं। सीसीटीवी फुटेज से पुलिस ने चालक की पहचान श्याम के रूप में की। जिसके खिलाफ पश्चिम विहार थाने में चोरी का एक मामला दर्ज है। डोजियर से पहचान करने के बाद उसके साथियों की तलाश की, लेकिन सभी आरोपी के पते फर्जी निकले। तकनीकी निगरानी के जरिए पुलिस ने 23 मार्च को वारदात में शामिल रोहित को रघुवीर नगर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने बताया कि उसने ही साहिल के रुपये लेकर जाने की सूचना अपने साथियों को दी थी।

# झगड़े के दौरान बीच-बचाव न करवाना युवक को पड़ा भारी



**मौके से फरार**

**8 युवक की जांघ पर चाकू घोंप दिया। युवक को लहूलुहान करके आरोपित मौके से फरार हो गए।**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** न्यू उस्मानपुर इलाके में झगड़े में बीच बचाव न करवाना एक युवक को भारी पड़ गया। इससे गुस्साए एक शख्स ने दुकान में बैठे युवक की जांघ पर चाकू घोंप दिया। युवक को लहूलुहान करके आरोपित मौके से फरार हो गए।

**अस्पताल में युवक भर्ती:** घायल हालत में कुणाल को इलाज के लिए जग प्रवेश चंद अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां उसका इलाज चल रहा है। उसकी शिकायत पर न्यू उस्मानपुर थाना ने हमला करने समेत कई धाराओं में प्राथमिकी की है। कुणाल अपने परिवार के साथ न्यू उस्मानपुर दूसरा पुश्ता पर रहता है। वह बृहस्तिवार शाम को कोचिंग गया था। शाम को वापस घर लौट रहा था, जब वह लाल अस्पताल के पास पहुंचा तो देखा कुछ लोगों के बीच झगड़ा हो रहा है। वह रुका नहीं और अपने घर चला गया। रात को अपने घर के नीचे किराने की दुकान पर बैठा हुआ था। आरोप है कि उसी दौरान उसी इलाके का रहने वाला रोशन नाम का शख्स दुकान पर आया। इसके बाद वह उससे कहने लगा कि कुछ लोग उसके भाई धीरज को पीट रहे थे तो उसे बचाया क्यों नहीं।

# केजरीवाल की गिरफ्तारी से भाजपा को नुकसान, सरकार-पार्टी दोनों चलाएंगेः आप

**काडर**

**8 गठबंधन होने के बाद से भाजपा और इंडिया का काडर वोट लगभग बराबर हो गया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** एक के बाद एक नेताओं की गिरफ्तारी से आहत आम आदमी पार्टी (आप) 31 मार्च को दिल्ली के रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन के साथ महारैली करेगी। आप के सूत्रों ने कहा कि दिल्ली में राष्ट्रपति शासन को लेकर षड्यंत्र हो रहा है। भाजपा को लगा था केजरीवाल जेल गए और पार्टी खत्म हो जाएगी। लेकिन कुछ नहीं हुआ। केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पहले दिन से षड्यंत्र हो रहा है। चुनी हुई सरकार की हत्या कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया है। अब केवल फांसी चढ़ाना बाकी है। वह सरकार और पार्टी दोनों मजबूती से चलाएंगे। दिल्ली में सरकार पहले की तरह मजबूती के साथ चलती रहेगी। मनीष सिसोदिया एक विधायक के तौर पर सभी पत्र पर हस्ताक्षर कर रहे है, फिर केजरीवाल तो सीएम हैं। साथ ही कहा कि गिरफ्तारी के बाद भाजपा को नुकसान हुआ है। सीएम की गिरफ्तारी के बाद एक बार फिर से विधानसभा चुनाव जैसा माहौल बन गया है। गठबंधन होने के बाद से भाजपा और इंडिया का काडर वोट लगभग बराबर हो गया। जब से मुख्यमंत्री गिरफ्तार हुए हैं इंडिया गठबंधन का वोट प्रतिशत लगातार बढ़ रहा है। इस बार सभी सीट इंडिया गठबंधन को मिलेगी। इंडिया गठबंधन नहीं चाहता की दिल्ली में कोई भी ऐसी स्थिति बने, जिससे भाजपा अराजकता का माहौल बताकर दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लागू हो सके। दिल्ली में अधिकारियों को लेकर आम आदमी पार्टी को कोई दिक्कत नहीं है। दिल्ली में अधिकारियों को रूल करने का अधिकार केंद्र सरकार के पास है और वह केंद्र की ही बात सुनते हैं।

**'आप' ने जीत के लिए बनाया ये प्लानः** पार्टी के सूत्रों ने बताया कि 'आप' के पूर्व नेता जो पार्टी को छोड़कर चले गए थे उनसे भी संपर्क किया जा रहा है। संभावना है कि जल्द ही वह एक बार फिर से आम आदमी पार्टी के लिए लोकसभा चुनाव में प्रचार करेंगे। रामलीला मैदान में होने वाली महारैली लोगों में एक नई चिंगारी पैदा करेगी। रामलीला मैदान में होने वाली ऐतिहासिक रैली के बाद दिल्ली में फिर से इंडिया गठबंधन के समर्थन में सभी लोग एक जुट होकर खड़े होंगे।

# नाबालिग बेटी से दुष्कर्म, दोषी पिता को आजीवन कारावास

**सजा का ऐलान**

**8 वो ऐसे पिता की कल्पना नहीं कर सकती जो पत्नी-बेटी के बीच अंतर नहीं कर सकता**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** अपनी नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म करने और उसे गर्भवती करने के दोषी को अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने कहा कि यह एक पैशाचिक अपराध है जिसमें कोई नरमी नहीं बरती जानी चाहिए। तीस हजारी कोर्ट की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बबीता पुनिया 44 वर्षीय व्यक्ति के खिलाफ एक मामले की सुनवाई कर रही थीं, जिसे अदालत ने जनवरी में दोषी ठहराया था। न्यायाधीश ने कहा कि वो दोषी की सजा कम करने के तर्क से सहमत नही हैं।

**फरवरी माह में उसने बच्चे को जन्म दिया:** उन्होंने कहा कि वो ऐसे पिता की कल्पना नहीं कर सकती जो अपनी पत्नी और नाबालिग बेटी के

बीच अंतर नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि दोषी ने अपनी ही नाबालिग बेटी के साथ ये कृत्य एक बार नहीं बल्कि बार-बार किया और उसे गर्भवती कर दिया और बीते वर्ष फरवरी माह में उसने बच्चे को जन्म दिया। ऐसी कोई ठोस और बाध्यकारी परिस्थितियां नहीं हैं जो इस अदालत को आजीवन कारावास की सजा से बचने के लिए उचित ठहराए।

# चुनावी रेट कार्डः समोसा, बिरयानी, मटन-चिकन और चाय की कीमतें तय

**चुनावी खर्च**

**8 लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। देश के कई हिस्सों में प्रत्याशियों ने प्रचार अभियान भी शुरू कर दिया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। देश के कई हिस्सों में प्रत्याशियों ने अपना प्रचार अभियान भी शुरू कर दिया है। इस बीच, जिला चुनाव पैनल ने चुनाव खर्च की निगरानी प्रक्रिया के तहत कुल खर्च की दरों को तय करना शुरू कर दिया है। बता दें कि देश की 543 लोकसभा सीटों पर सात चरणों में मतदान होगा। 19 अप्रैल को पहले चरण के अंतर्गत 102 सीटों पर मतदान होना है। मतगणना चार जून को होगी। नामांकन के बाद से प्रत्याशियों को खर्च का पूरा ब्योरा रखना होगा।

**जालंधर में 15 रुपये होगी चाय की कीमतः** सार्वजनिक बैठकों और प्रचार अभियान के दौरान उम्मीदवार अगर लोगों को चाय और समोसा खिलाना-पिलाना चाहता है तो इसके लिए भी दाम तय कर दिए गए हैं। पंजाब के जालंधर में एक उम्मीदवार एक कप चाय पर 15 रुपये और एक समोसे पर भी इतने ही रुपये खर्च कर सकता है। मध्य प्रदेश के मंडला में एक कप चाय की कीमत सात रुपये और समोसे की कीमत 7.50 रुपये तय की गई है। ध्यान रखने वाली बात यह है कि प्रत्याशियों को अपने खर्च का प्रबंधन निर्धारित सीमा के अंदर ही करना होगा।

**मटन और चिकन की कीमत कितनी ?**

पंजाब के जालंधर में छोले भटूरे की कीमत 40 रुपये तय की गई है। वहीं मटन और चिकन की कीमत क्रमशः 250 और 500 रुपये प्रति किलोग्राम होगी। मेन?यू में शामिल डोडा मिठाई की कीमत 450 रुपये प्रति किलोग्राम और घी की पिन्नी का मूल्य 300 रुपये प्रति किलोग्राम तय किया गया है। लस्सी 20 और निंबू पानी 15 रुपये प्रति गिलास।

# दिल्ली में पार्किंग पर जोरः 80 लाख वाहन... सिर्फ सवा लाख के लिए इंतजाम

**परेशानी**

**8 वर्ष 1995 के बाद दिल्ली की आबादी में करीब 2.5 फीसदी की दर से इजाफा हुआ**



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी में वाहनों की संख्या जितनी तेजी से बढ़ी, लेकिन उस लिहाज से पार्किंग का इंतजाम नहीं हो पाया। वर्ष 1995 के बाद दिल्ली की आबादी में करीब 2.5 फीसदी की दर से इजाफा हुआ, जबकि वाहनों की संख्या करीब 10 फीसदी से ज्यादा की दर से बढ़ी। मौजूदा समय में करीब 80 लाख वाहन दिल्ली में पंजीकृत हैं। वहीं, करीब इतनी ही संख्या में वाहन यूपी, हरियाणा और दूसरे राज्यों से दिल्ली आते हैं, लेकिन शहर में करीब सवा लाख वाहनों के लिए ही पार्किंग की सुविधा है। वाहनों की संख्या के लिहाज से पार्किंग की जगह बेहद कम है। राजधानी में हर एक चुनाव में पार्किंग प्रमुख मुद्दा होता है, लेकिन योजनाओं के धरातल पर ठीक से लागू नहीं होने और सिविक एजेंसियों की उदासीनता के कारण लोग बेहद परेशान हैं।

**दिल्ली विकास प्राधिकरण मास्टर प्लान में मानक तयः** सड़कों पर अवैध पार्किंग बड़ी समस्या है, जिससे सड़कें जाम रहती हैं। पार्किंग को लेकर आए दिन लोगों में मारपीट की नौबत आ जाती है। असुरक्षित जगह वाहन खड़े होने से चोरी की घटनाएं होती रहती हैं। कई बार सिविक एजेंसियां वाहन उठाकर ले जाती हैं। आम नागरिकों की पार्किंग से जुड़ी इन समस्याओं से छुटकारा दिलाने के लिए उपराज्यपाल कार्यालय की देखरेख में दिल्ली विकास प्राधिकरण ने 2021 में दिल्ली के मास्टर प्लान में मूलभूत बदलाव किए। इसके मुताबिक, किसी भी प्लॉट का कुछ फीसदी हिस्सा दोपहिया वाहनों की पार्किंग के लिए चिन्हित होता था। ग्रुप हाउसिंग सोसायटियों में प्लॉट के आकार के मुताबिक पार्किंग एरिया तय होता था। इस नियम में बदलाव कर तय किया गया कि सोसाइटी में जितने आवासीय फ्लैट होंगे, उनकी संख्या के मुताबिक पार्किंग एरिया अनिवार्य होगा। भूतल को पार्किंग के रूप में इस्तेमाल किया जाएगा। बाजारों में इनकी क्षमता के लिहाज से पार्किंग एरिया तय किया गया, लेकिन डीडीए का ये मास्टर प्लान धरातल पर पूरी तरह लागू नहीं हो पाया।

# 4 अप्रैल को नेहरू पैलेस स्थित कार्यालय में लगेगा शिविर

## पीएम स्वनिधि स्कीम के तहत स्ट्रीट वैंडरों को ऋण किया जाएगा वितरित : अभिषेक मीणा

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल: नगर निगम** आयुक्त अभिषेक मीणा पीएम स्वनिधि स्कीम पर अपनी नजर बनाए हुए हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा स्ट्रीट वैंडर्स को इसका लाभ दिया जा सके। इसी कड़ी में उन्होंने शहर की 21 बैंक शाखाओं के प्रबंधकों के साथ साप्ताहिम समीक्षा बैठक की। बैठक में निगमायुक्त ने सभी प्रबंधकों को जल्द से जल्द लक्ष्य पूरा कर ऋण वितरित करने के मामले निपटाने के निर्देश दिए। मीटिंग में संयुक्त आयुक्त जसपाल सिंह गिल, नगरीय परियोजना अधिकारी प्रवीन चुग, सहायक परियोजना अधिकारी तुषार खन्ना तथा टी.एफ.आई. राजेश भारद्वाज उपस्थित रहे। निगमायुक्त ने बैठक में नगरीय परियोजना अधिकारी को भी निर्देश दिए कि



नेहरू पैलस स्थित कार्यालय में आगामी 4 अप्रैल को एक शिविर आयोजित किया जाए, जिसमें स्ट्रीट वैडरों को बुलाया जाए। शिविर में सभी बैंकों के प्रतिनिधि भी शामिल रहेंगे, ताकि मौके पर ही स्ट्रीट वैंडरों को ऋण वितरित किया जा सके। शिविर का समय प्रातः 11 बजे रहेगा। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर करनाल शहर के ऋण वितरित करने के 695 मामले लंबित पड़े हैं, इन्हें जल्द से जल्द निपटाया जाए। इसके लिए बैंक की ओर से स्ट्रीट वैंडरों को रोजाना फोन कर बुलाया जाए। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट वैंडरों को ऋण वितरित करने के बाद उसे पोर्टल पर अपलोड अवश्य करें, तभी प्रगति दिखाई देगी। उन्होंने नगरीय परियोजना अधिकारी को भी निर्देश दिए कि वह भी सभी स्ट्रीट वैंडरों को फोन कर बैंक में जाने के लिए कहें, ताकि सभी वैंडरों को लोन मुहैया करवाया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि बिला वजह किसी भी स्ट्रीट वैंडर का लोन रद्द न किया जाए और न ही उनका सिबिल स्कॉर इत्यादि चैक किया जाए। यह स्कीम गरीब वैंडरों के लिए है और उन्हें इसका लाभ अवश्य मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर कोई स्ट्रीट वैंडर लोन लेने से मना करता है, तो उसे स्कीम के बारे में पुनः जागरूक करें और इसके लाभ बताएं। उन्होंने नगरीय परियोजना अधिकारी व सभी बैंक प्रतिनिधियों को स्पष्टद्द किया कि आगामी 2 माह में टारगेट कम्पलीट कर स्कीम को पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह बाद पुनः समीक्षा बैठक आयोजित कर सभी बैंकों की प्रगति देखी जाएगी। निगमायुक्त ने बताया कि करनाल शहरी क्षेत्र 9 हजार 298 स्ट्रीट वैंडरों को पीएम स्वनिधि स्कीम के अंतर्गत ऋण देने का लक्ष्य दिया गया था। इस पर काम करते हुए नगर निगम की ओर से 12 हजार 434 स्ट्रीट वैंडरों को लोन देने के लिए स्पॉंसर किया गया। उन्होंने बताया कि अभी तक 7 हजार 911 वैंडरों का ऋण स्वीकृत किया गया है। इनमें से 7 हजार 214 को 10 हजार रुपये का ऋण मुहैया करवाया जा चुका है। जिन स्ट्रीट वैंडरों की ओर से 10 हजार रुपये का ऋण बैंक को चुका दिया गया है, स्कीम के तहत उन्हें 20 हजार तथा 50 हजार रुपये ऋण देने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि ऐसे एक हजार 538 स्ट्रीट वैंडरों को 20 हजार तथा 611 स्ट्रीट वैंडरों को 50 हजार रुपये का ऋण मुहैया करवाया जा चुका है।

# एसडीएम ने इसराना मंडी का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया



**कमाल हुसैन**

**पानीपत: एसडीएम इसराना** ज्योति मित्तल ने शुक्रवार को इसराना मण्डी का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक अप्रैल से गेंहू की खरीद शुरू होगी इसलिए मण्डी में सफाई इत्यादी व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाए। उन्होंने कहा कि उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया के निर्देश पर मार्केटिंग बोर्ड के सभी अधिकारी बगैर किसी सूचना के स्टेशन ना छोड़े। ज्योति मित्तल ने कहा कि मंडियों में किसानों को किसी भी तरह की दिक्कत नही होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मंडियों में गेंहू की फसल आने के साथ-साथ उसके उठान में भी किसी तरह की दिक्कत नही आने दी जाएगी। जहां-जहां खरीद केन्द्र स्थापित किए गए हैं उन सब में मूलभूत सुविधाएं किसानों के लिए उपलब्ध करवाई जाएगी।

## न्यूज फ्लैश

### स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों को लेकर नगर निगम की ओर से गतिविधियां जारी

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नगर निगम आयुक्त** अभिषेक मीणा के निर्देश पर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों को लेकर नगर निगम की ओर से अनेक तरह की गतिविधियां की जा रही हैं। इसे लेकर केन्द्रीय मंत्रालय की ओर से दिए गए घटकों पर काम किया जा रहा है। अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार ने शुक्रवार को जानकारी देते बताया कि इसके नागरिक सहभागिता घटक के तहत ब्रांड एम्बेसडर बनाए जाने हैं। इसे लेकर स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत चालू स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर, करनाल नगर निगम की ओर 7 ब्रांड एम्बेसडर बनाए गए हैं। ब्रांड एम्बेसडर्स की जानकारी देते उन्होंने बताया कि संत कबीर स्कूल के निदेशक एवं सामाजिक कार्यकर्ता कर्नल पी.एस. बिन्द्रा, राष्ट्रीय तिरंदाज खिलाड़ी रिद्दी फोर, शूटिंग के गोल्ड मैडलिस्ट खिलाड़ अनीश, सामाजिक कार्यकर्ता कृष्ण अरोड़ा, डी.ए.वी. कॉलेज के प्राधानाचार्य डॉ. आर.पी. सैनी, सिग्नेस अस्पताल के निदेशक डॉ. आबिद आमिन बट्टद्द तथा विर्क अस्पताल से डॉ. बी.एस. विर्क शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यह सभी ब्रांड एम्बेसडर स्थानीय अलग-अलग पृष्ठभूमि से हैं और स्वच्छता से जुड़ी विभिन्न तरह की आई.ई.सी. गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। उन्होंने बताया कि ब्रांड एम्बेसडर मुख्यतः शहरी स्थानीय निकाय के अधिकारियों के साथ मासिक बैठक कर एक्शन प्लान तैयार करेंगे। विभिन्न वार्डों में रेजिडेंट वैल्फेयर एसोसिएशन व नागरिकों के साथ बैठक करेंगे, जिनमें उनके स्वच्छता को लेकर व्यवहार में बदलाव पर फोकस रहेगा। इसके अतिरिक्त घर से ही कूड़े को अलग-अलग एकत्र करना, घरेलू खाद तैयार करना, गूगल टॉयलेट लोकेटर, स्वच्छता एप, सामुदायिक व जन शौचालयों की फीडबैक तथा थ्री आर (रिड्द्यूज, रियूज व रिसाईकल) के सिद्धांतों को बढ़ावा देकर उदहारण पेश करेंगे। जन जागरूकता अभियान जोर-शोर से चलाया जाएगा। इसके तहत नगर निगम द्वारा चलाई गई गतिविधियों में ब्रांड एंबेसडर अहम योगदान देंगे और जन समूह को स्वच्छता के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने शहर के सभी नागरिकों से अपील कर कहा है कि स्वच्छ सर्वेक्षण, केन्द्र सरकार की ओर से हर साल शहरों को स्वच्छ व सुंदर बनाने के प्रयासों से भरा एक कदम है। जन भागीदारी का एक पहलू यह है कि नागरिक अपने शहर से जुड़ें अर्थात कोई भी ऐसा कार्य न करे, जिससे शहर की स्वच्छता व सफाई बाधित हो, बल्कि हर गृहिणी घर से ही गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग करके दे, कचरे को सडक. पर न फैंका जाए और प्लास्टिक वेस्ट तथा पॉलीथियान के प्रयोग से तोबा कर लेना अच्छा रहेगा।

### रजत जयन्ती वर्ष प्रवेश पर वीयूएमएम जैन स्कूल में भव्य कार्यक्रम 31 मार्च को

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सेवा, समन्वय तथा** सद्भाव की जीती-जागती प्रतिमा राष्ट्र सन्त वाचनाचार्य श्री मनोहर मुनि जी महाराज की आत्मकल्याण तथा समाज निर्माण को समर्पित संन्यासी जीवन की स्वर्ण जयन्ती पर मूल्यपरक शिक्षा प्रदान करने हेतु स्थापित तथा केंद्रीय वरिष्ठ माध्यमिक बोर्ड से सम्बद्ध वीयूएमएम जैन पब्लिक स्कूल के गौरवमयी रजत जयन्ती वर्ष में प्रवेश पर वार्षिक उन्मुखीकरण कार्यक्रम 31 मार्च को विकास नगर, फूसगढ़ रोड़ स्थित विद्यालय परिसर में धूमधामपूर्वक मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बाल कलाकारों के अलावा सभी विद्यार्थियों द्वारा शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। शहरी विकास मंत्री सुभाष सुधा मुख्य अतिथि तथा पंजाब हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश विजेन्द्र जैन, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के उपकुलपति प्रो. बलदेव राज कंबोज तथा हरियाणा मानवाधिकार के पुलिस महानिदेशक एसके जैन परम विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। संस्थान के वर्तमान प्रेरक भारत संत गौरव श्री पीयूष मुनि जी महाराज अपना मंगलमय आशीर्वाद देंगे। उद्योगपति अशोक जैन (अर्हम यार्न, लुधियाना) कार्यक्रम की प्रधानता करेंगें। अश्विनी जैन, चण्डीगढ़ दीप शिखा प्रचंड करेंगे और संजीव सीकरी (देवकिरण फूड्ज तरावड़ी) झण्डा फहराएंगे। नवस्थापित अत्याधुनिक कम्प्यूटर कक्ष को समाजसेवी श्रीपाल सुमित पाल जैन (न्यू इंडिया पब्लिशिंग, दिल्ली) जनसमर्पित करेंगे।

# सीएम फ्लाइंग की टीम ने कार्यालय में की रेड

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। गांधी चौक पर** स्थित कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के कार्यालय में मुख्यमंत्री उड ?दस्ते की टीम ने रेड की। सीएम फ्लाइंग टीम ने विभागीय कार्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। टीम की छापेमारी से अधिकारियों और कर्मचारियों में हडकंप की स्थिति देखने को मिली। सुबह जब टीम ने छापेमारी की तो कई कर्मचारी गैरहाजिर पाए गए। सीएम फ्लाइंग टीम को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में अनियमितताओं की शिकायत मिली थी। इसके बाद टीम शुक्रवार को करनाल, पानीपत और सोनीपत में छापेमारी की गई। करनाल में सुबह करीब साढ़े 10 बजे जब टीम पहुंची तो यहां पर एक



कर्मचारी की रिटायरमेंट पार्टी चल रही थी। टीम द्वारा पहले जाते ही अटेंडेंस रजिस्टर को कब्जे में लिया गया और सभी कर्मचारियों के फोन बंद करवा कर अपने कब्जे में लिए, ताकि गैर मौजूद कर्मचारियों को फोन न कर सकें। इस दौरान कई कर्मचारी गैर हाजिर भी पाए गए, लेकिन टीम द्वारा उनके नामों का खुलासा नहीं किया गया। सीएम फ्लाइंग के डीएसपी अजीत सिंह की दिशा निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। टीम ने आते ही सभी कर्मचारियों व अधिकारियों से विभाग द्वारा किसानों के लिए जो स्कीमें चलाई गई हैं। उनके बारे में जानकारी ली और स्कीम से संबंधित सभी दस्तावेज अपने कब्जे लेकर जांच की। कई घंटों तक रिकॉर्ड चेक किया गया, उसमें क्या कुछ खामियां पाई गई हैं, ये अभी जांच का विषय है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के डायरेक्टर दिनेश शर्मा ने बताया कि टीम द्वारा जो भी दस्तावेज मांगे गए हैं, वह उन्हें उपलब्ध करा दिए गए थे। सुबह जब टीम पहुंची तकरीबन सभी स्टाफ के सदस्य कार्यालय में थे। वहीं कुछ कर्मचारियों की ड्यूटी फील्ड में लगी हुई है। वहां पर गए थे। सीएम फ्लाइंग की टीम को क्या-क्या खामियां मिली हैं, इसकी जानकारी अभी टीम द्वारा नहीं दी गई।

# शहीद परिवारों के बच्चों को मिलेगी निशुल्क शिक्षा

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। अब शहीद** परिवारों के बच्चों को डॉक्टर व इंजीनियर बनने के लिए मोटा पैसा खर्च नहीं करना पड़ेगा, खासकर इन विषयों की पढ़ाई के लिए। क्योंकि परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज ने इन बच्चों के लिए निशुल्क शिक्षा की घोषणा की है। यह शिक्षण सस्थान शहीद परिवारों के बच्चों से कोई ट्यूशन फीस नहीं लेगा और 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप प्रदान करेगा। पहली छात्रवृत्ति इंस्टेंट एडमिशन कम स्कॉलरशिप टेस्ट (आईएसीएसटी) है, जो मेडिकल, इंजीनियरिंग और फाउंडेशन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 90 प्रतिशत तक छात्रवृत्ति प्रदान करती है। इसके अतिरिक्त आकाश शहीदों के बच्चों, रक्षा कर्मियों और आतंकवाद प्रभावित व्यक्तियों को विशेष छूट प्रदान करेगा। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज ने अप्रैल में शुरू होने वाले अपने नए सत्र की शुरूआत से पहले छात्रों को डॉक्टर और इंजीनियर बनने के सपने को साकार करने में सक्षम बनाने के लिए अलग.अलग स्कॉलरशिप की घोषणा की है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के चीफ बिजनेस ऑफिसर अनूप अग्रवाल ने कहा इंस्टेंट एडमिशन कम स्कॉलरशिप टेस्ट छात्रों को तत्काल छात्रवृत्ति पुरस्कार और तत्काल प्रवेश के अवसर प्रदान करता है।

# प्रिंटिंग प्रेस संचालकों के साथ डीसी ने की बैठक

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। उपायुक्त उत्तम** सिंह ने शुक्रवार को जिला सचिवालय में प्रिंटिंग प्रेस संचालकों के साथ बैठक की और उन्हें इश्तिहार, पोस्टर, बैनर, फ्लेक्स बोर्ड आदि को लेकर चुनाव आयोग की ओर से जारी निर्देशों की जानकारी दी। उपायुक्त ने प्रेस संचालकों से कहा कि कोई भी उम्मीदवार अथवा अन्य कोई व्यक्ति यदि किसी भी प्रकार का पोस्टर, स्टीकर, इश्तिहार, फलेक्स बोर्ड अथवा चुनाव से जुड़ी अन्य किसी भी प्रकार की सामग्री छपवाता है तो



उसका नाम, टेलीफोन नंबर, पता आदि का रिकॉर्ड अपने पास रखें। उन्होंने कहा कि प्रकाशित सामग्री के नीच मुद्रक व प्रकाशक का नाम होना अनिवार्य है। इसके अलावा इस बात का भी रिकॉर्ड रखा जाना अनिवार्य है कि कितनी संख्या में पोस्टर, बैनर, इश्तिहार आदि छपवाये गये।

# 'राष्ट्र के लिए वोट करें' को लेकर लोगों को किया जागरूक

**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : जिला निर्वाचन** अधिकारी एवं उपायुक्त शांतनु शर्मा के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र में लोगों को लोकसभा आम चुनाव 2024 में अपनी वोट डालने के लिए जागरूक करने हेतु टीमों द्वारा प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस कार्य में शिक्षा विभाग, कालेज, विश्वविद्यालय, चुनाव कार्यालय के साथ-साथ सामाजिक संस्थाएं भी लोगों को वोट का अधिकार और वोट डालने के प्रति जागरूक कर रहे है। चुनाव तहसीलदार सरला ने बताया कि शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त के




निदेर्शानुसार चुनाव कार्यालय की टीम ने सुनील कुमार मराठा के नेतृत्व में श्री राम कुष्ठ आश्रम थानेसर में मतदाता जागरूकता शिविर लगाया। इस शिविर में मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार मराठा, रणबीर व जय किशन ने लोगों को ईवीएम, वीवीपैट के बारे में बारीकी से जानकारी दी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को महा पर्व के रूप में मनाया जाना चाहिए। इसके लिए सभी मतदाताओं को 25 मई को अपनी निकटतम बूथ पर जाकर अपने वोट का प्रयोग करना होगा।

### पुलिस आपराधिक मामलों की साइंटिफिक तरीके से करे जांच: उत्तम सिंह

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। डीसी उत्तम** सिंह ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में स्थित अपने कार्यालय में चिन्हित अपराधों की जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस आपराधिक मामलों की साइंटिफिक तरीके से जांच करें। पुलिस जांच की एसओपी बनाई जाए और पुलिसकर्मियों की ट्रेनिंग भी आयोजित की जाए ताकि चिन्हित व जघन्य अपराधों में शामिल अपराधियों को हर हाल में सजा मिले। जिन मुकदमों में अपराधी बरी हुएए उनको एग्जामिन किया।

# बकाया सम्पत्ति कर भरने में मिल रही छूट को केवल 2 दिन बचे

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। बकाया सम्पत्ति** कर भरने में मिल रही छूट को केवल 2 दिन बचे हैं। इसे देखते नगर निगम की ओर से अवकाश के बावजूद शनिवार व रविवार को नागरिक सुविधा केन्द्र यानि सी.एफ.सी. के काउंटर सम्पत्ति कर जमा करवाने के लिए खुले रहेंगे, ताकि नागरिक अपना प्रॉपर्टी टैक्स अदा कर छूट का लाभ उठा सकें। सम्पत्ति कर जमा करवाने का समय प्रातः 9 बजे से दोहपर 3 बजे तक रहेगा। शुक्रवार को उप निगम आयुक्त अशोक कुमार ने यह जानकारी दी।

छूट की दी जानकारी- छूट की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 31 मार्च 2024 तक जो बकायादार नगर निगम के खजाने में



एकमुश्त राशि जमा करवाएगा, उसे समस्त ब्याज माफी की छूट का लाभ मिलेगा। यही नहीं बकाया मूल राशि व चालू वित्त वर्ष के बिलों पर भी 15 प्रतिशत की अतिरिक्त छूट मिलेगी। लेकिन इसके लिए सम्बंधित व्यक्ति को अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को सेल्फ सर्टिफाई यानि स्व-प्रमाणित करना होगा।

21 करोड़ रुपये सम्पत्ति कर हुआ जमा- उन्होंने बताया कि नगर निगम के खजाने में अब तक 21 करोड़ रुपये से अधिक प्रॉपर्टी टैक्स के रूप में जमा हो गए हैं। बकायादारों को कर से मुक्त करने के लिए सरकार की ओर से जारी छूट को देखते बकायादारों को चाहिए कि वे इस सुनहरी मौके का फायदा उठाएं और निगम के खजाने में प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाकर चिंता मुक्त हो जाएं।

ऑनलाईन भी भर सकते हैं सम्पत्ति कर- उन्होंने बताया कि जो व्यक्ति प्रॉपर्टी टैक्स भरने के लिए किसी कारण से निगम कार्यालय में नहीं आ सकते, उनके लिए ऑनलाईन टैक्स भरने की बहुत ही आसान प्रक्रिया है। इसके लिए ऑनलाईन (प्रॉपर्टी डॉट यूएलबी हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन) पर जाकर टैक्स भर सकते हैं। इसके अतिरिक्त प्रॉपर्टी टैक्स बिल पर छपे बार कोड को स्कैन करके साईट ओपन हो जाती है, उसमें भी व्यक्ति क्रेडिट व डेबिट कार्ड या पे.टी.एम. से ऑनलाईन पेमेंट कर सकते हैं। इसमें समय की बचत भी होगी। उन्होंने बताया कि अगर कोई व्यक्ति अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. में आपत्ति दर्ज कर उसे दुरूस्त करवाना चाहता है, तो वह भी उपरोक्त पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आपत्ति दर्ज करवा सकता है। उप निगमायुक्त ने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से बकायादारों को लगातार छूट दी जा रही है।

# पक्षपात रहित आचरण ही धर्म है: आचार्य प्रिंयवदा वेद

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। गांव घोघड़ीपुर** में आर्य समाज का वार्षिकोत्सव मनाया जा रहा है। इस वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें लोगों को आर्य समाज के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान गांव में प्रसाद भी वितरित किया गया। सायं 3 बजे हवन यज्ञ किया गया। आर्य समाज के सभी सदस्यों व पदाधिकारियों ने हवन में आहुति डालकर देश व समाज की सुख-समृद्धि और शांति के लिए कामना की। इसके बाद भजन व प्रवचन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया और भजन व प्रवचन का आनंद उठाया। कार्यक्रम में आचार्य प्रिंयवदा वेद भारती आर्ष कन्या गुरुकुल नजीबाबाद बिजनौर मुख्य वक्ता और रामनिवास आर्य भजनोपदेशक रहे। इस अवसर पर आचार्य प्रिंयवदा वेद भारती ने अपने संबोधन में कहा कि हमारी संस्कृति एक धरोहर है। हमें संस्कृति को बचाना है। उन्होंने कहा कि वेद ही सभी धर्मों का मूल है। ऋग्वेद विश्व साहित्य की प्राचीनतम पुस्तक है। वेद ही मानव जीवन को ऊंचा कर सकता है। जो वेद में कहा गया, वही धर्म है और जो वेद विरुद्ध है, वह अधर्म है। पक्षपात रहित आचरण ही धर्म है। रामनिवास आर्य ने नशे की लत विभिन्न बुराइयों की जड़ है।

# महिला को कार चालक ने कुचला

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के कस्बा** घरौंडा में रेस्ट हाउस के सामने हाईवे क्रॉस कर रही एक बुजुर्ग महिला को कार चालक ने कुचल दिया, जिससे वृद्धा ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। महिला मकान मालिक को किराया देने के लिए जा रही थी। हादसा होते देख आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए।

घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भेज दिया। आज पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला




दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

70 वर्षीय बुजुर्ग आरती देवी पानीपत की गोपाल कालोनी की रहने वाली थी, जो अपने परिवार के साथ गढ़ी मुल्तान रोड पर चौटाला पेट्रोल के पास किराये के मकान में रहती थी। वीरवार की शाम आरती अपने पति बिल्लू के साथ गुरु नानक ढाबा पर मकान मालिक बंटी को किराये के पैसे देने के लिए जा रही थी। उन्होंने ढाबे पर बंटी को पैसे दिए और हाईवे क्रॉस करके रेस्ट हाउस की तरफ आने लगे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने आरती को सीधी टक्कर मारी। टक्कर लगते ही आरती दूर जा गिरी और दम तोड़ दिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोग एकत्रित हो गए और पुलिस को सूचना दी।

# एडीसी ने एनसीओआरडी कमेटी के साथ की समीक्षा बैठक

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एडीसी अखिल** पिलानी ने शुक्रवार को जिला सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में एनसीओआरडी कमेटी की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने बैठक में सभी संबंधित अधिकारियों के साथ नशा निवारण जागरूकता अभियान को लेकर समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में जगहों को चिन्हित कर नशा निवारण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाए। उन्होंने कहा कि नशा युवा पीढ़ी के लिए बहुत खतरनाक चीज



है, हमें युवाओं को किसी भी सूरत में इससे बचाना हैं। इसके लिए सभी संबंधित विभाग एक साथ मिलकर बेहतरीन ताल-मेल के साथ कार्य करें। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को भी विशेष रूप से निर्देश दिए कि वे अवैध रूप से नशा बेचने वालों पर निगरानी रखें और उन पर तुरंत कार्रवाई करें।

# अंडों से भरे कंटेनर में लगी आग, अंडे लूटने को मची होड़

**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। मेरठ रोड पर** अंडों से भरे चलते कंटेनर में अचानक आग लगई। आग को बढ़ते देख ड्राइवर कटेंनर को साइड में खड़ा करके उससे नीचे उतर गया और अपनी जान बचाई। वहीं आगजनी की सूचना पुलिस व दमकल विभाग को दी। दमकल विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया, लेकिन इस दौरान लाखों का सामान जलकर खराब हो चुका था। वहीं जो अंडे ठीक थे, उन्हें लोग ड्राइवर के सामने ही लूट कर ले गए। ड्राइवर लोगों के सामने हाथ जोड़ता रहा, रोता रहा। लेकिन किसी ने उसकी एक न सुनी। मुरादगढ़ के रहने वाले कंटेनर चालक मुकेश कुमार ने बताया कि कल रात को ही मुरादगढ़ से कंटेनर में अंडे लोड करके गुवाहाटी के लिए निकाला था। आज सुबह जब करनाल के नजदीक मेरठ रोड पर पहुंचा तो अचानक चलते कंटेनर के वायर में शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लग गई। देखते ही आग बढ़ती चली गई। लेकिन समय रहते ही मैंने कंटेनर को साइड में लगा दिया और ट्रक से नीचे उतर गया। उसके बाद मामले की सूचना पुलिस का दी। वहीं इस मामले की सूचना मालिक को भी दी गई है। पीड़ित ने बताया कि सूचना मिलने के करीब 15 मिनट बाद ही दमकल विभाग व पुलिस की टीमें मौके पर पहुंच गई। करीब 3 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग इतनी बढ़ गई थी कि ट्रक के केबिन से होते हुए कंटेनर के अंदर तक चली गई। कंटेनर का केबिन व कंटेनर में रखे अंडे पूरी तरह से जल चुके थे। आग बुझने के बाद जो कंटेनर में अंडों की ट्रे सुरक्षित थी।

# आदर्श नगर : कार्यकर्ताओं से मिलने पहुँचे लोकसभा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल

## भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों से रूबरू हुए खंडेलवाल










**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के** आदर्श नगर एक्सटेंशन स्थित शिव मंदिर में भाजपा के आदर्श नगर मंडल ने कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में भाजपा चाँदनी चौक लोकसभा के प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल बतौर मुख्य अतिथि पहुँचे। बैठक का उद्देश्य लोकसभा प्रत्याशी खंडेलवाल से भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों के बीच संवाद करवाना था। इस बैठक में भाजपा कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। इस मौके पर चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल ने कार्यक्रम में शिरकत की और उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

**प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल ने शिव मंदिर में टेका माथा:** चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल ने आदर्श नगर एक्सटेंशन के शिव मंदिर में भगवान के सामने माथा टेका और प्रभु का आशीर्वाद लिया।

**आदर्श नगर की जनता ने किया श्री खंडेलवाल का स्वागत:** आदर्श नगर क्षेत्र की बैठक में पहुंचने पर भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खडेलवाल का जहां एक ओर भाजपा कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया, वहीं क्षेत्र के लोगों ने भी उनका जोरदार स्वागत किया और क्षेत्र के बुजुर्गों ने जीत का आशीर्वाद दिया।




**लोगों से रूबरू हुए प्रवीण खंडेलवाल:** भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खडेलवाल ने बैठक के बाद वहां पर मौजूद जनता से बातचीत की और उनकी समस्याएं को भी सुना। साथ ही समस्या के समाधान का आश्वासन भी दिया।

**ऑटो में सवार मोदी जी परिवार अभियान की हुई शुरूआत:** भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल ने ऑटो में सवार मोदी जी परिवार अभियान की शुरूआत की। यह शुरूआत आदर्श नगर विधानसभा से की गई। इसमें हर ऑटो पर सभी कार्यकर्ता स्टीकर लगायेंगे और मोदी जी की योजनाओं से भी अवगत करवायेंगे।

**ये लोग रहे मौजूद:** इस मौके पर जिला केशवपुरम भाजपा के अध्यक्ष विरेन्द्र गोयल, राजकुमार भाटिया पूर्व जिला अध्यक्ष व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, पूर्व जिला अध्यक्ष और नई दिल्ली ज़िला प्रभारी अजय शर्मा, पूर्व निगम प्रत्याशी अनुभव धीर, नरेश मलिक, नितिन गोयल, निगम पार्षद सुमन शर्मा, पूर्व सिविल लाइन जोन चेयरमैन नीलम बुद्धिराजा, पूर्व पार्षद गरिमा गुप्ता, मंडल अध्यक्ष प्रदीप राणा, मनोज कालीरमन महामंत्री, राकेश अग्रवाल महामंत्री सहित बहुताय की संख्या में लोग मौजूद रहे।



**प्रवीण खंडेलवाल, भाजपा प्रत्याशी:** देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बन रही है। इसमें कोई संशय नहीं है, क्योंकि पीएम मोदी के कार्यों से देश के लोग काफी ज्यादा खुश है। इस बार 400 के पार है। मैं आप सभी से वादा करता हू कि जो भी आपकी समस्याएं है, उनका समाधान तुरन्त किया जायेगा।



**राजकुमार भाटिया, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा:** प्रवीण खंडेलवाल जी मोदी जी के ब्रांड एंबेसडर होने के साथ एक कार्यकर्ता के मन की बात भी जानते हैं। इसलिए वो उनके कार्यों के लिए सदैव तत्पर भी रहेंगे। मेरा प्रवीण खंडेलवाल जी के साथ 1995 से नाता है। एक मित्र के नाते, एक संघर्षशील कार्यकर्ता के नाते और एक दूरदर्शी नेतृत्व वाले व्यक्ति के नाते, मैं उन्हें बहुत नजदीक से जानता हूं।



**अनुभव धीर, पूर्व निगम प्रत्याशी भाजपा:** देश की जनता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों से खुश है। मैं यकीन के साथ कहता हू कि इस बार हम 400 के पार होंगे और फिर से देश में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहरायेगा, क्योंकि जनता भाजपा के कार्यों से काफी खुश है।



# मॉडल टाउन विधानसभा: अग्रसेन मित्र मंडल ने किया भाजपा प्रत्याशी खंडेलवाल का भव्य स्वागत






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: मॉडल** टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित पार्ट तीन में अग्रसेन मित्र मंडल द्वारा होली के उपलक्ष्य में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर चांदनी चौक लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल का स्वागत भी किया। इस मौके पर राणा प्रताप बाग से पूर्व निगम प्रत्याशी हरीश असड़ी, निगम पार्षद विकेश सेठी, अशोक गोयल देवराह, प्रेमचंद गुप्ता, मंडल अध्यक्ष सुभाष असड़ी, संजय मित्तल, अशोक अग्रवाल, शैफाली मनचंदा, रोहित जैन, संजना सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। इस मौके पर भाजपा नेता हरीश असडी ने कहा कि हमारे प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल को चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र में रहने वाले लोगों का पूर्ण रूप से समर्थन है। वहीं उन्होंने यह भी कहा कि इस बार भी चांदनी चौक लोकसभा सीट पर कमल खिलेगा और भाजपा प्रत्याशी खंडेलवाल को भारी मतों से विजय का मिलेगी। इस दौरान प्रवीण खंडेलवाल ने पार्टी के सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। **खंडेलवाल ने कहा पटरी पर बैठकर करूंगा जनसेवा:** प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि पार्टी ने मुझ पर जो विश्वास दिखाकर प्रत्याशी बनाया है मैं उसके लिए पार्टी की भी आभार व्यक्त करता हूं और मुझे अपने क्षेत्र के लोगों पर भी पूर्ण भरोसा है कि जनता जर्नादन इस बार मुझे जीत दिलाकर सेवा का मौका जरूर देगी। तो वहीं खंडेलवाल ने यह भी कहा कि अगर इस बार जनता ने मुझे जिताया तो कार्यालय में बैठकर नहीं बल्कि अपने क्षेत्र की जनता के बीच पटरी पर बैठकर काम करूंगा। उन्होंने यह भी कहा कि मैं चुनाव नेता बनने के लिए नहीं बल्कि जनसेवक बनने के लिए लड़ रहा हूं।

# भाजपा के कार्यों से प्रभावित हैं देश के लोग: ज्योति सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: भाजपा नेत्री** ज्योति सैनी ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। उन्होंने आगे बताया कि आज जो आप देश में विकास देख रहे है, वह भाजपा की देन है। क्योंकि भाजपा ने जो कहा है, वह करके दिखाया है।

**हम सभी को संगठित होकर कार्य करना होगा:** भाजपा नेत्री ज्योति सैनी ने कहा कि हम सभी को संगठित होकर कार्य करना है और भाजपा की नीतियां और कार्यों को जन-जन तक पहुंचना है, जिससे की लोग भाजपा से अधिक



से अधिक जुड़े और भाजपा की जो योजनाएं है, उनको पूर्ण रूप से जान सके।

**भाजपा ने देश में लागू की कई योजनाएं:** पीएम मोदी जी ने देश में कई योजनाएं लागू की है, जिससे जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। आज देश के सभी वर्ग के लोग भाजपा के कार्यों की प्रशंसा कर रहे है। क्योंकि भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है।

**भाजपा ने जो कहा, वह करके दिखाया:** भारतीय जनता पार्टी वादे की पक्की है, जो वादे भारतीय जनता पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे, वह पूरे करके दिखाये है, यही कारण है कि देश के लोग भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है।

## कमेटी ने नवनिर्वाचित हरियाणा गुरुद्वारा कमेटी को दी बधाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली सिख** गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की नवनिर्वाचित टीम को बधाई दी और आशा व्यक्त करते हुए कहा कि नई कमेटी द्वारा गुरुद्वारा साहिबानों का प्रबंधन और राज्य में धर्म प्रचार का कार्य सुचारू रूप से चल सकेगा।

नेताओं ने कहा कि बीते कल हरियाणा गुरुद्वारा कमेटी की टीम का चुनाव किया गया जिसमें 35 में से 30 सदस्यों ने पूर्ण बहुमत के साथ नई टीम का चुनाव किया।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश गुप्ता चांदनी चौक से लड़ेंगे चुनाव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारत लोक सेवक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मैंने चांदनी चौक लोकसभा सीट से लड़ने का फैसला लिया है। उन्होंने बताया कि जैसा कि हम सब जानते हैं भारत लोक सेवक पार्टी वर्तमान में आरक्षण की व्यवस्था के खिलाफ है और पिछले10 सालों से इसके खिलाफ पूरे जोर से सारे देश में लड़ रही है। राजेश गुप्ता ने बताया कि मौजूदा आरक्षण व्यवस्था ही देश की सभी समस्याओं की जड़ है और यह देश को दिन पर दिन विनाश की तरफ ले जा रहा है। श्री गुप्ता ने बताया कि आरक्षण से बने डॉक्टर या बने अध्यापक



ज्यादातर सरकारी अस्पतालों में यह सरकारी स्कूलों में है और पूरे देश के सरकारी अस्पताल और सरकारी स्कूलों की क्या हालत है यह बताने की जरूरत नहीं है। इन सरकारी स्कूलों और अस्पतालों का जो प्रयोग किया जाता है वह देश की गरीब जनता के द्वारा किया जाता है। इस आरक्षण की व्यवस्था से ही सबसे ज्यादा शोषण गरीबों का हो रहा है। उन्होंने आगे बताया कि यह जनता के टैक्स का भारी दुरुपयोग है और जो टैक्स की मार पड़ रही है, वह भी सबसे ज्यादा गरीबों पर ही पड़ रही है और वही सबसे ज्यादा टैक्स दे रहे हैं टैक्स जो है उपभोक्ता देता है।

उन्होंने आगे बताया कि केंद्र की सरकार या राज्य सरकार है जो मुफ्त सरकारी सुविधा दे रही है, यह पैसा कहां से आता है यह सब पैसा हमारे उद्योग है उनके ऊपर जो टैक्स उसी से काम चलता है। उद्योगों पर जितना ज्यादा टैक्स लगेगा इतनी ही ज्यादा महंगाई बढ़ेगी अगर यह टेक्स का दुरुपयोग बंद हो जाए हमारे यहां जो उद्योग में माल बनेगा वह भी सस्ता हो जाएगा लोगों को अपना घर चलाने के लिए कम पैसे खर्च करने पड़ेंगे। इससे उनकी बचत भी होगी इसके साथ हमारा निर्यात भी बढ़ जाएगा और हमारे उद्योग ज्यादा चलने लगेंगे। इससे बेरोजगारी की भी समस्या हल हो जाएगी।

उन्होंने बताया जो चांदनी चौक की आबादी है वह ज्यादातर व्यापारी वर्ग की है जो कि वर्तमान आरक्षण व्यवस्था के बहुत खिलाफ हैं अगर उन सब ने एकजुट होकर आरक्षण के खिलाफ मत कर दिया तो यहां से भाजपा और कांग्रेस की हार निश्चित है।

# पूर्व पार्षद सुजीत ठाकुर ने चलाया अभियान, किया लोगों को जागरूक, बांटे पत्रक

**टीम एक्शन इंडिया**
नई दिल्ली: शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के हनुमान मंदिर, आयुर्वेदिक कैंप, आयुर्वेदिक कैंप सेवा बस्ती में डोर-टू-डोर अभियान चलाया गया। उक्त जानकारी पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर ने दी। इस कैंपेन में मुख्य रूप से झुग्गी-झोपड़ी चुनाव अभियान, दिल्ली प्रदेश के संयोजक व पूर्वांचल मोर्चा दिल्ली प्रदेश प्रभारी विजय भगत, दिल्ली प्रदेश प्रवक्ता महिला मोर्चा पूनम गुप्ता, जिला केशवपुरम महिला मोर्चा अध्यक्ष चंचल जैन, चांदनी चौक लोकसभा प्रत्याशी के घर से उनकी बेटी श्रद्धा खण्डेलवाल, झुग्गी-झोपड़ी चुनाव अभियान के





चांदनी चौक लोकसभा संयोजक संजय शर्मा, एवम झुग्गी झोपड़ी चुनाव अभियान के जिला केशवपुरम, जिला संयोजक विशाल पांडेय, विधानसभा संयोजक, बब्लू राय, सह संयोजक राव हंसराज, वीरेंद्र सिंह पिंटू, मंडल अध्यक्ष, संजय झा, मंडल महामंत्री सुनील ठाकुर, सौरभ पाण्डेय, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सीमा नागर, बालिंदर साहनी, विमल झा, जेपी वर्मा, बब्लू दुबे, रिंकी ठाकुर, गुड्डी, मुन्नी, आशा, वृन्दा, पवन, सुरेश, अशोक, ओमकार गुप्ता अन्य सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

इस अवसर पर पूर्व निगम पार्षद एवम सह-संयोजक, झुग्गी झोपड़ी चुनाव अभियान, दिल्ली प्रदेश सुजीत ठाकुर ने बताया कि अबकी बार 400 पार के लक्ष्य को सुगम बनाने के लिए घर-घर जाकर पत्रक बांटे व चांदनी चौक लोकसभा प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल को भारी मतों से जीत दिलवाने के लिए वोट मांगे गये। कई नेताओं ने लोगों को भाजपा के कार्यों व नीतियों से अवगत कराया।

## मियामी ओपन के फाइनल में पहुंची बोपन्ना-एडबेन की पुरुष युगल जोड़ी

**मियामी।** भारत के रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एडबेन की पुरुष युगल जोड़ी चल रहे मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई। बोपन्ना और एडबेन की जोड़ी ने सेमीफाइनल में स्पेन के मार्सेल ग्रेनोलर्स और उनके अर्जेंटीना के साथी होरासियो ज़ेबालोस पर 6-1 और 6-4 से जीत दर्ज की।

बोपन्ना और एबडेन ने पहले क्षण से ही खेल पर दबदबा बना लिया।



पहले सेट में भारत-ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ने 6-1 से जीत हासिल की। दूसरे सेट में, विरोधियों ने वापसी करने की कोशिश की लेकिन बोपन्ना और उनके साथी ने धैर्य बनाए रखा और 6-4 से जीत पक्की कर ली। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने एक्स पर लिखा,मियामी ओपन फाइनल में भव्य प्रवेश! दिग्गज और टॉप स्कीम एथलीट बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई युगल जोड़ीदार एबडेन ने स्पेन के एम. ग्रेनोलर्स और अर्जेंटीना के एच. जेबालोस को 6-1, 6-4 से हराकर सीजन के अपने तीसरे फाइनल में प्रवेश किया। इन-फॉर्म खिलाड़ी की शीर्ष पर वापसी। शाबाश! समापन समारोह के लिए बधाई और शुभकामनाएं।

## राष्ट्रीय खो खो चैंपियनशिप : पहले दिन उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र का रहा दबदबा

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में चल रही 56वीं राष्ट्रीय खो खो चैंपियनशिप में इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम और करनैल सिंह स्टेडियम में कई मुकाबले खेले गए जिसमें उत्तर प्रदेश और महाराष्ढ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीमों को जीत दिलाई।पुरुष वर्ग में उत्तर प्रदेश ने एक रोमांचक मुकाबले में गुजरात को 2 अंको से पराजित किया। अंतिम 10 सेकेंड में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने अपनी सर्वश्रेष्ठ तकनीकि और अत्यंत फूर्ती से गुजरात के 30 अंक के मुकाबले 32 अंक प्राप्त कर बाजी मारी। इस मैच में बेस्ट डिफेंडर के रुप में यूपी के सुरेश और ऑलरॉउंडर शिवम पटेल ने शानदार प्रदर्शन किया। साथ ही गुजरात के भट्ट गोविंद का प्रदर्शन भी उल्लेखनीय रहा। एक अन्य लीग मैच में कर्नाटक ने उत्तराखंड को 32-20 अंक से जीत हासिल की। वहीं एक अन्य रोमांचक मुकाबले में केरल के विषाख ने 2 मिनट 30 सेकेंड नॉट ऑउट रहते हुए 6 अंक टीम के लिए अर्जित किए और शिविन ने 2 मिनट 50 सेकेंड खेलते हुए 4 पॉइंट अर्जित कर केरल को 10 अंक और एक पारी से चंडीगढ़ के खिलाफ जीत दिला दी। महिला वर्ग में खेले गए एकतरफा मुकाबले में अश्विनि, संपदा और अपेक्षा के शानदार प्रदर्शन की बदौलत महराष्ढ ने असम को 26 अंको से हराया। एक अन्य मुकाबले में पश्चिम बंगाल ने छत्तीसगढ़ को 4 अंक से हरा दिया। कोल्हापुर और उत्तराखंड के बीच हुए मुकाबले में कोल्हापुर ने 18 अंक से जीत हासिल की।डिफेंडर कोमल और रेडर प्राची के प्रभावशाली प्रदर्शन से राजस्थान ने तेलंगाना को 8 अंको से हरा दिया। इस मुकाबले में तेलंगाना टीम की रेडर कृष्णा लाम्बा और अनुष्का ने बेहतरीन प्रदर्शन किया लेकिन अपनी टीम को जीत दिलाने में नाकामयाब रही। देर शाम हुए एक अन्य मुकाबले में आंध्रप्रदेश ने झारखंड को 14 अंको से पराजित किया। आंध्रप्रदेश ने हेमवती की शानदार डिफेंड और पूजिता के शानदार अटैक के दमपर 34 अंक प्राप्त किये जबकि झारखंड को 20 अंक से ही संतोष करना पड़ा।

## गिलेस्पी ने साउथ ऑस्ट्रेलिया और एडिलेड स्ट्राइकर्स के मुख्य कोच पद से दिया इस्तीफा

**एडिलेड।** जेसन गिलेस्पी ने साउथ ऑस्ट्रेलिया और एडिलेड स्ट्राइकर्स के मुख्य कोच पद से इस्तीफा दे दिया है। यह अपडेट साउथ ऑस्ट्रेलिया के लिए निराशाजनक सीज़न के अंत में आया, जो छह-टीम शेफ़ील्ड शील्ड तालिका में पांचवें स्थान पर रहा। हालाँकि, स्ट्राइकर्स ने पर्थ स्कॉर्चर्स के खिलाफ नॉकआउट जीतकर बीबीएल प्लेऑफ़ में जगह बनाई, लेकिन अंतिम चैंपियन ब्रिस्बेन हीट से हार गया। एसोसिएशन ने एक बयान में कहा कि वह नौ साल के कार्यकाल के बाद जून के अंत में साउथ ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट एसोसिएशन (एसएसीए) के साथ अपनी भूमिका समाप्त कर देंगे। गिलेस्पी ने बिग बैश लीग (बीबीएल) 2015-16 सीज़न से पहले स्ट्राइकर्स के मुख्य कोच के रूप में पदभार संभाला, उन्होंने नौ सीज़न तक टीम का नेतृत्व किया। इस दौरान टीम ने बीबीएल 7 का खिताब जीता और कई बार फाइनल में जगह बनाई। इसके बाद वह 2020/21 की गर्मियों से पहले पूर्णकालिक रूप से साउथ ऑस्ट्रेलिया लौट आए, और कई प्रमुख दिग्गजों की सेवानिवृत्ति के कारण हुए बदलाव के समय में रेडबैक की बागडोर संभाली।

## तीन मैचौं की टी-20 श्रृंखला के लिए मई में आयरलैंड का दौरा करेगा पाकिस्तान

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शुक्रवार को पाकिस्तान के आयरलैंड दौरे के कार्यक्रम की घोषणा की। पाकिस्तान आयरलैंड दौरे पर तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी। तीनों मैच क्रमशः 10, 12 और 14 मई को डबलिन के कैसल एवेन्यू में खेले जाएंगे।

यह श्रृंखला संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्ट इंडीज में टी20 विश्व कप के लिए पाकिस्तान की 12 मैचों की तैयारी का हिस्सा है। पाकिस्तान के आयरलैंड रवाना होने से पहले, न्यूजीलैंड पांच टी20 मैच खेलने के लिए अप्रैल में पाकिस्तान पहुंचेगा, जिसका पहला मैच 18 अप्रैल को होगा। अंतिम मैच 27 अप्रैल को होगा। इसके बाद, पाकिस्तान इंग्लैंड के चार टी-20 मैचों के दौरे पर जाएगा, जो 22 मई से शुरू होगा। पाकिस्तान की आयरलैंड की आखिरी यात्रा 2018 में मेजबान टीम के उद्घाटन टेस्ट मैच के दौरान हुई थी। यह आखिरी बार भी था जब दोनों टीमें विभिन्न प्रारूपों में भिड़ी थीं। पाकिस्तान को जुलाई 2020 में डबलिन में दो टी20 मैचों




में आयरलैंड से खेलना था, हालांकि, उन्हें कोविड-19 महामारी के कारण स्थगित कर दिया गया था।

इस बीच, आयरलैंड इस महीने की शुरुआत में संयुक्त अरब अमीरात में अफगानिस्तान के खिलाफ एकदिवसीय और टी20ई श्रृंखला हारने के बाद पाकिस्तान के खिलाफ टी20 खेलेगा। हालांकि आयरलैंड ने दौरे की शुरुआत में अबू धाबी में अफगानिस्तान के खिलाफ ऐतिहासिक पहली टेस्ट जीत हासिल की थी। पाकिस्तान और आयरलैंड जून में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप की तैयारी कर रहे हैं और टूर्नामेंट के पहले ग्रुप चरण में 16 जून को एक-दूसरे से भिड़ेंगे।

## चीन की राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टीम के पूर्व मुख्य कोच पर चल रहा मुकदमा

### रिश्वतखोरी के कई आरोप

**वुहान।** चीन की राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टीम के पूर्व मुख्य कोच ली टाई पर मध्य चीन के हुबेई प्रांत के इंटरमीडिएट पीपुल्स कोर्ट ऑफ जियानिंग में मुकदमा चलाया गया।

सिन्हुआ के अनुसार, ली पर राष्ट्रीय पुरुष फुटबॉल टीम के मुख्य कोच के रूप में काम करने के साथ-साथ स्थानीय फुटबॉल क्लबों के लिए काम करने के दौरान रिश्वत देने और लेने का आरोप लगाया गया था।

अभियोजकों के अनुसार, 2019 से 2021 तक, ली ने राष्ट्रीय टीम और राष्ट्रीय चयन टीम के मुख्य कोच के रूप में अपने पदों का लाभ उठाते हुए, राष्ट्रीय टीम के लिए खिलाड़ियों के चयन, मैच, और क्लबों के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर करने जैसे मामलों में संबंधित संगठनों और व्यक्तियों को सहायता प्रदान की। इस अवधि के दौरान उन्होंने दूसरों से अवैध रूप से कुल मिलाकर 50.89 मिलियन युआन (लगभग 7.04 मिलियन अमेरिकी डॉलर) से



अधिक प्राप्त किया। उन पर 2015 से 2019 तक स्थानीय फुटबॉल क्लबों के लिए काम करने के दौरान किए गए कई रिश्वतखोरी अपराधों का भी आरोप लगाया गया था। अभियोजकों ने अदालत में अपने साक्ष्य प्रस्तुत किए, जिनकी प्रतिवादी और उनके बचाव पक्ष के वकील ने जिरह की। ली ने अपना दोष स्वीकार किया और अपने अंतिम बयान में पश्चाताप व्यक्त किया। निर्णय उचित समय पर घोषित किया जाएगा।

## अंजू बॉबी ने ओलंपिक के लिए नीरज चोपड़ा को भारत का ध्वजवाहक नहीं मानने के आईओए के फैसले पर उठाया सवाल

**नई दिल्ली।** प्रतिष्ठित भारतीय एथलीट अंजू बॉबी जॉर्ज ने आगामी पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए 'गोल्डन ब्वाय' नीरज चोपड़ा को भारत का ध्वजवाहक नहीं मानने के भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के फैसले पर सवाल उठाया है।

बता दें कि इस महीने की शुरुआत में, आईओए ने शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी शरथ कमल को आगामी पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए भारतीय टीम का ध्वजवाहक और ओलंपिक कांस्य पदक विजेता एमसी मैरी कॉम को ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए शेफ डे मिशन के रूप में नामित किया था।

राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों के पदक विजेता ने इंस्टाग्राम पर नीरज को ध्वजवाहक नहीं मानने के आईओए के फैसले पर सवाल उठाया और लिखा, आश्चर्य की बात है कि भारतीय ओलंपिक संघ ने हमारे



गोल्डन ब्वाय नीरज चोपड़ा को 2024 ओलंपिक खेलों के लिए ध्वजवाहक नहीं माना.. ?? (टेबल टेनिस सहित सभी महासंघों ने अभी तक ओलंपिक के लिए टीम की घोषणा नहीं की है) ?अंततः स्थिति के अपने आकलन के आधार पर नीरज ध्वजवाहक के लिए पहली पसंद हैं.. फिर भी..क्यों ???...। ??

बता दें कि विश्व के 88वें नंबर के खिलाड़ी शरथ कमल ने रिकॉर्ड 10 बार राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप जीती है। उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में सात स्वर्ण सहित 13 पदक जीते हैं। उन्होंने एशियाई खेलों में भी दो पदक जीते हैं। दिग्गज टीटी खिलाड़ी विश्व चैंपियनशिप में तीन बार कांस्य पदक विजेता भी हैं।

मैरी मुक्केबाजी इतिहास में छह विश्व खिताब पर कब्जा करने वाली पहली महिला मुक्केबाज हैं। पांच बार की एशियाई चैंपियन 2014 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला मुक्केबाज थीं।अनुभवी मुक्केबाज ने लंदन 2012 ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीता, उनसे कोई भी रिकॉर्ड या खिताब अछूता नहीं रहा है।

ओलंपिक खेल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होंगे।

## आईपीएल 2024: केकेआर ने अल्लाह गजनफर और राजस्थान ने केशव महाराज को टीम से जोड़ा

**दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में एक सप्ताह के खेल होने के बाद दो फ्रेंचाइजी टीमों कोलकाता नाइटराइडर्स और राजस्थान रॉयल्स ने एक-एक रिप्लेसमेंट की घोषणा की है। कोलकाता ने जहां चोटिल गेंदबाज मुजीब उर रहमान की जगह अफगानिस्तान के ही 16 साल के मिस्ट्री स्पिनर अल्लाह गजनफर को स्क्वॉड में शामिल किया है। वहीं, राजस्थान ने तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा की जगह दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर केशव महाराज को स्क्वॉड में जोड़ा है। आईपीएल की ओर सेजारी आधिकारिक बयान में बताया गया है कि उक्त दोनों फ्रेंचाइजियों ने खिलाड़ियों की चोट को देखते हुए यह बदलाव किया है। बयान के अनुसार कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुजीब उर रहमान के स्थान पर अल्लाह गजनफर को शामिल किया है। तो केशव महाराज प्रसिद्ध कृष्णा के स्थान पर राजस्थान रॉयल्स की टीम से जुड़े हैं।

अफगानिस्तान के इस 16 वर्षीय युवा गेंदबाज अल्लाह गजनफर ने अबतक 2 एकदिवसीय मैच खेले हैं। जबकि 3 टी20 और 6 लिस्ट-ए मैच का अनुभव उनके पास है। केकेआर ने गजनफर को उनके बेस प्राइस 20 लाख रुपये पर स्क्वॉड में शामिल किया है।

उधर, दक्षिण अफ्रीका के स्पिन गेंदबाज केशव महाराज पहले लखनऊ सुपर जायंट्स के साथ नेट गेंदबाज के तौर पर जुड़े थे। ऐसे में जब प्रसिद्ध कृष्णा ने हाल ही में बाएं क्वाड्रिसेप्स की सर्जरी कराई तब राजस्थान ने केशव को अपनी टीम के साथ जोड़ा। राजस्थान रॉयल्स ने केशव महाराज को बेस प्राइज 50 लाख रुपये में स्क्वॉड में शामिल किया है। केशव ने 27 टी20 इंटरनेशनल, 44 एकदिवसीय और 50 टेस्ट मैच खेले हैं।

## दिल्ली के खिलाफ शानदार पारी खेलने के बाद रियान पराग ने कहा-पिछले तीन दिनों से बिस्तर पर था

**जयपुर।** राजस्थान रॉयल्स के ऑलराउंडर रियान पराग, जिन्होंने घरेलू टीम को दिल्ली कैपिटल्स पर 12 रन से जीत दिलाई, ने कहा कि मैच से पहले वह अस्वस्थ महसूस कर रहे थे और उन्हें मैदान पर उतरने से पहले दर्दनिवारक दवाएं लेनी पड़ीं। राजस्थान ने सवाई मानसिंह स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स पर 12 रन से जीत हासिल कर घरेलू टीम के विजयी होने का सिलसिला जारी रखा। गुरुवार रात खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान की टीम 7.2 ओवर के बाद 36 रन पर 3 विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी, हालांकि, पराग बल्लेबाजी करने आए और उन्होंने 45 गेंदों में नाबाद 84 रनों की पारी खेलकर अपनी टीम को 20 ओवर में 5 विकेट पर 185 रनों के कुल स्कोर तक पहुंचा दिया। पराग ने मैच के बाद कहा, मैंने बहुत कड़ी मेहनत की है, पिछले तीन दिनों से मैं बिस्तर पर था, मैं दर्दनिवारक दवाएं ले रहा था, मैं आज ही उठा हूं और मैं बहुत खुश हूं।

ऑलराउंडर ने आईपीएल




2024 में शानदार शुरुआत की और राजस्थान के लाइनअप में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए एक परिभाषित भूमिका से लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने आईपीएल 2024 की शानदार शुरुआत के लिए अपने घरेलू फॉर्म को श्रेय दिया। उन्होंने कहा, मुझे पता है कि मेरी अपने बारे में क्या राय है। मेरा घरेलू सीज़न बहुत अच्छा रहा और इससे मदद मिली। इसमें से कोई शीर्ष चार को 20 ओवर खेलने हैं, विकेट नीचा रह रहा था और रुक रहा था, पहले गेम में संजू भैया ने ऐसा किया था। बता दें कि राजस्थान की यह घरेलू मैदान पर नौ मैचों में लगातार नौवीं जीत है। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया।

राजस्थान की टीम एक समय केवल 36 रन पर यशस्वी जयसवाल (05), जोस बटलर (11) और कप्तान संजू सैमसन (15) के विकेट खोकर संघर्ष कर रही थी, यहां से पराग (नाबाद 84) ने रविचंद्रन अश्विन (29) ध्रुव जुरेल (20) और शिमरोन हेटमायर (नाबाद 14) के साथ मिलकर राजस्थान को 20 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 185 रन तक पहुंचा दिया।

## इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी20 मैच से बाहर हुई सोफी डिवाइन

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन क्वाड इंजरी के कारण इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी20 मैच से बाहर हो गई हैं। डिवाइन को बुधवार को चौथे टी20 मैच के दौरान गेंदबाजी करते समय चोट लगी थी। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि स्कैन से पुष्टि हुई है कि डिवाइन को ग्रेड वन क्वाड स्ट्रेन हुआ है जिसके लिए थोड़े समय के पुनर्वास की आवश्यकता होगी। वह वेलिंगटन में टीम के साथ रहेंगी, जहां पांचवां टी20 मैच खेला जाएगा, और नर्वास कार्यक्रम से गुजरेंगी। 1 अप्रैल से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में उनकी भागीदारी पर बाद में फैसला लिया जाएगा। जॉर्जिया प्लिमर, जो न्यूजीलैंड ए टीम के साथ थीं, को डिवाइन के प्रतिस्थापन के रूप में टीम में बुलाया गया है। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा, हम स्पष्ट रूप से सोफी के लिए निराश हैं, लेकिन अब ध्यान उसे यथासंभव एकदिवसीय श्रृंखला के लिए उपलब्ध कराने पर है। अगले कुछ दिनों तक सोफी पर नज़र रखी जाएगी और इससे हमें बेहतर अंदाज़ा मिलेगा कि सोमवार को पहले गेम से पहले उसकी उपलब्धता क्या है। एकदिवसीय श्रृंखला हमारे लिए एक महत्वपूर्ण श्रृंखला है, जिसमें आईसीसी एकदिवसीय चैम्पियनशिप अंक दांव पर हैं, इसलिए हमें उम्मीद है कि सोफी जल्दी ठीक हो जाएंगी। न्यूजीलैंड बेहद चाहेगा कि जब एकदिवसीय मैच शुरू हो तो डिवाइन को टीम में शामिल किया जाए, क्योंकि टीम ने एक मैच बाकी रहते टी20 सीरीज अपने नाम कर ली है। डिवाइन अब तक श्रृंखला में न्यूजीलैंड के लिए बेहतर प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों में से एक रही हैं, उन्होंने दो पारियों में 150.98 की स्ट्राइक रेट से 77 रन बनाए और चार विकेट लिए।

## राजीव शुक्ला नहीं चाहते उप्र.की चार टीमें बने : अशोक बॉम्बी

**झांसी।** मैं पिछले चार वर्ष से इस बात की लड़ाई लड़ रहा हूं कि प्रदेश में चार टीमें होनी चाहिए तभी सभी होनहार खिलाड़ियों को मौका मिल पाएगा। यह बात उत्तर प्रदेश के पूर्व रणजी खिलाड़ी व चयनकर्ता रहे अशोक बॉम्बी ने खेल विशेषज्ञ बृजेन्द्र यादव से बातचीत में कही। उन्होंने कहा राजीव शुक्ला व कुछ अन्य लोग यह नहीं चाहते हैं कि प्रदेश में चार टीमें बने। इसका प्रस्ताव मैंने अपेक्स काउंसिल की मीटिंग में भी रखा था, जिसे डाबर साहब ने अनुमोदित किया था। लेकिन राजीव शुक्ला ने इस बात को बीसीसीआई के पटल पर रखना उचित नहीं समझा। मेरा यह मानना है कि उत्तर प्रदेश में जोकि आबादी के अनुसार देश का सबसे बड़ा राज्य है उसमें चार टीमें होनी चाहिए। क्योंकि



जहां महाराष्ट्र और गुजरात में तीन तीन टीम है तो उत्तर प्रदेश में चार टीमें क्यों नहीं? हमारे खिलाड़ियों के साथ कब तक यह सौतेला व्यवहार चलता रहेगा। मेरे विचार से इसके दो ही तरीके हैं एक तो तरीका है आंदोलन का जिसमें प्रदेश के सभी खिलाड़ी आगे आए विशेष करके भूतपूर्व प्रथम श्रेणी के खिलाड़ी। इसमें अपनी अपनी सहमति दे और दूसरा प्रदेश में चार टीमें बनाने का जो अभियान है। उसमें अगर कोई कुछ कर सकता है तो वह हमारे मुख्यमंत्री योगी व प्रधानमंत्री मोदी ही कर सकते हैं। बाकी राजीव शुक्ला ने बीसीसीआई में अपनी ऐसी पैठ बना रखी है कि वे प्रदेश मे चार टीमें होने नहीं देंगे। इसके साथ ही साथ लखनऊ में आईपीएल मैच के दौरान स्टेडियम की दर्शक दीर्घा में तमाम खिलाड़ी बैनर लेकर बैठे और टीवी के माध्यम से अपनी आवाज को बुलंद करें। मेरे विचार से यह अच्छा होगा कि मैच के दौरान जो इस अभियान को तेजी मिलेगी वह और किसी माध्यम से मिलना संभव नही है । हम लोग अगले सत्र व लोकसभा के चुनाव का इंतजार ना करें बल्कि यह एक अच्छा अवसर है जिसके द्वारा हम अपनी उचित मांग को मनवाने में कामयाब होंगे।

## राष्ट्रीय खो खो चैंपियनशिप : पहले दिन उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र का रहा दबदबा

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में चल रही 56वीं राष्ट्रीय खो खो चैंपियनशिप में इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम और करनैल सिंह स्टेडियम में कई मुकाबले खेले गए जिसमें उत्तर प्रदेश और महाराष्ढ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी टीमों को जीत दिलाई। पुरुष वर्ग में उत्तर प्रदेश ने एक रोमांचक मुकाबले में गुजरात को 2 अंको से पराजित किया। अंतिम 10 सेकेंड में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने अपनी सर्वश्रेष्ठ तकनीकि और अत्यंत फूर्ती से गुजरात के 30 अंक के मुकाबले 32 अंक प्राप्त कर बाजी मारी।इस



मैच में बेस्ट डिफेंडर के रुप में यूपी के सुरेश और ऑलरॉउंडर शिवम पटेल ने शानदार प्रदर्शन किया। साथ ही गुजरात के भट्ट गोविंद का प्रदर्शन भी उल्लेखनीय रहा।एक अन्य लीग मैच में कर्नाटक ने उत्तराखंड को 32-20 अंक से जीत हासिल की। वहीं एक अन्य रोमांचक मुकाबले में केरल के विषाख ने 2 मिनट 30 सेकेंड नॉट ऑउट रहते हुए 6 अंक टीम के लिए अर्जित किए और शिविन ने 2 मिनट 50 सेकेंड खेलते हुए 4 पॉइंट अर्जित कर केरल को 10 अंक और एक पारी से चंडीगढ़ के खिलाफ जीत दिला दी।महिला वर्ग में खेले गए एकतरफा मुकाबले में अश्विनि, संपदा और अपेक्षा के शानदार प्रदर्शन की बदौलत महराष्ढ ने असम को 26 अंको से हराया। एक अन्य मुकाबले में पश्चिम बंगाल ने छत्तीसगढ़ को 4 अंक से हरा दिया। कोल्हापुर और उत्तराखंड के बीच हुए मुकाबले में कोल्हापुर ने 18 अंक से जीत हासिल की।

डिफेंडर कोमल और रेडर प्राची के प्रभावशाली प्रदर्शन से राजस्थान ने तेलंगाना को 8 अंको से हरा दिया। इस मुकाबले में तेलंगाना टीम की रेडर कृष्णा लाम्बा और अनुष्का ने बेहतरीन प्रदर्शन किया लेकिन अपनी टीम को जीत दिलाने में नाकामयाब रही। देर शाम हुए एक अन्य मुकाबले में आंध्रप्रदेश ने झारखंड को 14 अंको से पराजित किया। आंध्रप्रदेश ने हेमवती की शानदार डिफेंड और पूजिता के शानदार अटैक के दमपर 34 अंक प्राप्त किये जबकि झारखंड को 20 अंक से ही संतोष करना पड़ा।

## गोल्फ के वैश्विक नियम बनाने वाली संस्था ने भारत में खेल को बढ़ावा देने के लिए इंडियन गोल्फ यूनियन को दिया समर्थन

**गुरुग्राम।** भारतीय गोल्फ की प्रगतिशील सोच और इसमें मौजूद संभावनाओं को गोल्फ की नियामक संस्था आर एंड ए ने जोरदार सराहना की है। आर एंड ए पूरे विश्व में गोल्फ खेल की नियम बनाने वाली संस्था है और गोल्फ खेल को बढ़ावा देने के लिए पूरी दुनिया की संस्थाओं को मदद करती है। आर एंड ए अधिकारी नील ग्राहम, डेवलपमेंट मैनेजर, मध्य-पूर्व एशिया और भारत, साथ ही जेरोम एनजी, क्षेत्रीय निदेशक, डेवलपमेंट (एशिया-पैसिफिक) भारत में गोल्फ की संभावनाओं और विभिन्न भावी परियोजनाओं पर आयोजित सेमिनार में चर्चा के लिए भारत आए हुए हैं।इंडियन गोल्फ यूनियन को खेल के लिए सहायता देने पर ग्राहम ने कहा, ÷आर एंड ए की ओर से सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण भूमिका 145 देशों में हमारे सहयोगियों का समर्थन करना है। भारत बड़ा देश है और यहां काफी अवसर है। हमारा मानना है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हम गोल्फ को विकसित करने की पहल और कार्यक्रमों में इंडियन गोल्फ यूनियन का समर्थन करें।'

ग्राहम की भावनाओं को दोहराते हुए जेरोम एनजी ने कहा, 'भारत निश्चित रूप से नवाचार के लिए हमारे प्रमुख फोकस बाजारों में से एक है। यही कारण है कि हमने वास्तव में इस सप्ताह आईजीयू के साथ रणनीति कार्यशाला की मेजबानी की। मुझे लगता है कि हमारे पास एक पूरा दिन था जहां हमने वास्तव में परिषद के सदस्यों की मेजबानी की और आने वाले दिनों में भारतीय गोल्फ के लिए क्या रास्ते हैं, इस पर विचार-विमर्श करने के लिए एक साथ आए। मुझे लगता है कि भारतीय गोल्फ का भविष्य उज्ज्वल है।' आईजीयू के अध्यक्ष ब्रिजिंदर सिंह भारत में आर एंड ए द्वारा दिखाए



जा रहे समर्थन और रुचि से बहुत संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा, 'किसी भी समझौते में दोनों पक्षों को एक-दूसरे को समझने की जरूरत होती है। इसलिए हम आर एंड ए के साथ अपने संबंधों से बहुत खुश हैं। नील (ग्राहम) बहुत सहायक रहे हैं और दुनिया भर में प्रचलित सर्वोत्तम प्रथाओं के बारे में हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने भारत आने के इस अवसर का लाभ उठाया, उन्होंने हमारी पूरी परिषद की मेजबानी की, हमारे पास पूरे दिन का विचार-मंथन सत्र था। उन्होंने अपना समय निवेश किया और इस सम्मेलन का आयोजन किया। हमने बहुत सी ऐसी बातें समझे जिनके बारे में हमने नहीं सोचा था। हमें जो भी अच्छी जानकारी मिली है हम उसका उपयोग करेंगे। हम आर एंड ए के निरंतर समर्थन की आशा करते हैं।' ग्राहम ने गोल्फ को और अधिक आकर्षक बनाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा, 'सबसे पहले, हमें यह समझना होगा कि लोग क्या कह रहे हैं, चाहे वह गोल्फ सर्कल के भीतर हो या हितधारकों के भीतर। हमें समझना होगा कि उनकी जरूरतें क्या हैं। यह महत्वपूर्ण है कि हम गोल्फ के खेल के प्रति धारणा को बेहतर बनाने पर ध्यान दें। हम समझते हैं कि यहां भारत में, क्रिकेट नंबर-1 खेल है, इसमें बहुत समय लगता है और इसमें कई संभावित अवसर लगते हैं। लेकिन हम खेल की धारणा को बदलने, इसे और अधिक आकर्षक बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय महासंघों के साथ मिलकर काम करते हैं। हम खेल को अधिक आकर्षक और अधिक सुलभ बनाने के लिए इसके कई छोटे कोर्स प्रारूप बनाते हैं।' आर एंड ए की योजना भारत का नियमित दौरा करने और न केवल प्रगति की निगरानी करने की है, बल्कि जूनियर स्तर पर भविष्य की परियोजनाएं स्थापित करने की भी है।

